॥ अथ सर्वतोभद्र मण्डलम् ॥

॥ अथ चतुर्लिंगतो भद्र मण्डलम् ॥

मिथिलादेशीय मकरन्दानुसार

वैदेही पञ्चाङ्गम्

जगल्लग्नम्–३।०३



विक्रमसंवत्	२०८३–०८४
लक्ष्मणसंवत्	६१७–६१८
कलिसंवत्सरः	५१२८

राजा– शनिः	मन्त्री– मंगल
वर्षा – १७	धान्य– ११

सन् १४३४ साल

वर्षलग्नम्–११।१७



शालिवाहनशकाब्दः	१९४८–४९
भारतीयस्वतन्त्राब्दः	७९–८०
ईसवीय सन्	२०२६–०२७

मूल्यः रु. १०

॥ अथ गौरीतिलक मण्डलम् ॥
(दुर्गा पूजा प्रतिष्ठा समये)

॥ अथ गृहवास्तु चक्रम् ॥



परामर्शकः- पं.श्रीरामचन्द्र झा, सम्पादक- पं.श्री अजय मिश्र (सिद्धान्त, फलित् ज्योतिषाचार्य, बनारस), सहयोगी-पं.तीर्थेश्वर झा, उत्तकर्ष मिश्र, अपराजिता मिश्र

प्रकाशकः- मिथिला पब्लिकेशन, जयदीप भवन, खजाँचीरोड, पटना-०४, मो.७२७७९२७५३६

विक्रमसंवत् २०८३–२०८४

॥ अथ हरिहरात्मक मण्डलचक्रम् ॥

॥ चतुः षष्टिपदं वास्तुमण्डलचक्रम्॥



॥ एक लिंगतोभद्रचक्रम् ॥



॥ अथ गणपति भद्र मण्डलम् ॥

॥ अथ सूर्यभद्र मण्डलम् ॥



॥ चतुः षष्ठियोगिनीचक्रम्॥



॥ क्षेत्रपालचक्रम्।



षोडशमातृकाचक्रम्

ॐ आत्मनः कुलदेवतायै नमः १७	ॐ लोकमातृभ्यो नमः १३	ॐ देवसेनायै नमः ९	ॐ मेधायै नमः ५
ॐ तुष्ट्यै नमः १६	ॐ मातृभ्यो नमः १२	ॐ जयायै नमः ८	ॐ शच्यै नमः ४
ॐ पुष्ट्यै नमः १५	ॐ स्वाहायै नमः ११	ॐ विजयायै नमः ७	ॐ पद्मायै नमः ३
ॐ धृत्यै नमः १४	ॐ स्वधायै नमः १०	ॐ सावित्र्यै नमः ६	ॐ गौर्यै नमः २ ॐ गणेशाय नमः १

अथ वसोर्धारा चक्रम्

पूर्व

॥श्री॥

नवग्रह चक्रम्

पूर्व



पश्चिम

तोरणद्वारचक्रम्



वैदेहीपंचांग सदस्य एवं समर्थक-

सम्पूर्ण विवरण नही होने के कारण कुछ समर्थकों का संकेत नही दिया गया हैं, संपर्क करें-संपादक

पूज्यगुरुदेव स्वर्गीय शक्तिनाथ झा दुल्हा,मधुबनी
डॉ मृत्युञ्जय झा अध्यक्ष संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना
डॉ. दिनेश झा प्राचार्य म.अ.रमेश्वरलता संस्कृत महाविद्यालय,दरभंगा
डॉ. रामसेवक झा सह-प्रायार्च म.अ.रमेश्वरलता संस्कृत महाविद्यालय,दरभंगा
प्रो. राधारमण ठाकुर देवघर
श्रीमति उषा मिश्र साहित्याचार्य,नारायणपुर
डॉ. इन्द्रकान्त झा राजेन्द्र नगर पटना
पं.श्री भुवनेश्वर मिश्र हरपुरकला,सीतामढ़ी
पं.श्री बाबू लाल मिश्र हरपुरकला,सीतामढ़ी
पं.श्री गंगाधर झा, भलोहिया,रौतहट,नेपाल
पं.श्री गंगेश मिश्र नैनही,महोत्तरी,नेपाल
पं.श्री ललित मिश्र मत्सरी, नेपाल
डॉ. रामकुमार झा श्रीजगदम्बा सं.म.वि.दरभंगा
डॉ.गोविन्द चौधरी जनकपुर,
प.श्रीपुण्यकान्त झा मुज्फ्फरपुर
पं.श्रीचन्द्रभूषण ठाकुर, बेगूसराय
पं.श्री.संजीव कुमार झा कल्याणपुर, समस्तीपुर
पं.श्री शिव कुमार मिश्र बजलपुरा,तेघड़ा,बेगूसराय
पं.श्री उमाकान्त ठाकुर, रामदीरी (नकटी),
पं.श्री विजय झा (विट्टू) पिढ़ौली,तेयरा,जि.बेगूसराय
पं.श्री उमाकातन्त झा .तीयाय,बेगूसराय
पं.श्री योगेश झा(मन्टुन) गोधना, भाया- बछवाड़ा
पं.श्री राजमोहन झा, वनगॉव,वाजपटी, सीतामढ़ी
आचार्य कैलाश पति झा ज्योतिषाचाय बेगूसराय
पं.श्री शचीन्द्र नाथ मिश्र (रिक्तहस्त) गोसपुर-सुपौल
डॉ. कृष्णानन्द झा, मिर्चाई बाड़ी, जिला-कटिहार
डॉ. सुशील कुमार झा शिवसिंहपुर, दरभंगा

पं.श्रीउदयकान्त मिश्र करिहारा
पं. श्रीवद्रीनारायण चौधरी,
पं. श्रीहितचन्द्र झा, वघाँत,
पं.श्री मोहनानन्द झा,खाड़ा,सहरसा
पं.श्री दयाकान्त झा, समस्तीपुर
पं.श्रीबंशीधर झा हाईस्कूल तेलता
आचार्य नीरज कुमार मिश्र, रीगा
पं.श्रीनीरज कुमार,दरभंगा
पं.श्रीदुर्गानन्द झा वेदाचार्य
डॉ.राघव झा, पटना
पं.दिगम्बर ठाकुर बेगुसराय
डॉ. नवनीत कुमार सहरसा।
डॉ.रिपुसूदन झा मुजफ्फरपुर
डॉ.विनय कुमार झा सिरहुल्ली,
पं.श्रीगोविन्द झा, नरगा,सीतामढ़ी
पं.श्री मदन कुमार चकफतेया सं.वि.
पं.श्री ललित मिश्र मत्सरी,नेपाल
पं.श्री गंगेश मिश्र नैनही नेपाल
पं.श्री दीपेन्द्र झा बलरा सर्लाही
पं.श्री ललित झा सीतामढ़ी
पं.श्री मनबोध झा जनकपुर
पं.श्री नवीन झा जनकपुर
डॉ कौशल किशोर झा वैरगनियाँ
प.श्री कमलेश पाठक बहेड़ा जरीसो

श्री मङ्गलमूर्त्तये नमः,श्रीसरस्वत्यै नमः

कलिसंवत् ५१२७-२८, शकाब्दः१९४८-४९, विक्रमसंवत् २०८३-८४, सन् १४३४ साल, लक्ष्मणसंवत् ९१७-९१८, खृष्टाब्दः२०२६-२७ ई.

रौद्र नामक संवत्सरफलम्-

अल्पतोयास्तथा नरः कीटाश्च शलभाः शुकः। विकृताः पार्थिवाः देवि रौद्रवर्षे वरानने।।

राजा-शनि फल-

सर्वोपद्रवतो नरः क्षतमना नशन्त्यथो जन्तवो राष्ट्रोपद्रव वाच्यता निगदिता विप्रेषु साधुष्वपि पीड्यन्ते च समीरणाद् वहुजनाः प्रासादहर्म्यादयो निःशब्दा वसुधा निहन्ति च जलं नस्युःशनौ शालयः।।

संवाहक(मंगल) शनि फल-

वायुर्वाति महीरुहस्यपतनं भूकम्पसंक्षोभिता पृथ्वी शैलमहतिश्रृंगपतनं लोकस्य नाशः सदा। पीड़ा गोमहिषयाश्व कुंजर पशोर्घोरा महीभीतिदा-शस्यानां च विनाशरुणतरा सम्वाहके भूमिजे।।

पालक-सूर्य फल-

सूर्यो लाघवतां व्रजन्ति जलदा मन्दान्नयुक्ता मही रोगैः पित्तज्वरातिसारसाहितैः शस्यै विनष्टाहठात्।। राजानो राष्ट्रवादाः पुरजनसहिताः यान्तियुद्धैकचित्ता,अर्कज्वालाभितप्ता चलति वसुमती पालके तीक्ष्णरशमै।।

मेघेश-शुक्रः फल-

शुक्रे शस्ययुता पृथ्वी जलदास्तोयवर्षिणः।

तोयेश-शनि फल-

मन्दे मन्दजला मेघा मन्दशस्ययुता मही। तोयाधिपानामेतत्तु फलं वदति भागुरिः।

शस्येश-खाद्यमन्त्री-

गुरु फल- अनेक धनसम्पन्ना नन्दन्तिं नरपालकाः। शस्यवृद्धिकरीवृष्टिर्देवपूज्ये सदा भवेत्।।

लोकेश-गृहमन्त्री-चन्द्र फल-

स्वस्थाः कीर्तियुता लोका धनाम्बरविभूषिताः। हर्षोत्सवक्रियायुक्ताः शीतांशौ च नराधिपे।

संवर्त्तकनाम-पुष्कर फल-

पुष्करे चित्रितं विश्वं चित्रिता जलदाः सदा। चित्रिता तु भवेद्वृष्टिः शस्यवृद्धिस्तु चित्रिता।

आय-व्यय २०८३-२०८४

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आय	१४	८	११	५	८	२	११	१४	२	५	५	२
व्यय	१४	८	५	५	१४	११	५	१४	८	२	२	८
फल	कलेश	विजय	विजय	लाभ	अपवाद	विजय	विजय	कलेश	लाभ	सम्मान	सम्मान	लाभ

पञ्चाङ्ग देखने की विधिः-

वैदेही पंचांग का देशान्तर ११३५, अक्षांश २६।३५, पलभा ६ है।

इस पञ्चाङ्ग में सर्वप्रथम दण्डात्मक दिनमान उसके बाद तिथि, सूर्यादि दिन का नाम एवं तिथि का दण्डात्मक मान तिथि का घण्टा, मिनट उसके बाद नक्षत्र का नाम एवं दण्ड पल एवं घण्टा मिनटात्मक मान उसके बाद योग का नाम, दण्डात्मक एवं मिनटात्मक मान उसके बाद पूर्वार्ध करण का नाम एवं दण्डात्मक मान उसके बाद मेषादि राशि में चन्द्रमा के भुक्तकाल का दण्डात्मक एवं घण्टात्मक मान उसके बाद क्रमशः घण्टा मिनटात्मक सूर्योदय एवं सूर्यास्त तथा मिश्रमान कालिक स्पष्टराश्यादि सूर्य का भोगकाल एवं राष्ट्रिय,नेपाली एवं अंग्रेजी दिनांक तत्पश्चाद् मुहूर्त्त पर्वादि दिये गये हैं । यथा-प्रथम श्रावण कृष्ण पक्ष गुरु वार को प्रतिपदातिथि का दण्डात्मक मान ३८।३६, रा.८।४१ तक, नक्षत्र **श्रवण** का दण्डपल ३२।०२ सं.६।१० तक, योग **आयुष्यमान** दण्डात्मक मान ४६।५४, करण बालव दण्डात्मक मान ६।५४, चन्द्र का भुक्त-**धनु** राशि में अहोरात्र। सूर्योदय ५ बजकर २१ मिनट पर तथा सूर्यास्त ६ बजकर २६ मिनट पर, सूर्य **कर्क** राशि के १२ अंश ४६।४१ कला-विकला पर भोग कर रहा है, ऐसा समझना चहिए। राष्ट्रिय ८, नेपाली श्रावण मास के १४ गते तथा अंग्रेजी दिनांक ३० जुलाई समझना चाहिए। उसी पंक्ति में धर्मशास्त्रादि दिया गया है। इस पञ्चाङ्ग के निचले भाग में मिश्रमानकालिक राश्यादि दैनिक स्पष्ट ग्रह एवं दण्डपलात्मक मिश्रमान दिया गया है। तदनन्तर दैनिक लग्न सारणी दी गई है। पंण्डितो का सुलभता के लिए अर्धप्रहरा का घण्टात्मक मान दिया गया है। सुविधा की दृष्टि से प्रतिदिन सूर्योदयकालिक लग्न का समाप्तिकाल मानक समय के अनुसार दिया गया है। साथ ही उपयोगी विविध विषय भी दिये गये हैं।

वर्षादिविश्वा २०८३-०८४

वर्षा-१७ धान्यम्-११, शीतम्-१३, तृण-५, उष्ण-१५, वायु-१३, वृद्धिः१५, विनाशः१५, विग्रहः११,क्षुधा ३, तृष्णा-१, निद्रा-७, आलस्य७, उद्यमः५, शान्तिः७, क्रोधः-५, दम्भः११, भेदः१, मैत्री१, रसनिष्पत्तिः७, फलनिष्पत्तिः११, उत्साहः ६, शलभाः १३, शूकः१७, मूषकः१५, अतिवृष्टिः१६, अनावृष्टिः७, स्वचक्रम्६, परचक्रम१५, रत्नानि ११, वस्त्राणि ६, घृतम् ६, तैलम् ५, दुकूलम् ५, आचारः७, अनाचारः १३, मरणम् १७, जन्मः १६, देशोपद्रव ५,चौरभीतिः१६, चौरनाशः१७, अग्निभीतिः१३, अग्निनाशः७

• १९४८-४९ शकाब्दीय शुद्धाशुद्धी •

तत्र श्रावणकृष्णप्रतिपद् गुरुवासरात् भाद्रशुक्ल षष्ठी गुरु ४४।५४ यावत् गुरुर्वास्त सिंह संक्रान्ति कारणात् अशुद्धः ततः आश्विन कृष्ण अमावस्या शनिवासरः ४६।५८ यावत् शुद्धः ततः शुक्र क्षैण्यास्त दोषकारणात् अश्विन शुक्ल त्रयोदशी शनिवासरः ४६।५८ यावत् अशुद्धः ततः मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी बुधवासर ३२।०६ यावत् शुद्धः ततः धनुरादित्य दोषात् पौष शुक्लषष्ठी गुरुवारः ५१।२८ यावत् अशुद्धः ततः फाल्गुन शुक्ल षष्ठी रविवासरः ६।१६ यावत् शुद्धः ततः मीन-आदित्य दोषात् खरमास कारणात् चैत्र शुक्ल नवमी गुरुवासरः ३१।२६ यावत् अशुद्धः ततः आषाढ़ शुक्ल नवमी सोमवारः ०।५३ यावत् शुद्धः ततः शुक्रः क्षैण्यास्त आषाढ़ी आयावत् अशुद्धः।

• १९४९-५० शकाब्दीय सङ्क्षिप्तशुद्धादि •

अग्रहायण-माघ-फाल्गुन-चैत्र-वैशाख-ज्येष्ठाषाढमासेषु समयशुद्धिः। तत्र यथाशास्त्रं कार्त्तिकव्रत-तुलसीव्रत-आकाशदीपदानव्रत- एकादशीव्रतोद्यापनानि। अग्रहायण-माघ-फाल्गुन-वैशाख-ज्येष्ठाषाढमासेषु विवाहदिनानि। माघ-फाल्गुन- वैशाख- आषाढमासेषूपनयन-देवादिप्रतिष्ठा- तडागकूपवापीखननादिमुहूर्ताः। चैत्रेऽप्युपनयनम्। अग्रहायण-फाल्गुन- वैशाखेषुशुक्रोदयः पूर्वस्यान्तेन तदानीं पश्चिमदक्षिणदिशोस्तृतीयादि- विषमवर्षीयद्विरागमनदिनानि वहूनि, तदितर दिशोस्तु शुक्रान्ध(रेवती-अश्विनी-रोहिणी-मृगशिरा)नक्षत्रेष्वेव द्विरागमनदिनानि।

• वर्षफलम् •

इस वर्ष के वर्षेश (राजा) शनि, संवाहक (मन्त्री)मंगल, पालकाधिपति सूर्य, मेघपति शुक्र, जलपति शनि,शस्यपति गुरु, लोकपति बुध, पुष्करनामक मेघ तथा रोहिणीवास सन्धि में है। रौद्रनामक बार्हस्पत्यवर्ष है। वर्षा १७ विश्वा, धान्य ११ विश्वा, प्रवहनामक वायु तथा जलाढकमान २० विश्वा है। शकाब्दानुसार दुर्भिक्ष एवम् अतिवृष्टि तथा विक्रमसंवत्सरानुसार मध्यमसुख एवं कष्ट प्रद है। जगल्लग्न-कर्क, वर्षलग्न-कर्क, राजा-मन्त्री में सममित्रभाव, वर्षलग्नेश सूर्य अष्मस्थ, चन्द्र नीचगत, बुध राहुयुक्त, उच्चाभिलाशी शुक्रयुक्त स्वगृही शनि सप्तमस्थ, कर्मस्थ वृहस्पति, आयस्थ मंगल एवं धनस्थ केतु, जगल्लग्नेश मंगल नीचगत चतुर्थस्थ,जगल्लग्नगत उच्चस्थ सूर्य, धनस्थ वृहस्पति, सप्तमकेन्द्रगत चन्द्रमा, आयस्थ स्वगृही शनि उच्चाभिलाषी शुक्रयुक्त, षष्ठस्थ केतु एवं व्ययस्थ नीचगत बुध राहुयुक्त हैं। अधिकारियों में शुभग्रहों की अधिकता है। इस प्रकार ग्रहयुति दृष्टि स्थिति के आलोक में वैमनस्य-विघ्न-विलम्ब-बाधा की स्थिति के बावजूद अनुकूलता की स्थिति बनी रहेगी। कृषि, स्वास्थ्य, पर्यावरण, शिक्षा, ऊर्जा एवं जल से सम्बद्ध क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य होंगे। उद्योग, व्यापार, संचार, क्रीडा एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि होगी। आर्थिक अभ्युन्नति, वैज्ञानिकी एवं तकनीकी क्षेत्रों में विविध प्रकार के नवीनकार्य-नवीनप्रयोग से वैश्विक स्तर पर देश की स्थिति सुदृढ होगी। नीचस्थ बुध, पापग्रहों की दृष्टि-युति-अवस्थिति, यदा-कदा चार-पाँच ग्रहों के योग के कारण समय-समय पर प्राकृतिक उत्पात (भूकम्प-ज्वालामुखी-हिमपात-तूफान-भूस्खलन-सङ्क्रामक रोग-अग्निकोप, विद्युत्पात् एवम् ओलावृष्टि आदि), राजनैतिक उथल-पुथल, कलह, अनैतिककृत्य, षडयन्त्र, विषम शीत एवं गर्मी, अन्तर्विरोध,शस्त्रास्त्रनिर्माण तथा हडतालादि से जन- धन की क्षति सम्भावित रहेगी। विषमवृष्टि , खण्डवृष्टि , कहीं-कहीं वृष्टि का अभाव एवं बाढ से कृषि प्रभावित होगी।

मासफल

श्रावण- इस मास में सब्जियों तथा चीनी, चावल, गुड़ और तेलहन पदार्थो के भाव महँगी रहेगी । खण्ड वृष्टि का योग। आँधी तूफान से वृक्ष,मकान की क्षति होगी। अनेक जगहों पर गृहकलह की स्थिति उत्पन्न होगी। देश के पश्चिमोत्तर क्षेत्रों में प्राकृतिक एवं आतंकवादी दुर्घटनाएँ घटित होने की प्रबल सम्भवना हैं। किसी राज्य में सत्ता पक्ष को आपसी विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

भाद्र- इस महिने में सर्दी का प्रकोप रहेगा। रोगादि से जनता को कष्ट अधार्मिक मामलों तथा उद्योग से संबंधित कार्य मे तेजी रहेगी। श्रमिक संगठन किसी बात को लेकर सक्रिय होगें। विदेशी व्यापार संबधित समझौते होगें। गोरस का उत्पादन बढ़ेगा। कहीं पर वायु वेग के साथ थोड़ी वर्षा का योग है। श्वेत पदार्थ सस्ते होंगे। किसी राज्य में सत्ता पक्ष को आपसी विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

आश्विनः- इस मास मे अन्न का भाव सम रहेगा। स्वर्णादि आभूषणों के भाव में पूर्ववत् स्थिति देखने को मिलेगा। दलहन तेलहन के मूल्य में सामान्य सस्ती का रुख रहेगा । कहीं-कहीं सामान्य वर्षा भी होगी। दुर्घटना तथा अपहरण की घटनायें घटित होंगी।

कार्तिक- खाद्य पदार्थो के मूल्य में सस्ती देखने को मिलेगी, लोगों की मानसिक उग्रता में वृद्धि होगी। आकस्मिक धूप तथा वर्षा आदि से बीमारियों में वृद्धि होगी। मासान्त में अन्न का भाव सम रहेगा। साग- तरकारी के मूल्यों में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। तेलहन का संग्रह करना लाभदायक सिद्ध होगा। गोरस तथा तरकारी के मूल्य में तेजी बनी रहेगी।

अग्रहायण इस मास में खाद्य पदार्थ सस्ते होंगे। सोने चाँदी के भाव में तेजी आयेगी। कृषि विनाशक तत्त्वोंका उदय होगा । इस माह में भौमान्तरिक्ष उत्पात् अधिक होगा । कहीं-कहीं साम्प्रदायिक उपद्रव भी होंगे। वृष्टि से अन्न हानि संभव है। आपसी विवाद की वृद्धि होगी।स्टील के भाव तेज रहेगें। खनिज उत्पादन,ईधन आदि के भाव तेज होगें।

पौष- ५ बुध दिन सूर्यसंक्रान्ति मुहूर्त ३० होनो से इस मास में खाद्य पदार्थो में तेजी रहेगी तथा कटु वस्तु, अफीम में तेजी रहेगी, वस्त्र,रुई, सूत तथा चाँदी में उतार-चढाव देखने को मिलेगा। वर्षा का योग बनता है। नमक, गुड़ तथा लाल वस्तु महँगे होंगे। नेत्र रोगों से जनजीवन अशान्त रहेगा। आपसीरागद्वेष वढ़ेगा। प्रजा में रोग, अशान्ति, भय तथा उग्रवादियों द्वारा कहीं-कहीं पर उपद्रव की सम्भावना रहेगी। व्यापार में मन्दी का रुख रहेगा। देश के दक्षिण भाग में प्रबल वृष्टियोग है।

माघः- इस महीने में खाद्य पदार्थ तथा सामान्य उपभोक्ता वस्तुओं के भाव प्रायःसमभाव रहेंगे। गेंहू जी चना तिल तेल अलसी मोटे अनाज दलहन के भाव में कुछ वृद्धि होगी। बाजार में कारोबार मंदा रहेगा। मासान्त में सुधार आयेगा। सराफा बाजार में सोना के भाव प्रायः तेज रहेगें। चांदी के बाजार में उतार चढ़ाव बना रहेगा। तथा मासान्त में भाव तेज होगा। किसी विशिष्ट जन की क्षति की संभावना रहेगी।

फाल्गुनः- इस महीने में गोरस का उत्पादन बढ़ेगा। सराफा बाजार में सुवर्ण के भाव यथावत महँगें रहेंगे लेकिन चाँदी के भाव में अस्थिरता रहेगी। मासान्त में मंदी का ही रूख रहेगा। यातायात व संचार प्रणाली में व्यवधान आने की संभावना है। शेयर बाजार में अस्थिरता रहेगी,। कला क्षेत्र से संबधित लोगो को कष्ट होगा। कागज तथा अन्य लेखन सामाग्री महंगें होगें। कर वसूली में कड़ाई तथा कोई नये कर का प्रावधान संभव है।

चैत्र- भाद्र मे ५ रवि दिन सूर्यसंक्रान्ति मुहूर्त ४५, चन्द्रदर्शन मु.३० होने से इस महिने में अन्न रसादिक पदार्थ मंहगें होगें। खाद्यान्न के भाव में कुछ कमी रहेगी। मीठे पदार्थ तेलहन ज्वार बाजरा अरण्ड दाल मिर्च कपास सरसों चावल गुड़ खाड़ आदि के भाव तेज रहेगें। तेलहन आदि कारोबार में मंदी का रूख रहेगा। वस्त्र उद्योग में तेजी का रूख रहेगा। सराफा बाजार में तेजी रहेगी । देश के पूर्व-पश्चिम भाग में वायु जन्य रोग का प्रकोप अधिक देखने को मिलेगा। शासक वर्ग में खींचा-तानी के कारण प्रजा अशान्त रहेगा।

वैशाख- इस मास में सब्जियों तथा चीनी, चावल, गुड़ और तेलहन पदार्थो के भाव में भी सस्ती रहेगीं वृष्टि के कारण कृषि क्षेत्र में लाभ होगा। पीले और लाल पदार्थ महँगे होंगे। मासान्त में उपल वृष्टिका योग सुस्पष्ट है। रस पदार्थ महँगे होंगे। तेज वायु के कारण जान-माल का क्षति हो सकता है।

ज्येष्ठ- सर्राफा बाजार में सामान्य सस्ता का रुख रहेगा। धूप तथा वर्षा आदि से बीमारियों में वृद्धि होगी। तूफान,अग्निकाण्ड तथा उग्रवाद के कारण लोगों को हानि होगी। विदेश व्यापार संबंधित समझौते होंगे। हिंसा आदि की घटना बढ़ेगी। पश्चिमोत्तर सीमान्त राज्यों में आतंकवादी समस्या के कारण आम जीवन अस्त-व्यस्त दीखाई पड़ेगी।

आषाढ़- ५ बृहस्पति दिन सूर्य संक्रान्ति मु.३० चन्द्र दर्शन मु.३० होने से इस महिनें में प्रायः खाद्य पदार्थो में तेजी रहेगी। सरसों, मूँगफली, अफीम, गुड़, शक्कर आदि वस्तु में तेजी रहेगी। रुई तथा सूती वस्त्र सस्ते होंगें। दैवीक विपदाओं खासकर वाहनादि से घटनाओं अधिक होगी । पश्चिमी क्षेत्र में जलाधिकता पूर्वी में कमी। आपसी जनजीवन पारस्परिक आघात-प्रघात से चिन्तनीय रहेगा।

राशिफल २०८३-२०८४

मेष (चू. चे. चो. ला. ली. लू. ले. लो.अ.)- आप के लिए यह वर्ष सामान्य रहेगा। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति की सम्भावना बनेगी। अध्यन में बाधायें आयेंगी। किसी धार्मिक कार्य का अवसर मिलेगा। सन्तान सुख, दाम्पत्य जीवन सुख मय रहेगा। वर्ष के उतरार्ध में शुभ सामाचारों की प्राप्ति होगी। माता-पिता का स्वास्थ्य बाधायुक्त रहेगा।

वृष (ई. उ. ए. ओ. वा. वी. वू. वे. वो.)- आप के लिए यह वर्ष शुभदायक रहेगा। वर्ष के उतरार्ध में कठिनाईयाँ बढेगी। दाम्पत्य जीवन में मधुरत रहेगी। अधिक परिश्रम से लाभ मिलेगा। भूमि-भवन, वाहन के लिये स्थिति अच्छी नहीं रहेगी। सन्तान पक्ष से सहयोग मिलेगा। मांगलिक कार्यो में धन-व्यय होगा। पारिवारिक कलह से मन खिन्न रहेगा।

• **मिथुन (का.की.कु.घ.ङ.छ.के.को.हा.)-** मिथुन राशिलग्न वालों को मानसिक चिन्ता, पारिवारिक विवाद तथा आर्थिक कठिनाई का सामना करना परेगा। दाम्पत्य जीवन कटुतापूर्ण रहेगा। वर्ष का उतरार्ध उलझनों को बढाने वाला होगा। व्यापार में स्वल्प लाभ होगा। प्रवासी जीवन व्यतीत होगा। सन्तान सुख, नौकरी मे पदोन्नति होगी। गणेश जी की आराधना करें।

• **कर्क (ही. हू. हे. हो. डा. डी. डू. डे. डो.) -** राशि वालों के लिए यह वर्ष शुभदायक रहेगा। व्यापार में लाभ तथा भूमि सम्बन्धि कार्यो में सफलता मिलेगी। नौकरी में उन्नति तथा व्यापार में लाभ होगा। अध्ययन मे सफलता प्राप्त होगा। न्यायालय सम्बन्धित कार्यो में सफलता मिलेगी। रक्त विकार से परेशानी हो सकती है। गणेश जी की उपसना करे।

• **सिंह (मा. मी. मू. मे. मो टा. टी. टू. टे.)-** राशि वालों के लिए यह वर्ष सामान्य रहेगा। भाई-बन्धुओं की उन्नति होगी। वात-व्याधि, उदर पीरा से कष्ट होगा। अध्ययन में व्यवधान होगा। बाल-बच्चों को शारीरिक कष्ट होगा। न्यायालय के कार्यो में सफलता मिलेगी। मित्र से लाभ। तिर्थ यात्रा कर सकते हैं। सूर्य भगवान की आराधना करें।

• **कन्या (टो.पा.पी.पू.ष.ण.ठ.पे.पो.)-** आप के लिए यह वर्ष उन्नति कारक रहेगा। नौकरी में पदोन्नति होगी। धार्मिक यात्रा का अवसर मिलेगा। रूके हुऐ कार्यो में सफलता मिलेगी। यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा।सन्तान सुख,व्यापार मे लाभ, परिश्रम से भूमि भवन का योग है।

तुला (रा.री.रू.रे.रो.ता. ती.तू.ते)- आप के लिए यह वर्ष का पूर्वाद्ध आर्थिक कष्ट तथा मानसिक चिन्ता कारक रहेगा। परिश्रम का उचित फल नहीं मिलेगा। स्वजनों से मतभेद बढेगा। नेत्र विकार तथा उदर जन्य रोगों से कष्ट होगा। व्यापार में अनुकूलता रहेगी। परिवार में मांगलिक कृत्य होंगे। विद्याप्राप्त्यर्थ स्थान परिवर्तन का योग वन रहा है, माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा।

• **वृश्चिक(तो.ना.नी.नू.ने.नो.या.यी.यू.)-** राशिलग्न वालों के लिए यह वर्ष सामान्य रहेगा। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्यायें रहेंगी। परिवार से सहयोग प्राप्त होगी। व्यापार से लाभ तथा नौकरी में पदोन्नति होगी। व्यापार में सामान्य लाभ होगा।

• **धनु (ये.यो.भा.भी.भु.ध.फ.ढ़.भे)-** आप के लिए यह वर्ष संघर्ष दायक है। शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव रहेगा। पत्नी को पीड़ा,निरर्थक दौड़-भाग बनी रहेगी। कृषि से लाभ, अधिक परिश्रम मे अध्ययन मे सफलता प्राप्त होगी, नेत्र तथा उदर विकार से परेशानी, नौकरी मे पदोन्नति सम्भव है,।

• **मकर(भो.जा.जी.जू.जे.जो.खा.खू.खे.खो.गा.गी)-**मकर राशि वालों की साढ़ेसाती रहेगी। अकारण दौड़-धूप बनी रहेगी। आर्थिक कष्ट, काम मे परेशनी, अध्ययन मे बाधा, मित्रो से मतभेद तथा नौकरी वालों का स्थान परिवर्तन सम्भव है, वायु विकार तथा कटि वेदना से परेशानी होगी।

• **कुम्भ-(गू गे गो सा सी सू से सो दा)-** आप के लिए यह वर्ष सामान्य फल दायक है। यद्यपि शनि की साढ़साती चल रही है तथापि कार्य सफलता, अध्ययन मे रूची तथा धनार्जन को स्रोत बनेगा। उदर तथा जानु विकार से परेशानी हो सकती है। हनुमान जी तथा दुर्गा जी की आराधना करे।

• **मीन-दी दू थ झ ञ दे दो चा ची-** आप के लए यह वर्ष शुभ लाभदायक रहेगा। पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शिक्षा तथा व्यापार में सफलता मिलेगी। नेत्र तथा कटी विकार से परेशानी हो सकती है। घर में मांगलिक कार्य होंगे, सन्तानों की उन्नति होगी। नये भूमि या भवन खरीदने का अवसर मिलेगा। वृहस्पतिवार का व्रत, भगवान विष्णु की उपासना करे।

संतान गोपाल मंत्र प्रयोग :-

ॐ देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते।
देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः।।

विनियोगः- ॐ अस्य श्री सन्तानगोपालमन्त्रस्य नारायणऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, पुत्रप्रदः श्रीगोपालो देवता, क्लीं बीजं, श्रीं ह्रीं शक्तिः, जीं कीलकम्, श्रीसन्तानगोपाल प्रसाद सिद्धिपूर्वकं मम(यजमानस्य वा) चिरायुः-पुत्र -प्राप्त्यर्थे जपे विनियोगः।

ऋष्यादिन्यासः- ॐ नारायणऋषये नमः **शिरसि**। ॐ अनुष्टुप्छन्दसे नमः **मुखे**। ॐ पुत्रप्रदश्रीगोपालदेवतायै नमः **हृदि**। ॐ क्लीं बीजाय नमः **गुह्ये**। ॐ श्रीं ह्रीं शक्तये नमः **पादयोः**। ॐ जीं कीलकाय नमः **सर्वाङ्गे**।

करन्यासः- ॐ देवकीसुत गोविन्द **अंगुष्ठाभ्यां नमः**। ॐ वासुदेव जगत्पते **तर्जनीभ्यां नमः**। ॐ देहि मे तनयं कृष्ण **मध्यमाभ्यां नमः**। ॐ त्वामहं शरणं गतः **अनामिकाभ्यां नमः**। ॐ देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते **कनिष्ठिकाभ्यां नमः**। देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः**करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः**।

अंगन्यासः- ॐ देवकीसुतगोविन्द **हृदयाय नमः**। ॐ वासुदेव जगत्पते **शिरसे स्वाहा**। ॐ देहिमे तनयं कृष्ण **शिखायै वषट्**। ॐ त्वामहं शरणं गतः **कवचाय हुम्**। ॐ देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते। देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः**अस्त्राय फट्**।

ध्यान- ॐ वैकुण्ठतेजसा दीप्तामर्जुनेन समन्वितम्।
समर्पयन्तं विप्राय अष्टानानीय बालकान्।।
विजयेन युतो रथस्थितः प्रसमानीय समुद्र-मध्यतः।
प्रादददत्तनयान् द्विजन्मने स्मरणीयो वसुदेवनन्दनः।।
(इति ध्यात्वा मानसोपचारै समपूज्य जपं कुर्यात्। लक्षचतुष्टयजपे पुत्रप्राप्तिः।। कर्मठगुरौ पृष्ठ सं.७३-७४)

बीजसहितसंतान गोपाल मंत्र प्रयोग

ॐ क्लीं श्रीं ह्रीं जीं ॐ भूर्भुवः स्वः ॐ देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते। देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः।। ॐ स्वः भुवः भूः ॐ जीं ह्रीं श्रीं क्लीं ॐ।

।। अथ कर्मकाण्ड विमर्श ।।

पंचोपचारपूजा-

गन्धः पुष्पं च धूपश्च दीपो नैवेद्यमेव च।
पंचोपचाराः कथिता देवानां प्रीतिहेतवः।।

षोडशोपचारपूजा-

आसनं स्वागतं चार्घ्यं पाद्यमाचमनं तथा।
मधुपर्काचमनस्नानवसनाभरणानि च।।
गन्धपुष्पधूपदीपनैवेद्यं चन्दनं तथा।

पंचगव्यम्-

गोमूत्रं गोमयं क्षीरं दधि सर्पिः कुशोदकम्।
पञ्चगव्यमिदं प्रोक्तं महापातकनाशनम्।।

पंचामृतम्-

शर्करा मधु दुग्धं च घृतं दधि समांशकम् ।
पञ्चामृतमिदं प्रोक्तं देहशुद्धौ विधीयते। ।

पञ्चरत्नानि-

वज्रमौक्तिकवैदूर्यपुष्परागेन्द्रनीलकम्।
पञ्चरत्नमिदं प्रोक्तं मन्त्रैः कुम्भेषु निःक्षिपेत्।।

पञ्चपल्लवाः-

अश्वत्थोदुम्बरप्लक्षचूतन्यग्रोधपल्लवाः।
पञ्चपल्लव इत्युक्तः सर्वकर्मसु शोभनः।।

सप्तमृत्तिका-

गजाश्वरथवल्मीकसंगमाद्ध्रद्गोकुलात्।
राजद्वारप्रवेशाच्च मृदमानीय निःक्षिपेत्।।

सर्वौषधिः-

मुरा मांसी वचा कुष्ठं शैलेयं रजनीद्वयम्।
शुण्ठी चम्पकमुस्तं च सर्वौषधिगणः स्मृतः।।
सर्वौषधीनामभावे तु दद्यादेकां शतावरीम्।

सप्तधान्यम्-

यवगोधूमधान्यानि तिलाः कंकुस्तथैव च।
श्यामकं चणकं चैव सप्तधान्यमुदाहृतम्।।

हवने शाकल्यनिर्णयः-

तिलार्धं तण्डुलं प्रोक्तं तण्डुलार्धं यवा स्मृता।
यवार्द्धं शर्करां दद्यात् सर्वार्धं च घृतं स्मृतम्।।

प्रदक्षिणा विचारः-

एका चण्ड्या, रवेः सप्त,तिस्रःकार्याविनायके ।
हरेश्चतस्रः, कर्तव्याः शिवस्यार्धप्रदक्षिणा।।
(आह्निकसूत्र)

नवग्रह-समिधा(लकड़ी)

अर्कः पलाशः खदिरस्त्वपामार्गोऽथ पिप्पलः।
औदुम्बरशमीदूर्वाकुशाश्च समिधः क्रमात्।।
अर्क(मदार),पलाश,खदिर(खैर),अपामार्ग (चिडचिडि), पीपल,औदुम्बर(गूलर), शमी, दूर्वा, और कुशा-ये नव ग्रहोंकी समिधाएँ कही गई हैं।

महिष्यादि प्रसव दोषः-

माघेबुधे च महिषी श्रावणे बडवा दिवा।
सिंहे गावः प्रसूयन्ते स्वामिनो मृत्युदायकाः।।

बिल्वपत्र विचार-

अर्पितान्यपि विल्वानि प्रक्षाल्यापि पुनःपुनः।
शंकरायार्पणीयानि न नवानि यदि क्वचित्।।
(स्कन्दपुराण)बिल्वपत्र न मिलने पर चढ़ाये हुयें बिल्वपत्र को धोकर चढ़ाना चाहिए

दूर्वादि विचारः-

दूर्वाःस्वाभिमुखग्राःस्युर्बिल्वपत्रमधोमुखम्।
दूर्वाको अपनी ओर और बिल्वपत्र नीचे मुखकर चढ़ाना चाहियें।

धूप विचारः-

पुजनस्थल के बायें भाग में धुपदानी(अगरबती) स्थापित करना चाहिये।

दीपविचारः-

घी का दीपक दायी ओर और तेल का दीपक बायी ओर स्थापित करना चाहिये।

जपस्थान विशेषः-

शुचिस्थाने स्वगृहे जलाशये देवालये वा शूचिर्भूत्वा
विधिवज्जपं कुर्यात्कारयेद्वा तदुक्तं स्मृतौ।
गृहे त्वेकगुणं जाप्यं नद्यां तु द्विगुणं स्मृतम्।।
गवां गोष्ठे दशगुणं अग्न्यागारे शताधिकम्।।
तीर्थादिषु सहस्रं स्यादनन्तं विष्णुसन्निधौ।।

• प्रतिमाके स्थापनमें दिशाका निर्णय (देवतामूर्तिप्रकाण३।२४-२७)

पूर्वापरास्यं देवानां मुखं, नो दक्षिणोत्तरम्। ब्रह्मा विष्णुः शिवार्केन्द्रा गुहः पूर्वपराङ्मुखः।।
शिवब्रह्मजिना विष्णुः सर्वाशाभिमुखाः शुभाः।।
गणेशो भैरवश्चण्डी नकुलीशो ग्रहास्तथा। भूताद्या धनदाश्चैव दक्षिणास्याः शुभाः स्मृताः।।
मातृणां सदनं कार्यं दक्षिणोत्तरदिङ्मुखम्। हनुमान् वानरश्रेष्ठो नैर्ऋतारयो विदिङ्मुखः।।

• मन्दिरके लिये प्रतिमाका परिमाण(बृहत्संहिता५७।४७)

सौम्या तु हस्तमात्रा वसुदा हस्तद्वयोच्छ्रिता प्रतिमा। क्षेमसुभिक्षाय भवेत् त्रि-चतुर्हस्तप्रमाणा वा।।

मन्दिरके लिये एक हाथकी प्रतिमा सौम्यताको प्रदान करनेवाली, दो हाथकी प्रतिमा धनको देनेवाली, तीन हाथकी प्रतिमा कल्याणको देनेवाली और चार हाथकी प्रतिमा सुभिक्षको देनेवाली होती है।

• घरके लिये प्रतिमाका परिमाण (भविष्यपुराण)

अंगुष्ठपर्वादारभ्य वितस्तिर्यावदेव तु। गृहेषु प्रतिमा कार्या नाधिका शस्यते बुधैः।।

अंगुष्ठ पर्वसे लेकर वितस्ति(बित्ता) परिमाणतककी प्रतिमा घरोंमें रखनी चाहिये, इससे अधिक प्रमाणकी प्रतिमा विद्वानोंने अप्रशस्त कही है।

• घरमें प्रतिमा रखनेका विचार-

गृहे लिंगद्वयं नार्च्यं शालग्रामद्वयं तथा। द्वे चक्रे द्वारकायास्तु नार्च्यं सूर्यद्वयं तथा।।
शक्तित्रयं तथा नार्च्यं गणेशत्रयमेव च। द्वौ शङ्खौ नार्चयेच्चैव भग्नां च प्रतिमां तथा।।
नार्चयेच्च तथा मत्स्यकूर्मादिदशकं तथा। गृहेऽग्निदग्धा भग्नाश्च नार्च्याः पूज्या वसुन्धरे।।
एतासां पूजनान्नित्यमुद्वेगं प्राप्नुयाद् गृही। घरमें दो लिंग, दो शालग्राम, दो द्वारिकाचक्र, दो सूर्य, तीन शक्ति, तीन गणेश, दो शंख, खण्डित प्रतिमा और मत्स्य, कूर्म आदि दशो अवतारोंकी एकासाथ प्रतिमाओंका तथा अग्निसे दग्ध(जली) एवं भग्न(खण्डित) मूर्तिका पूजन नहीं करना चाहिये। इस प्रकारकी मूर्तियोके पूजन करनेसे गृहस्थ नित्य ही उद्वेग(संकट) को प्राप्त होता है।

• घर मे शालीग्राम रखनेका विचारः- (पद्मपुराण)

शालग्रामाः समाः पूज्याःसमेषु द्वितीयं न हि। विषमा नैव पूज्यास्तु विषमेष्वेक एव हि।।
शालग्रामशिला भग्ना पूजनीया सचक्रका। खण्डिता स्फुटिता वापि शालग्रामशिलाशुभा।।

शालग्राम भगवानका सम चार छः आदि रूपसे पूजन करना चाहिये। समरूपमें भी दो शालग्राम की पूजा नहीं करनी चाहिये। विषम रूप में एक शालग्रामका ही पूजन करना चाहिये(तीन शालग्राम आदिकापूजन नहीं करना चाहीये)

खण्डित मूर्ति का विचार

१ खण्डित मूर्ति यदि काष्ठ की हो तो उसे अग्नि में समर्पित कर दें। २. यदि पत्थर की हो तो जल में प्रवाह करें और यदि रत्न या धातु की हो तो उसे आगाध जल में डुबो देना चाहिये। जो मूर्ति खण्डित हो गई हो उन खण्डित अंग को वस्त्र आदि से ढककर मूर्ति को सवारी में रखें। तत्पश्चात् उसे गाजे बाजे के साथ किसी शुद्ध जल वाले जलाशय तक ले जाकर जल में डुबो दें। जिस परिमाण की मूर्ति खण्डित हुई हो उसी परिमाण की दुसरी मूर्ति तैयार करके पहली मूर्ति वाले खाली स्थान पर यथा विधि प्रतिष्ठा करनी चाहिये।

• यज्ञमें दशदान का विवरण-

गो-भू-तिल-हिरण्याज्य-वासो-धान्य-गुडानि च। रौप्यं लवणमित्येवं दशदानं प्रकीर्तितम्।।
गौ, भूमि, तिल, सुवर्ण, घृत, वस्त्र, धान, गुड़, चाँदी और नमक-ये दश वस्तु दानके लिये कही गई है।

• गोदान का महत्त्व-

गोप्रदानं तारयते सप्त पूर्वान् परांस्तथा। यथाकथञ्चिद्दत्त्वा गां धेनुं वाऽधेनुमेव वा।
अरोगामपरिक्लिष्टां दाता स्वर्गे महीयते।।

गोदान से सात पीढ़ीके पूर्वजों तथा सात पीढ़ीके आगे होने वाले वंशजोका निस्तार करती है।

(बृहस्पति) भूमिदान का महत्त्व

षष्टिं वर्षसहस्राणि स्वर्गे वसति भूमिदः। उच्छेत्ता चानुमन्ता च तावन्ति नरके वसेत्।।
यत्किञ्चित्कुरुते पापं जन्मप्रभृति मानवः। अपि गोचर्ममात्रेण भुमिदानेन शुद्ध्यति।।

भूमिदान करनेवाला पुरुष साठ हजार वर्षोतक स्वर्गमें निवास करता है और जो दी हुई भूमि हरण करता है या हरण करनेके सलाह देता है, वह उतने ही वर्ष नरकमें रहता है। मनुष्य जन्मसे लेकर जो कुछ भी पाप करता है उसकी निवृत्तिके लिये यदि वह गायके चामके बराबर भी भूमिदान करे, तो वह शुद्ध हो जाता है।

• अग्निको प्रज्वलित करने का विचारः-(देवीभागवत११।२२।५-६)

न पाणिना न शूर्पेण न च मेध्याजिनादिभिः। मुखेनोपधमेदग्निं मुखादेव व्यजायत ।।
पटकेन भवेद् व्याधिः शूर्पेण धननाशनम्। पाणिना मृत्युमाप्नोति कर्मसिद्धिर्मुखेन तु ।।

यज्ञाग्निको न तो हाथसे दहकावे, न सूपसे और न पवित्र मृगचर्म आदि से (आदि पदसे वस्त्रका ग्रहण है)। मुखसे ही यज्ञाग्निको धौंके, क्योंकि वह मुखसे उत्पन्न हुआ है। वस्त्र(चर्म आदि)से अग्निको धौंकने पर व्याधि(रोग) होती है, सूपसे धौंकने पर धन-नाश होता है, हाथसे धौंकने पर मरण होता है, किन्तु मुखसे धौकने पर कर्मसिद्धि होती है।

• विधिहीन अग्निमें हवन करने से हानि (वायुपु७५।६२)

अप्रबुद्धे सधूमे च जुहुयाद्यो हुताशने। यजमानो भवेदन्धः सोऽपुत्र इति नः श्रुतिः।।

जो यजमान अग्निके ठीक-ठीक न जलने पर और धूमके रहते हुए अग्निमें हवन करता है, वह अन्धा और पुत्रहीन होता है।

• पूर्णाहुति खड़े होकर ही करना चाहिये

मूर्धानं दिवमन्त्रेण संस्रुवेण च धारयेत्। दद्यादुत्थाय पूर्णां तु नोपविश्यकदाचन(अग्निपु)
'मूर्धानंदिवः०, (शु.य.७।२४) इस मन्त्रके द्वारा स्रुवसे घृतकी धाराको खड़े होकर पूर्णाहुति करना चाहिये, बैठकर नही

• कर्म-विशेष में अग्निके भिन्न-भिन्न नामः-

प्रत्येक कर्मके लिये अग्निके अलग अलग नाम हैं। अतः जिस कर्मके लिये जिस अग्निका आचार्योंने नाम-निर्देश किया है,उसी अग्निका सविधि आवाहन एवं स्थापन कर हवन करना चाहियें- गर्भाधानमें- भरत,पुंसवनसंस्कारमें- वर,सीमन्तोन्नयन संस्कारमें-मंगल,जातकर्ममें-स्वभू और नामकर्ममें बल,अन्नप्राशन संस्कारमें-अंगिरा,चूड़ाकरणमें समुद्भव,उपनयनमें जय,गोदान अर्थात् समावर्तनमें रुद्र,विवाहमें संयुग अग्नि कहा गया है।
अग्निहोत्रमें व्यालिक,गृहकर्ममें भव और पितृकर्ममें विश्वदेव,उदरकी अग्निका नाम अनल है, मृत(शव)का भक्षण करनेमें अग्निका नाम कल्मष है। महाहोममें वह्निका,जलमें प्रवाह करनेमें अग्निका नाम जल है। पूर्णिमाके होम में शशांक, प्रलयमें अग्निका नाम संवर्तक है। काठसे उत्पन्न अग्निका नाम घोर है। वाँसोंसे उठी अग्निका नाम परान्त है। समुद्रमें रहनेवाली अग्नि वडवाग्नि है। पाक(अन्नपाक) करनेमें दक्ष,वसोद्धारामें जिसमें हवन किया जाता है उस अग्निका नाम निधीश है। धूपसे निकली अग्निका नाम कामदेव है। धान आदिके तुष(भूसी) की अग्निका नाम कामहा है। रथ्या(चत्वर चौराहो) में स्थित अग्निका नाम कामहा है। क्षुधा उत्पन्न करनेवाली अग्निका अग्निका नाम विभत्सु है, राजाके घरमें उत्पन्न अग्निका नाम विजय है। वृक्षोंसे उत्पन्न अग्निका नाम धूम्र है। दीपकमें स्थित अग्निका नाम कृष्णपथ है। हेमन्त आदिकी अग्निका नाम वाद्य है। मातृमन्दिरसे उत्पन्न अग्निका नाम अजित है। म्लेछ लोगोंमें जो अग्नि रहती है उसका नाम शंकर है। ईंटोंकी भट्टीकी अग्निका नाम संघ है। प्रायश्चित्तमें अथवा व्रत खण्डित होनेपर शुद्धि नामक अग्नि और शुक्रके आधानमें अर्थात् वीर्याधानमें जय नामक अग्नि जानना चाहिये।।(देवीपुराण१२३)

• गुरु-शुक्र के अस्तादि में त्याज्य कर्म-(मु.चि.शुभाशुभ ४६,४७ श्लो)

जब गुरु-शुक्र, वृद्ध अस्त और बाल हों तथा क्षय मास तथा अधिक मास में बावली, बगीचा, तलाब, कुआँ, मकान इनका आरंभ और प्रतिष्ठा व्रत का आरंभ और उद्यापन, वधु प्रवेश, महादान, सोमयज्ञ, अष्टका श्राद्ध, गोदान (ब्रह्मचारी का केशान्त संस्कार), नवान्न, जलशाला प्रथम श्रावणी कर्म वेद व्रत नील वृषोत्सर्ग अतिपन संस्कार (बालकों का जातकर्मादि संस्कार जो समय पर नहीं हुआ है), देवप्रतिष्ठा, गुरु से दीक्षा, यज्ञोपवीत, विवाह, मुण्डन प्रथम बार तीर्थ दर्शन, सन्यास, अग्नि होत्र, राज्याभिषेक की यात्रा चतुर्मास यज्ञ समावर्तन कर्णवेध और किसी दिव्यान्तरिक्ष वस्तु की परीक्षा नहीं करनी चाहिए।

• रुद्राक्ष के एक-मुख आदिके नाम और उनका फल

एकवक्त्रः शिवः साक्षाद् ब्रह्महत्यां व्यपोहति। अवध्यत्वं प्रतिस्रोतो बह्निस्तम्भं करोति च।। द्विवक्त्रो हरगौरी स्याद् गोवधाद्यघनाशकृत्।..............(शिवरहस्य के अनुसार)

'एक मुखवाला रुद्राक्ष साक्षात् 'शिव' है, जो ब्रह्महत्याको दूर करता है और समस्त स्रोतोंको अवध्य तथा अग्निको रोकता है। **दो मुखवाला रुद्राक्ष** 'हरगौरी' (शिव- पार्वती) है, जो गोहत्या आदि पापोंको दूर करता है । **तीन मुखवाला रुद्राक्ष** 'अग्निजन्मा' है, जो पाप-समूहोंको दूर करता है। **चार मुखवाला रुद्राक्ष** 'ब्रह्मा' है, जो मनुष्यकी हत्याके पापको नष्ट करता है । **पाँच मुखवाला रुद्राक्ष** 'कालाग्नि' है, जो अगम्य स्त्रीके साथ गमन तथा अभोज्यके भोजन करनेके पापको नष्ट करता है। **छः मुखवाला रुद्राक्ष** 'गुह' है, जो भ्रूण-हत्याके पापको नष्ट करता है।

सात मुखवाला रुद्राक्ष 'अनन्त' है, जो सुवर्णकी चोरीके पापको नष्ट करता है। **आठ मुखवाला रुद्राक्ष** 'विनायक' है, जो समस्त प्रकारके असत्योंका नाश करता है। **नौ मुखवाला रुद्राक्ष** 'भैरव' है, जो शिवसायुज्य (मोक्ष) को देता है। **दश मुखवाला रुद्राक्ष** 'विष्णु' है, जो भूत एवं प्रेतके भयको हरण करता है। **ग्यारह मुखवाला रुद्राक्ष** 'रुद्र' है, जो अनेक प्रकारके यज्ञोंके फलको देता है। **बारह मुखवाला रुद्राक्ष** 'आदित्य' है, जो समस्त प्रकारके रोगोंको दूर करता है। **तेरह मुखवाला रुद्राक्ष** 'काम' है, जो समस्त कर्मोंमें सफलता देता है और **चौदह मुखवाला रुद्राक्ष** 'श्रीकण्ठ' है, जो वंशका उद्धार करता है।

॥ अथ यज्ञ विमर्शः ॥

• अनाधिकारी को यज्ञ करानेसे हानि (मनुस्मृति३।६५)

अयाज्ययाजनैश्चैव नास्तिक्येन च कर्मणाम्। कुलान्याशु विनश्यन्ति यानि हीनानि मन्त्रतः॥

जिनको यज्ञ करानेका अधिकार अथवा योग्यता नहीं है, उसके द्वारा यज्ञ करानेसे, कर्मोंकी नास्तिकताते और वेदमन्त्रोंसे रहित होनेसे कुल शीघ्र ही नष्ट हो जाते है।

• पतित को यज्ञ कराने से हानि (महाभारत, अनुशा० १११।४९-५१)

पतितं याजयित्वा तु कृमियोनौ प्रजायते। तत्र जीवति वर्षाणि दश पञ्च च भारत॥
कृमिभावाद् विमुक्तस्तु ततो जायति गर्दभः। गर्दभः पञ्च वर्षाणि पञ्च वर्षाणि सूकरः॥
कुक्कुटः पञ्च वर्षाणि पञ्च वर्षाणि जम्बुकः। श्वा वर्षमेकं भवति ततो जायति मानवः॥

पतित पुरुषको यज्ञ करानेवाला ब्राह्मण कीड़ा बनकर उत्पन्न होता है और हे भरतवंशी राजन् ! वह पन्द्रह वर्ष तक कीड़ेकी योनिको भोगता है। कीड़ेकी योनिसे छुटकर वह गधा होता है, फिर वह पाँच वर्षमें गधेकी योनिसे छुटकर सूअर होकर उत्पन्न होता है और पाँच वर्ष तक मुर्गेकी, गीदड़की तथा एक वर्ष तक कुत्तेकी योनिको भोग कर फिर वह मनुष्य योनिमें जन्म लेता है।

• शूद्र को यज्ञ कराने से हानि(पाराशरस्मृति १२।३६)

दक्षिणार्थे तु यो विप्रः शूद्रस्य जुहुयाद्धविः। ब्राह्मणस्तु भवेच्छूद्रः शूद्रस्तु ब्राह्मणो भवेत्॥

जो ब्राह्मण दक्षिणा के लोभसे शूद्रको यज्ञ कराता है, वह शूद्र हो जाता है।

• यज्ञ में ब्राह्मणों के पूजन से ही कर्म की पूर्णता होती है:-(यज्ञ-मीमांसा२०४-०५ङ)

ब्राह्मणानां नित्यपूजा कार्या वित्तानुसारतः। यावद् विप्रो न पूज्यन्ते न तावत् पूर्णतां व्रजेत्॥
पूजितेषु तु विप्रेषु सर्वं सम्प्रर्णतां व्रजेत्। प्रतिमा तेऽधिकं पुण्यं ब्राह्मणस्य तु पूजने॥

यज्ञ ने प्रतिदिन अपनी शक्तिके अनुसार ब्राह्मणोंका पूजन करना चाहिये। क्योंकि जब तक ब्राह्मणोंका पूजन नहीं किया जाता, तब तक यज्ञ पूर्ण नही होता। देवताओंसे भी अधिक यज्ञकें ब्राह्मणोंके पूजन करनेका महत्त्व है, अतः ब्राह्मणोंका पूजन होने पर ही यजमानके समस्त कार्य परिपूर्ण होते हैं।

• स्त्री और नपुंसकके द्वारा हवन करनेवाले यज्ञका निषेधः- (मनु.४।२०६)

अश्लीकमेतत्साधूनां यत्र जुह्वत्यमी हविः। प्रतीपमेतद्देवानां तस्मात्तत्परिवर्जयेत्॥

जिस यज्ञमें स्त्री और नपुंसक हवन करते हों वह यज्ञ सज्जनोंके लिये लक्ष्मीका विनाशक है और इस प्रकारका यज्ञ देवताओंके लिये भी विरुद्ध है, अतः ऐसे यज्ञका त्याग कर दे।

• यज्ञादि में धर्मपत्नी कीआवश्कताः-

पत्नी धर्मार्थकामानां कारणं प्रवरं स्मृतम्। अपत्नीको नरो भूप कर्मयोग्यो न जायते। ब्राह्मणः क्षत्रियो वापि वैश्यः शूद्रोऽपि वा नरः॥ पत्नी धर्म, अर्थ तथा कामकी सिद्धिका श्रेष्ठ साधन है। कोई भी पत्नी-रहित पुरुष चाहे वह ब्राह्मण हो, क्षत्रिय हो, वैश्य हो अथवा शूद्र हो- धार्मिक कर्म करनेके योग्य नहीं हो सकता। **"अयज्ञो वा एष योऽपत्नीकः।"**(तैत्तिरीयब्राह्मण२।२।२)जो पुरुष पत्नी से रहित हैं वह यज्ञ के अयोग्य है। **एकचक्रो रथो यद्वदेकपक्षो यथा खगः। अभार्योऽपि नरस्तद्वदयोग्यः सर्वकर्मसु॥**(भविष्यपुरा.)- जिस प्रकार एक पहियेवाला रथ और एक पाँखवाला पक्षी चलने या उड़ने में असमर्थ होता है उसी प्रकार भार्यारहित पुरुष समस्त कर्मों में अयोग्य हैं।

• पत्नी के अनुपस्थित मेंः-(वाधूलस्मृति)

यस्य भार्या विदूरस्था पतिता वा रजस्वला। अनिष्टा प्रतिकूला वा तस्याः प्रतिनिधी क्रिया॥
अन्यां कुशमयीं पत्नीं कृत्वा तु प्रतिरूपिकाम्। क्वचिच्छरमयीं पत्नीं नित्यकर्मणि कारयेत्।

जिनकी पत्नी दूर हो,पतित हो,रजस्वला हो,अनिष्ट करनेवाली हो अथवा अनुकूल न हो, ऐसी स्थिति में भी अपनी पत्नी के प्रतिनिधिरूपमें कुशा की पत्नी का निर्माण कर नित्यकर्म करें।

• कर्म विशेष में पति के समीप पत्नी के बैठने का निर्णय

सर्वेषु धर्मकार्येषु पत्नी दक्षिणतः शुभा।
व्रतबन्धे विवाहे च चतुर्थी-सहभोजने। व्रते दाने मखे श्राद्धे पत्नी तिष्ठति दक्षिणे॥
वामे सिन्दुरदाने च वामे चैव द्विरागमे। वामेऽशनैकशय्यायां भवेज्जाया प्रियार्थिनी॥
आशीवदिऽभिषेके च पादप्रक्षालने तथा। शयने भोजने चैव पत्नी तूत्तरतो भवेत्॥

समस्त धार्मिक कार्योंमें पत्नीके लिये अपने पतिके दक्षिण भागमें बैठना शुभ कहा गया है। व्रतबन्ध में विवाहमें, चतुर्थी कर्ममें, सहभोजनमें, दानमें, यज्ञमें और श्राद्धमें पत्नी को पति के दक्षिण भाग में बैठना चाहिये।

विवाह के समय सिन्दुरदान में, द्विरागमन में, पति के साथ बैठकर भोजन करते समय और पति के साथ शयन करते समय पत्नी को सर्वदा अपने पति के वाम भाग में ही रहना चाहिये। ब्राह्मणोंके द्वारा आशीर्वाद प्राप्त करते समय, ब्राह्मणोंके पाद-प्रक्षालनके समय, अभिषेकके समय भी अपने पतिसे वामभागमें बैठना चाहिये।

• स्त्री को पति की आज्ञा के बिना यज्ञादि करने का निषेधः- (मनुस्मृति५।१५५)

नास्ति स्त्रीणां पृथग्यज्ञो न व्रतं नाप्युपोषणम् । पतिं शुश्रूषते येन तेन स्वर्गे महीयते॥

स्त्रियोंको पतिकी आज्ञाके वगैर स्वतन्त्ररूपेण यज्ञ,व्रत तथा उपवास करनेका अधिकार नहीं है। स्त्री तो केवल पति-सेवारुपी यज्ञके प्रभावसे ही स्वर्गमें आदर प्राप्त करती है।

• यज्ञादि में संकल्प की आवश्यकता- (भविष्यपुराण मे)

संकल्पेन विना कर्म यत्किञ्चित्कुरुते नरः। फलं चाप्यल्पकं तस्य धर्मस्यार्द्धक्षयो भवेत्॥

मनुष्य संकल्पके विना जो कुछ भी कर्म करता है उसका फल बहुत थोड़ा होता है। उसके आधे पुण्यका क्षय हो जाता है। **संकल्पमूलः कामो वै यज्ञाः संकल्पसम्भवाः। व्रतानि यमधर्माश्च सर्वे संकल्पजाः स्मृताः॥** मनु२।३।

• यज्ञादि में न्यास की आवश्यकता (शारदातिलक टीका ४ पटल)

पूजाजपार्चना होमाः सिद्धमन्त्रकृता अपि। अङ्गविन्यासविधुरा न दास्यन्ति फलान्यमी॥
न्यासं विना जपं प्राहुरासुरं विफलं बुधाः। न्यासात्तदात्मको भूत्वा देवो भूत्वा तु तं यजेत्॥

सिद्ध मन्त्र करने पर भी पूजन, जप, अर्चन तथा होमकर्म अंगन्यासके विना फलप्रद नहीं होते। न्यासके विना किया हुआ जप आसुरी कहाता है, उसका कुछ फल नहीं होता । इसलिये न्यासादि कर्मद्वारा देवस्वरूप होकर देवार्चन करना चाहिये- **देवो भूत्वा देवान् यजेत्। न्यासहीनं तु यत्कर्म गृह्णन्त्यर्द्धं तु राक्षसाः।** न्यासके विना जो कर्म किया जाता है, उसका आधा फल राक्षस ले लेते है।

• यज्ञादि में एक वस्त्र धारण निषेध

स्नानं दानं जपं होमं स्वाध्यायं पितृतर्पणम्। नैकवस्त्रो द्विजः कुर्याच्श्राद्धभोजनसत्क्रियाः॥(योगियाज्ञवल्क्य:)
एकवस्त्रो न भुञ्जीत श्रौते स्मार्ते च कर्मणि। न कुर्याद्दिवकार्याणि दानं होमं जपं तथा॥ (गौतम:)

• प्रशस्त आसन

शमी काश्मरी शल्लः कदंबो वरणस्तथा। पञ्चासनानि शस्तानि श्राद्धे देवार्चने तथा॥
कौशेयं कम्बलं चैव अजिनं पट्टमेव च। दारुजं तालपत्रं वा आसनं परिकल्पयेत्॥

शमी, गम्भार, शोणवृक्ष, कदंब और खैर, रेमश, कंबल, मृगचर्म, काष्ठ और तालपत्र इनका आसन श्राद्ध तथा देवार्चनमें प्रशस्त गहे गये है।

• आसन के विभिन्न फल

कृष्णाजिने ज्ञानसिद्धि-र्मोक्षश्रीव्याघ्रचर्मणा। वंशाजिने व्याधिनाशः, कम्बले दुःखमोचनम्॥
अभिचारे नीलवर्णे रक्तं वश्यादिकर्मणि। शान्तिके कम्बलः प्रोक्तः सर्वेष्टं चित्रकम्बलम्॥
वंशासने तु दारिद्र्यं पाषाणे व्याधिसम्भवः। धरण्यां दुःखसमभूतिर्दौर्भाग्यं छिद्रदारुजे॥
तृणे धनयशोहानिः पल्लवे चित्तविभ्रमः॥ काले मृगचर्म पर ज्ञानसिद्धि, व्याघ्र चर्म पर मुक्ति, वंशवल्कल पर व्याधिसे मुक्ति, कम्बल पर दुःखनिवृत्ति। अभिचार कर्ममें(मारण, मोहन, उच्चाटन आदिमें) नीला आसन, किसीको वशमें करनेके लिए लाल आसन पर, ग्रहपीड़ा, महामारी आदिकी शान्तिके निमित्त किये जा रहे कर्ममें कम्बलका आसन कहा गया है। चित्र कम्बल समस्त कार्योंके लिये कहा गया है। बांसके आसन पर दरिद्रता, पत्थर पर व्याधि, भूमि पर दुःख, छिद्रवाले काठ पर दौर्भाग्य, तृणासन पर धन और यशका नाश तथा पल्लवासन पर चित्त-भ्रम होता है।

• पूजन के समय प्रौढपाद(जाँघपर पैर रखकर) नहीं बैठना चाहिए

स्नानं दानं जपं होमं भोजनं देवतार्चनम्। प्रौढपादो न कुर्वीत स्वाध्यायं पितृतर्पणम्॥

स्नान, दान, जप, होम, भोजन, देवपूजन, वेदका स्वाध्याय और पितृतर्पणमें जांघपर पैर रखकर नहीं बैठना चाहिये। (अत्रिसंहिता३१८)

• दक्षिणा देने की आवश्यकता

यज्ञो दक्षिणया सार्धं पुत्रेण च फलेन च। कर्मिणां फलदाता चेत्येवं वेदविदो विदुः॥ देवीभागवत्९।४५।५०
कृत्वा कर्म च तस्यैव तूर्णं दद्याच्च दक्षिणाम्। तत्कर्म फलमाप्नोति वेदैरुक्तमिदं मुने॥
कर्ता कर्मणि पूर्णेऽपि तत्क्षणात् यदि दक्षिणाम्। न दद्यात् ब्राह्मणेभ्यश्च दैवेनाज्ञानतोऽथवा॥
मुहूर्ते समतीते च द्विगुणा सा भवेद् ध्रुवम्। एकरात्रे व्यतीते तु भवेद्रसगुणा च सा॥(ब्रह्मवैवर्त प्र.ख.४२।५४)

दक्षिणासे युक्त यज्ञ पुत्ररूप फलके साथ यजमानों को फल प्रदान करता है। तथा कर्म कराकर ब्राह्मणों को शीघ्र दक्षिणा देनेसे यजमानको तत्काल फलकी प्राप्ति होती है। यज्ञादि कर्मके पूर्ण हो जानेपर भी दैववश अथवा अज्ञानवश ब्राह्मणोंको दक्षिणा न देनेसे प्रतिक्षण वह दक्षिणा द्विगुणित हो जाती है। एक रात बीत जाने पर वह छः गुनी हो जाती है।

• तिलक(चन्दन) धारण की आवश्यकता-

स्नानं सन्ध्या पञ्चयज्ञान् पैत्र्यं होमादिकर्म यः। विना तिलकदर्भाभ्यां कुर्यात्तन्निष्फलं भवेत्॥

जा स्नान, सन्ध्या, पञ्चमहायज्ञ, तर्पण, श्राद्ध आदि पितृ कर्म तथा होम आदि कार्य तिलक और दर्भ(कुश) के बिना करता है, उसका फल निष्फल जाता है।

• यज्ञादि में धौत वस्त्र पहनना चाहियेः-वसिष्ठ

जपहोमोपचारेषु धौतवस्त्रपरो भवेत्। अलंकृतः शुचिर्मौनी श्राद्धादौ विजितेन्द्रियः॥

जप,होम आदि शुभ कृत्योंमें धोती पहन कर ही कर्म करना चाहिये और श्राद्ध आदि कृत्यमें पवित्र वस्त्रको धारण कर तथा जितेन्द्रिय एवं मौनी बनकर श्रद्धापूर्वक कर्म करना चाहिये।

• कुशके पवित्री(अंगुठी) की महत्ताः-

जपहोमहरा ह्येते असुरा दैत्यरूपिणः। पवित्रकृत-हस्तस्य विद्रवन्ति दिशो दश॥
यथा वज्रं सुरेन्द्रस्य यथा चक्रं हरेस्तथा। त्रिशूलं च त्रिनेत्रस्य ब्राह्मणस्य पवित्रकम्॥

जप और होमके फलकी हरण करनेवाले दैत्यरूपी असुर हाथमें पवित्र धारण किये हुए ब्राह्मणको देखकर दशों दिशाओंमें भाग जाते हैं। **जैसे इन्द्रका वज्र, विष्णुका चक्र और शिवका त्रिशूल शस्त्र कहा गया है, वैसे ही ब्राह्मणका रक्षक शस्त्र पवित्री कहा गया है।**

• पवित्री में कुश की संख्या विचारः-

चतुर्भिर्दर्भपिञ्जूलैर्ब्राह्मणस्य पवित्रकम्। एकैकन्यूनमुद्दिष्टं वर्णे वर्णे यथाक्रमम्॥
सर्वेषां वा भवेद् द्वाभ्यां पवित्रं ग्रथितं नवम्। चतुर्भिः शान्तिके कार्यं पौष्टिके पञ्चभिस्तथा॥
पैतृके तु त्रिदर्भाश्च द्वौ दर्भौ नित्यकर्मणि॥

अर्थात् ब्राह्मणके लिये चार कुशोंका पवित्री धारण करने के लिये कहा है। क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्रके लिये क्रमसे एक-एक कुश कम कर देना चाहिये। अथवा सभी वर्णके लिये नूतन और ग्रन्थियुत दो कुशोंका पवित्री होना चाहिए। शान्ति कर्ममें चार कुशोंका, पौष्टिक कर्ममें पाँच कुशोंका, पितृकर्म में तीन कुशोंका और नित्यकर्ममें दो कुशोंका पवित्री बनाना चाहिये।**(मार्कण्डेयः)**

• जप करते समय हाथसे माला गिरने या टूट जाने पर प्रायश्चित्त

माला यदि पतेद्धस्तात्तथा चैव विनश्यति। सहस्रं तत्र सञ्जप्यं ब्राह्मणान् भोजयेत्ततः॥
भोजनं ब्राह्मणानां तु सर्वानिष्टस्य नाशनम्। गायत्रीं वा जपेत्साष्टशतं भक्त्या समाहितः॥
ततोऽपरां नवां मालां तज्जातीयां वरानने। गृह्णीयात्तु कृते चैवं न विघ्नैरभिभूयते॥

यदि जप करते समय माला हाथसे गिर जाय या टूट जाय तो एक हजार बार मन्त्रका जप करे और ब्राह्मणभोजन करावे। ब्राह्मणको भोजन कराना सकल अरिष्टोंका विनाशक है। अथवा एकाग्र होकर भक्तिसे १०८ बार गायत्रीका जप करे। तदनन्तर दूसरी वैसी ही नई माला ग्रहण करे। ऐसा करनेसे पुरुषको विघ्न क्लेश नहीं देतें।

• जप गणनार्थ (गणना हेतु) विहित वस्तु-

लाक्षा कुसीदं(रक्तचन्दनम्) सिन्दूरं गोमयं च करीषकम्। एभिर्निर्माय गुटिकां जपसंख्या तु कारयेत्॥ (यामल)
नाक्षतैर्हस्तपर्वैर्वा न धान्यैर्न च पुष्पकैः। न चन्दनैर्मृत्तिकया च जपसंख्यां तु कारयेत्॥

लाख, लालचन्दन, कमलगट्टा, सिन्दूर, गोबर के गुटिका बनाकर जपकी गणना करनी चाहिए। अक्षत्से, हाथके पर्वसे, धान्यसे, पुष्पसे, चन्दनसे और मृत्तिकासे जपकी गणना न करे।

• यज्ञादि में यज्ञोपवीत धारण की आवश्यकता-

द्विजको सर्वदा यज्ञोपवीती होकर औरशिखा बाँधकर रहना चाहिये। शिखा और यज्ञो पवीतके बिना वह जो कुछ कर्म करता वह न किये हुएके सदृश ही होता है।

• यज्ञ में जलयात्रा की आवश्यकता-

शान्तिकं पौष्टिकं वापि जलयात्रां विना बुधः। कुरुते यदि वा मोहात्कर्म तस्य च निष्फलम्॥
तडागादिप्रतिष्ठासु देवतायतनादिषु। लक्षहोमे कोटिहोमेऽयुतहोमे तथैव च॥
व्रतोत्सर्गे महादाने यज्ञे वा वितते शुभे। जलयात्रां पुरा कृत्वा श्रेष्ठं कर्म समाचरेत्॥

जो शान्तिक वा पौष्टिक यज्ञादि कर्म जलयात्राके बिना करता है, तो उसका वह कर्म निष्फल जाता है। तडाग आदिकी प्रतिष्ठा करनी हो, देवमन्दिर आदिकी स्थापना करनी हो, लक्षहोम,कोटिहोम तथा अयुत हवन करना हो, एकादशी आदि व्रतका उद्यापन करना हो, सुवर्णका दान तुलादान, भूमिदान आदि महादान करना हो एवं मंगलमय महायज्ञ करना हो, तो पहले जलयात्रा करके तदुपरान्त श्रेष्ठ शुभ कर्मका अनुष्ठान करना चाहिये।**(यज्ञमीमांसा४१३)**

गर्भाधान-मुहूर्त्तः-

अश्वि, रो., मृ, उ.३, ह,स्वा, अनु., श्र., ध., श., चि, पुन., पु, नक्षत्रेषु। १।२।३।५।७।१०।११।१२।१३ तिथिषु। चं,बु,वृ,शु वारेषु। रात्रौ, रजोदर्शनानन्तरं चतुर्थरात्रितः १२ रात्रिं यावत्। शुभैः केन्द्र त्रिकोणगैः, पापैस्त्र्यायारिगैः, पुंग्रहदृष्टलग्ने, चन्द्रे विषमांशगे युग्मराशौ शुभम्।

सीमन्त-पुंसवन-मुहूर्त्तः

पुंसवनं गर्भतस्तृतीयेमासि कार्यम्। सीमन्तोन्नयनं च षष्ठेऽष्टमेमासे वा मासि मासाधिपतौ सबले कार्यम्। मृ. पुष्य, श्र., मू., पुन., हस्त, रो., रे, उ. ३, (जन्मभंविना) नक्षत्रेषु । १।२।३।५।७।१०।११।१३ तिथिषु, शुक्लपक्षे,कृष्णे ५ यावत्। सू., मं., वृ. वारेषु, मतान्तरेण शु.,चं. अपि पूर्वाह्ने, पुभस्यांगे तदंशे शुभम्। पापैः ३।६।११ स्थितैः,शुभैः १।४।५।७।९।१० स्थितैः, चन्द्रे २।३।४।५।९।१०।११ स्थिते, ४।८।१० पापरहितैः शुभम्।

जातकर्म-मुहूर्त्तः-

जातकस्य ग्रहदोषनाशाय आयुः श्रीवृद्धये च जन्मकाल एव जातकर्म पिता कुर्यात्। तदतिक्रमे एकादशे द्वादशेऽह्नि, चि., अनु रे., उ.३, रो, अश्वि,पुन, पु., स्वा, श्र., ध., श., नक्षत्रेषु पूर्णिमां विहाय शुभ तिथिदिनलग्नेषु शुभम्।

शिशोर्दुग्धपान मुहूर्त्तः-

अश्वि.,रो.,मृ.पुष्य, श्र.,पुन.,हस्त,रे, उ. ३, चि.,अनु.,ध.,शत.नक्षत्रेषु। शुभतिथिषु शुभदिनेषु, वृष-सिंह- वृश्चिक-कुम्भ लग्नेषु स्तनपानं शुभम्। अन्नप्राशनोक्त-दिनतिथिनक्षत्रेषु सूतिकापथ्यं शुभम्। भैषज्योक्तनक्षत्रेषु औषधिभक्षणञ्च शुभं वेद्यम्।

सूतिकास्नान मुहूर्त्तः

अश्वि.,रो., मृ. स्वाती अनु., उ.३, रे, नक्षत्रेषु । रवि, मंगल,गुरु दिनेषु, शुभलग्नेषु शुभदृग्युतेषु १।२।३।५।७।१०।११।१३।१५ तिथिषु सूतिकास्नानं शुभम्। आश्लेषा पू.३, ज्ये, ध., शत. नक्षत्रेषु मध्यम्।

प्रसूति-नखच्छेदन-मुहूर्त्तः-

अश्वि.,रो., मृ., पुन. पु. उ.३,हस्त,चित्रा, स्वाती,वि. अनु.,ज्ये, श्र. ,ध., शतभिषा नक्षत्रेषु । ३।५।७।१०।११।१३ तिथिषु, ३।५।६।७।८।११ लग्नेषु, शुभदिनेषु पूर्वाह्ने शुभम् ।

स्त्रीणां लाक्षाभरणधारण-मुहूर्त्तः

भ., आ., श्ले,म., वि., शत. रहित नक्षत्रेषु । शनि मंगल रहित दिनेषु शुभतिथौ स्त्रीणां लाक्षाभरणधारणं (लहठीधारणं) शुभंम्।

शिशु निष्क्रमण मुहूर्त्तः- जन्मतश्चतुर्थे मासि यात्रोक्तदिनतिथिनक्षत्रेषु द्वादशे दिवसे वा शुभं स्यात्।

शिशु-भूम्युपवेशन मुहूर्त्तः

आदौ पृथ्वीं वराहञ्च सम्पूज्य कुजवले पंचमे मासि उत्तरा३, रो. मृ. ,ज्ये अनु. अश्वि. हस्त पुष्य. अभिजित् नक्षत्रेषु रिक्तामारहिततिथिषु शुभदिनेषु वृष सिंह वृश्चिक कुम्भलग्नेषु शिशोः कटिप्रदेशे कटिसूत्रं वद्ध्वा पृथिव्यामुपवेशयेत्।.......

शिशु के भूमि पर बैठाने का मन्त्र -

रक्षैनं वसुधे देवि सदा सर्वगतं शुभम्। आयुः प्रमाणं सकलं निक्षिपस्व हरिप्रिये।।

अत्रैव शिशोरग्रे वस्त्रं, शस्त्रं, लेखिनीं, पुस्तकं सुवर्णं रौप्यञ्च स्थाप्यम्। तेषु बालो यं गृह्णाति तैस्तस्य वृत्तिः ज्ञातव्येति।

शिशुदर्शन मुहूर्त्तः

तृतीये मासे शुभ-तिथिदिन-नक्षत्रेषु पुष्प-फल-वस्त्र-द्रव्यादिनी शिशुदर्शनं शुभम्।

नामकरण-मुहूर्त्तः

विप्राणां ११, क्षत्रियाणां १३, वैश्यानां १६, शूद्राणां ३१ तमे दिने नामकरणं शुभम्। अथवा स्वा., पुन.,श्र.,ध., ह.,अश्वि.,पु.,अभि.,उ.३,रो.,मृ.,रे. , चि., अनु, नक्षत्रेषु। १।२।३।५।७।१०।११।१२।१३ तिथिषु। चं., बु. , वृ., शु. दिनेषु पूर्वाह्ने शुभम्। मध्याह्ने मध्यमम्। शुभलग्ने शुभैः १।४।५।७।९।१० स्थितैः पापैः ३।६।११ स्थैः ।८।१२ गृहे शुद्धे चन्द्रे २।३।५।९।१० स्थिते । लग्ने शुभांशे पितृपुत्रयोश्चन्द्रतारानुकूले उत्तरायणे शुद्धसमये शुभं नामकरणम्।

अन्नप्राशन - मुहूर्त्तः

कन्यकानां पञ्चममासतो विषममासेषु बालकानां षष्ठात्सममासेषु रो. उत्तरा.३, मृ., रे., चि., अनु., स्वा., पुन., श्र., ध., शत., ह., अश्वि., पु., अभि नक्षत्रेषु। २।३।५।७।१०।१३।१५ तिथिषु चं.,बु., वृ., शु., दिनेषु शुक्लपक्षे, पूर्वाह्ने, २।३।४।५।६।७।९।१०।११ लग्नेषु जन्मलग्नराश्योरष्टमलग्नमंशञ्च रहितेषु। शुभैः १।४।५।७।९।१० स्थितैः, पापैः ३।६।११ गतैः दशमस्थाने ग्रहरहिते शुभदृग्युतलग्ने, ४।६।८।१२ रहिते चन्द्रे अन्नप्राशनं शुभम्।

कर्णवेध- मुहूर्त्तः

१।२।३।५।६।७।१०।११।१२।१३।१५ तिथिषु, शुक्लेपक्षे, कृष्णे ५ यावत्,चं. , बु., वृ.,शु. दिनेषु जन्मतारां विहाय श्र., ध., पुन., ह., अश्वि., पु. , अभि.,मृ.,रे, चि., अनु. नक्षत्रेषु ६।७।८। मासे वा विषमवर्षे चैत्र-पौष-हरिशयन-रिक्ता-समवर्षाणि त्यक्त्वा,२।३।४ ।६।७।९।१२ लग्नेषु शुभैः १।४।५।७।९।१० गतैः, पापैः३।६।११गतैः, लग्नस्थे गुरौ शुद्धसमये शुभः।

चूडाकरण(मुण्डन-आद्यकेशकर्त्तन) मुहूर्त्तः

चैत्ररहितमासादि ६ मासे अग्रहायणे च। ज्येष्ठाग्रहणयोः ज्येष्ठसन्तानं विना विषमवर्षे अश्वि, मृ., पुन., पु., ह., चि., स्वा., ज्ये., अभि., श्र., ध., शत., रे मतान्तरेण रोहिणी, उत्तरा३ नक्षत्रेषु। चं, बु., वृ., शु. वारेषु २।३।५।७।१०।११।१३ तिथिषुशुक्ल पक्षे, कृष्णे ५ यावत्। २।३।४।८।९।१२ एतद्राशेर्लग्नांशे शुक्रवर्जिताष्टमशुद्धे, पापैः ३।६।११ गतैः शुभैः १।४।५।७।९।१० गतैः जन्मराशिलग्नयोरष्टमेतरलग्ने ४।६।८। १२ रहित चन्द्रे शुभम्।

अक्षरारम्भमुहूर्त्तः

उत्तरायणे पञ्चमवर्षे (वालो यदि क्षमस्तदा तत्पूर्वमपि) गणेशविष्णुसरस्वती लक्ष्मी-नवग्रह-कुलदेव-ग्रामदेवान् विधिवत् सम्पूज्य प्रथमाक्षरारम्भो विधेयः। अश्वि., आ., पुन., पु., ह., चि., स्वा., अनु., अभि.,श्र., रे. नक्षत्रेषु २।३।५।६।१०।११।१२ तिथिषु शुक्लपक्षे, कृष्णे ५ यावत्। चं., बु., वृ., शु., दिनेषु, वृष, मिथुन, कन्या, धनु, मीन, लग्नेषु तन्वांशे चोत्तमः। कुम्भांशकं विनाऽष्टमशुद्धे गुरौ दशमे बुधे सप्तमे, शुक्रे लग्ने ग्रहवलाढ्ये शुभम्।

विद्यारम्भमुहूर्त्तः

उत्तरायणे गणेशं विष्णुं लक्ष्मीं सरस्वतीञ्च सम्पूज्य अक्षरग्रहणे दृढे संजाते सति सूर्यबुधगुरुशुक्रवारेषु २।३।५।६।१०।११।१२ तिथिषु, अश्वि., मृ., आ., पुन., पु., आश्ले., ह., चि., स्वा., मू., पूर्वा. ३, श्र., ध., शत. नक्षत्रेषु, शुक्लपक्षे, कृष्णे ५ यावत् । लग्नाष्टमशुद्धे, शुभैः १।४।५।७।९।१० गतैः पापैः ३।६।११ गतैः वृष, मिथुन, कन्या, धनु, मीनान्यतमलग्ने तदंशे वा विद्यारम्भः शुभः।

उपनयन (व्रतबन्ध) मुहूर्त्तः

शुभ समये, उत्तरायणे माघादिषड्मासेषु सू. चं. बु. वृ. शु वारेषु (सामवेदीनां मंगलवारेऽपि) जन्ममासनक्षत्रादौ व्रतं शुभम्। २।३।५।१०।११।१२ तिथिषु शुक्लपक्षे पूर्वाह्ने च शुभम्। मकरार्के पौषे ११।१२, मकरार्के माघे १२, चैत्रे वैशाखे च तृतीया, वैशाखभिन्न मासानां द्वितीया, आषाढे १०।११ चोपनयने निषिद्धाः। अश्वि., रो., मृ., आ., पुष्य, आश्ले., पूर्वा३,उत्तरा३,ह.,चि., स्वाति, अनु., मू., श्र., ध., शत., रे. नक्षत्रेषु (क्षत्रियवैश्ययोः पुनर्वसावपि) शुभम्। ब्राह्मणानां पुनर्वसुनक्षत्रे उपनयनं निषिद्धम् । मन्वादियोगादिषु अपराह्ने सायं, प्रदोषेऽनध्याये, कृष्णपक्षे चोपनयनं निषिद्धम्। त्रिषडस्थाः खलाः सर्वे चन्द्रो द्विदूयूनदिक्त्रिगः। सौम्याः केन्द्र त्रिकोणस्थाः लाभे सर्वे व्रते शुभाः। लग्नेश-चन्द्र-शुक्र-गुरवः षष्ठगाः न शुभाः। चन्द्रशुक्रौ लग्नात् १२ गतौ न शुभौ। १।५।८ स्थाःपापा न शुभाः । ६।८।१२ गताःशुभाः न शुभ प्रदाः। ३।६।११ गताः पापाः शुभदा पूर्णचन्द्रो वृष-कर्क-लग्न-गतः शुभो नान्यथाः। लग्नेऽर्कः शुभः।

• **गुरुशुद्धि-** जंन्मराशितः उपनयनकाले २।५।७।९।११ स्थानगतः गुरु शुभः। ४।१०।१२ स्थानगतः शान्त्या शुभः। १।३।६।८ स्थानगतो निषिद्धः। रामाचार्यमतेन १।३।६।१० स्थान गतो गुरुः शान्त्या शुभः। ४।८।१२ स्थानगतो निषिद्धः। ब्राह्मणानां पञ्चवर्षतः षोडश वर्षपर्यन्तं, क्षत्रियाणां षड्वर्षादारभ्य द्वाविंशतिवर्षपर्यन्तं, वैश्यानामष्टवर्षादारभ्य चतुर्विंशतिवर्षपर्यन्तमुपनयनकालः। तत्रोपनयनारम्भ- कालात्सर्वेषां यथोत्तरं गौणकालोऽतः समये प्राप्ते सति यथापूर्वम् उपनयनं कार्यम्।

• **प्रदोषनिर्णयः-** यदा तृतीयायां प्रहरात्र्यभ्यन्तरे चतुर्थी, द्वादश्यां मध्यरात्र्यभ्यन्तरे त्रयोदशी, षष्ठ्यां सार्द्धप्रहररात्र्यभ्यन्तरे सप्तमी तिथिर्भवेत्तदा प्रदोषोऽवगन्तव्यस्तत्रोपनयनं निषिद्धम्।

• **वर- वरण मुहूर्त्तः-** शुभतिथिदिनलग्नेषु कृत्तिकापूर्वात्रयविवाहोक्तभेषु पुष्पफलवस्त्रादिभिः वरवरणंशुभम्।

• **वर वरण मन्त्र-** ओम् तस्मिन् कालेऽग्नि सान्निध्ये, स्नातः स्नातेह्यरोगिणि अव्यंगे अपतिते अक्लीवे(अमुक नाम्नीं)कन्यां पिता तुभ्यं प्रदास्यति।

• **कन्या वरण मुहूर्त्तः-** शुभतिथि दिन लग्नेषु कृत्तिका पूर्वात्रय विवाहभेषु च पुष्प फल वस्त्रादिभिः कन्यावरणंशुभम्।

• **विवाह-उपनयनादौ मण्डपादि निर्माण मुहूर्त्तः**

विवाहोपनयनादिशुभकर्मसु चन्द्रतारानुकूले दिने विवाहमुहूर्त्ते वैवाहिकमुपनयनादिमुहूर्त्ते चोपनयनादिकं सम्बद्धं मण्डपादि कार्यं विधेयम्।

विवाहः मुहूर्त्तः

मार्ग-माघ-फाल्गुन-वैशाख-ज्येष्ठ-आषाढमासेषु सौरक्रमेण (देवोत्थानात्परं हरिशयनात्प्रागेव) १।२।३।५।६।७।८।१०।११। १२।१३।१५ तिथिषु, सू. चं. बु. वृ. शु वारेषु, अश्वि. रो. मृ. म. उत्तरा ३, ह. चि. स्वा. अनु. मू. श्र. ध. रे. नक्षत्रेषु पंचशलाकावेधरहितेषु, वृष, मिथुन, कन्या, तुला, धनु, मीन, लग्नेषु, शुभग्रहेषु १।४।५।७।९।१० स्थितेषु, पापेषु ३।६।११ गतेषु शुभः। विवाहे यदि गुरुर्वा शुक्रो १।४।५।७।९।१० गतो भवेत्तदा सकलदोषं नाशयति। ज्येष्ठा कन्या, ज्येष्ठो वरः ज्येष्ठमासश्च त्रिज्येष्ठसंज्ञकस्तत्र विवाहो न कार्यः। ज्येष्ठ-कन्यावरयोः ज्येष्ठमासे विवाहो निषिद्धः। ज्येष्ठद्वयं मध्यमं स्यात्,आवश्यके कृत्तिकास्थं सूर्यं त्यक्त्वा ज्येष्ठमासेऽपि ज्येष्ठवरकन्योर्विवाहः शुभः।

• **विवाहोपरान्त प्रथम नदी-तलावादि मे स्नान-मुहूर्त्तः-**

विवाह दिनात्षोडशदिनमध्ये तदभावे मासपर्यन्तं।२।३।५।७।१०। ।१३ तिथिषु, चं.,बु.,गृ.,शु. ,दिनेषु, आर्द्रा,पुन.,पु.,आश्ले.,म.,पूफा.,उफा.,ह.,चि.,स्वा.,नक्षत्रेषु, वृष, मिथुन, कन्या, तुला, लग्नेषु शुभम्।

विस्तार:	१९	२१	१९	२१	२३	२१	२३	२५	२३	२५	२७	२५	२७	२९	२५	२७	२९	३१	२७	२९	३१	३३	२९	३१	३३	३५	३१	३३	३५	३७	३३	३५	३७	३९	३३	३५	३७	३९	४१	३५	३७	३९	४१	४३	३७	३९	४१	४३	४५	३९	४१	४३	४५
आय:	०७	०१	०५	०३	०१	०५	०७	०१	०५	०३	०१	०५	०७	०१	०७	०५	०३	०१	०३	०५	०७	०१	०७	०५	०३	०१	०३	०५	०७	०१	०७	०५	०३	०१	०१	०३	०५	०७	०१	०१	०३	०५	०३	०१	०१	०३	०५	०७	०१	०१	०७	०५	०३
वार:	०७	०७	०६	०७	०१	०७	०२	०४	०३	०६	०२	०१	०५	०२	०३	०१	०६	०४	०४	०३	०२	०१	०७	०७	०७	०७	०५	०६	०७	०१	०५	०७	०२	०८	०४	०७	०३	०६	०१	०७	०८	०१	०५	०२	०५	०३	०१	०६	०४	०५	०४	०३	०२
अंश:	०९	०९	०३	०९	०६	०९	०३	०६	०९	०९	०९	०३	०९	०६	०६	०९	०३	०६	०९	०९	०९	०९	०६	०३	०९	०६	०६	०९	०३	०६	०९	०९	०९	०९	०९	०६	०३	०९	०६	०३	०६	०९	०३	०६	०९	०९	०९	०९	०९	०९	०६	०३	०९
द्रव्यम्	१२	१२	०४	१२	०८	१२	०४	०८	१२	१२	१२	०४	१२	०८	०८	१२	०४	०८	१२	१२	१२	१२	०८	०४	१२	०८	०८	१२	०४	०८	१२	१२	१२	१२	१२	०८	०४	१२	०८	०४	०८	१२	०४	०८	१२	१२	१२	१२	१२	१२	०८	०४	१२
ऋणम्	०५	०३	०७	०१	०३	०७	०५	०३	०७	०१	०३	०७	०५	०३	०५	०७	०१	०३	०१	०७	०५	०३	०५	०७	०१	०३	०१	०७	०५	०३	०५	०७	०१	०३	०३	०१	०७	०५	०३	०३	०५	०७	०१	०३	०३	०१	०७	०५	०३	०३	०५	०७	०१
नक्षत्रम्	०६	१८	१३	०३	२०	१५	१०	०५	२७	२७	२७	२२	२७	०५	१७	२७	१०	२०	२७	१५	०३	१८	२०	१३	०६	२६	२३	२१	१९	१७	०९	१२	१५	१८	२४	०५	१३	२१	०२	२५	११	२४	१०	२३	०९	२७	१८	०९	२७	०३	२६	२२	१८
तिथि:	१२	०३	०१	०९	०२	१५	१०	०५	०३	१५	१२	१०	०९	०८	०५	०६	०७	०८	०३	०६	०९	१२	०५	१०	१५	०५	१०	०३	१०	०२	०६	१५	०९	०३	०९	०५	०१	१२	०८	१०	०८	०६	०४	०२	१५	१५	१५	१५	१५	०९	११	१३	१५
योग:	०३	०९	२०	१५	१०	२१	०५	१६	२७	२७	२७	११	२७	१६	२२	२७	०५	१०	२७	२१	१५	०९	१०	२०	०३	१३	२५	२४	२३	२२	१८	०६	२१	०९	१२	१६	२०	२४	०१	२६	११	१२	०५	२५	१८	२७	०९	१८	२७	१५	१३	११	०९
आयु:	७२	४८	१६	२४	३२	१२०	४०	८०	४८	१२०	७२	४०	२४	०८	८०	९६	११२	०८	४८	९६	२४	७२	८०	४०	१२०	८०	५६	४८	८०	३२	९६	१२०	२४	४८	२४	८०	१६	७२	०८	४०	०८	९६	६४	३२	१२०	१२०	१२०	१२०	१२०	२४	५६	८८	१२०
दैर्घ्यम्	४७	४९	४९	४९	४९	४९	५१	५१	५१	५१	५१	५१	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५९	५९	५९	५९	५९	५९	६१	६१	६१	६१	६१	६१	६१	६३	६३	६३	६३	६३	६३	६३	६५	६५	६५
विस्तार:	४७	४१	४३	४५	४७	४९	४१	४३	४५	४७	४९	५१	४३	४५	४७	४९	५१	५३	४५	४७	४९	५१	५३	५५	४७	४९	५१	५३	५५	५७	४९	५१	५३	५५	५७	५९	४९	५१	५३	५५	५७	५९	६१	५१	५३	५५	५७	५९	६१	६३	५३	५५	५७
आय:	०१	०१	०३	०५	०७	०१	०३	०१	०७	०५	०३	०१	०७	०१	०३	०५	०७	०१	०३	०१	०७	०५	०३	०१	०७	०१	०३	०५	०७	०१	०३	०१	०७	०५	०३	०१	०५	०७	०१	०३	०५	०७	०१	०५	०३	०१	०७	०५	०३	०१	०५	०७	०१
वार:	०१	०७	०७	०७	०७	०७	०३	०४	०५	०६	०७	०१	०१	०३	०५	०७	०२	०४	०१	०४	०७	०३	०६	०२	०३	०७	०४	०१	०५	०२	०७	०५	०३	०१	०६	०४	०७	०६	०५	०४	०३	०२	०१	०७	०७	०७	०७	०७	०७	०७	०२	०३	०४
अंश:	०६	०३	०६	०९	०३	०६	०९	०९	०९	०९	०९	०९	०३	०९	०६	०३	०९	०६	०९	०३	०६	०९	०३	०६	०९	०९	०९	०९	०९	०९	०३	०९	०६	०३	०९	०६	०६	०९	०३	०६	०९	०३	०६	०९	०९	०९	०९	०९	०९	०९	०६	०३	०९
द्रव्यम्	०८	०४	०८	१२	०४	०८	१२	१२	१२	१२	१२	१२	०४	१२	०८	०४	१२	०८	१२	०४	०८	१२	०४	०८	१२	१२	१२	१२	१२	१२	०४	१२	०८	०४	१२	०८	०८	१२	०४	०८	१२	०४	०८	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	०८	०४	१२
ऋणम्	०३	०३	०१	०७	०५	०३	०१	०३	०५	०७	०१	०३	०५	०३	०१	०७	०५	०३	०१	०३	०५	०७	०१	०३	०५	०३	०१	०७	०५	०३	०१	०३	०५	०७	०१	०३	०७	०५	०३	०१	०७	०५	०३	०७	०१	०३	०५	०७	०१	०३	०७	०५	०३
नक्षत्रम्	१४	०७	०८	०९	१०	११	१५	२१	२७	०६	१२	१८	०७	१८	०२	१३	२४	०८	०९	२५	२४	०३	१९	०८	२१	१५	०९	०३	२४	१८	१६	१५	२४	१३	१२	११	१७	२१	२५	०२	०६	१०	१४	२७	०९	१८	२७	०९	१८	२७	२०	०७	२१
तिथि:	०२	०७	११	१५	०४	०८	०३	०९	१५	०६	१२	०३	०७	१५	०८	०१	०९	०२	१५	१०	०५	१५	१०	०५	१२	०९	०६	०३	१५	१२	१३	१२	११	१०	०९	०८	०२	०३	०४	०५	०६	०७	०८	०९	१२	१५	०३	०६	०९	१२	०५	१०	१५
योग:	०७	१७	०४	१८	०५	१९	२१	२४	२७	०३	०६	०९	१७	०९	०१	२०	१२	०४	१८	२६	०७	१५	२३	०४	२४	२१	१८	१५	१२	०९	०८	२१	०७	२०	०६	१०	२२	२४	२६	०१	०३	०५	०७	२७	१८	०९	२७	१८	०९	२७	१०	१७	२४
आयु:	३२	११२	५६	१२०	६४	०८	४८	२४	१२०	९६	७२	४८	११२	१२०	०८	१६	२४	३२	१२०	४०	८०	१२०	४०	८०	७२	२४	९६	४८	१२०	७२	८८	७२	५६	४०	२४	०८	३२	४८	६४	८०	६९	११२	०८	२४	७२	१२०	४८	९६	२४	७२	८०	४०	१२०

दैर्घ्यम्	६५	६५	६५	६५	६७	६७	६७	६७	६७	६७	६७	६९	६९	६९	६९	६९	६९	६९	७१	७१	७१	७१	७१	७१	७१	७१	७३	७३	७३	७३	७३	७३	७३	७३	७५	७५	७५	७५	७५	७५	७५	७५
विस्तार:	५९	६१	६३	६५	५५	५७	५९	६१	६३	६५	६७	५७	५९	६१	६३	६५	६७	६९	५७	५९	६१	६३	६५	६७	६९	७१	५९	६१	६३	६५	६७	६९	७१	७३	६१	६३	६५	६७	६९	७१	७३	७५
आय:	०३	०५	०७	०१	०५	०३	०१	०७	०५	०३	०१	०५	०७	०१	०३	०१	०७	०१	०७	०५	०३	०१	०७	०५	०३	०१	०३	०५	०७	०१	०३	०५	०७	०१	०७	०५	०३	०१	०७	०५	०३	०१
वार:	०५	०६	०७	०१	०६	०१	०३	०५	०७	०२	०४	०५	०१	०४	०७	०३	०६	०२	०२	०६	०३	०७	०४	०१	०५	०२	०४	०२	०७	०५	०३	०१	०६	०४	०१	०७	०६	०५	०४	०३	०२	०१
अंश:	०६	०३	०९	०६	०६	०९	०३	०६	०९	०३	०६	०९	०९	०९	०९	०९	०९	०९	०९	०६	०३	०९	०६	०३	०९	०६	०३	०६	०९	०३	०६	०९	०३	०६	०९	०९	०९	०९	०९	०९	०९	०९
द्रव्यम्	०८	०४	१२	०८	०८	१२	०४	०८	१२	०४	०८	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	०८	०४	१२	०८	०४	१२	०८	०४	०८	१२	०४	०८	१२	०४	०८	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२
ऋणम्	०१	०७	०६	०३	०७	०१	०३	०५	०७	०१	०३	०७	०५	०३	०१	०७	०५	०३	०५	०७	०१	०३	०५	०७	०१	०३	०१	०७	०५	०३	०१	०७	०५	०३	०५	०७	०१	०३	०५	०७	०१	०३
नक्षत्रम्	०८	२२	०९	२३	२३	१५	०७	२६	१८	१०	०२	०९	०६	०३	२७	२४	२१	१८	०३	०५	०७	०९	११	१३	१५	१७	०४	११	१८	२५	०५	१२	१९	२६	१५	२७	१२	२४	०९	२१	०६	१८
तिथि:	०५	१०	१५	०५	०५	१२	०४	११	०३	१०	०२	०९	०३	१२	०६	१५	०९	०३	०६	०२	१३	०९	०५	०१	१२	०८	०१	१४	१२	१०	०८	०६	०४	०२	१५	१५	१५	१५	१५	१५	१५	१५
योग:	०४	११	१८	२५	२५	२२	१७	१३	०९	०५	०१	१८	०३	१५	२७	२१	२४	०९	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	०२	१९	०९	२६	१६	०६	२३	१३	२१	२७	०६	१२	१८	२४	०३	०९
आयु:	८०	४०	१२०	८०	८०	३२	६४	५६	४८	४०	३२	२४	८८	३२	९६	१२०	२४	८८	९६	३२	८८	२४	८०	१६	७२	[illegible]	[illegible]	१०४	७२	४०	०८	९६	६४	३२	१२०	१२०	१२०	१२०	१२०	१२०	१२०	१२०

• पिण्डवशेन गृहाणामायादिसाधनप्रकार: •

पिण्डे नवाङ्काङ्कगजाग्निनागनागाब्धिनागैर्गुणिते क्रमेण। विभाजिते नागनगाङ्कसूर्य-नागर्क्षतिथ्यृक्षखभानुभिश्च।। आयो वारोऽशको द्रव्यमृणमृक्षन्तिथिर्युति:। आयुश्चाथ गृहेशर्क्षगृहभैक्यं मृतिप्रदम्।। विषमाय: शुभ:, रविमङ्गलभिन्नदिनराश्यंशा: शुभा:, द्विराश्यात्मकनक्षत्रस्य शेषक्रमेण राशिज्ञानं कर्त्तव्यम्, द्रव्याधिकं ऋणाल्पञ्च गृहं शोभनम्. गृहनक्षत्राद्गृहारम्भदिनकनक्षत्रं गृहपतिनक्षत्रं यावच्च विगणय्य नवभक्ते शेषे २,४,६,८,० तारा: शुभा:, रिक्तामारहिततिथय: शुभा:, योगास्तु विष्कम्भ-अतिगण्डशूलगण्डवज्रव्याघातव्यतीपातवैधृतिभिन्ना: शुभा:, अधिकायुर्गृहं शोभनम्। गृहगृहेशयो: नक्षत्रैक्यं न शोभनं परञ्च राशिभेदे सति शोभनम्। अत्र नाडीवेधो न दोषावह:। पुनश्चात्राश्विन्यादिनक्षत्रत्रयं मेषराशि:, मघादित्रयं सिंह:, मूलादित्रयं धनूराशि:। शेषभेषु यथाक्रमेण राशय:।

वास्तु विचार

ग्रामवास.विचार–मस्तकक्त पञ्चलाभाय मुखे त्रीणि धनक्षयः। कुक्षौ पञ्च धनं धान्यं षटपादे स्त्री दरिद्रता।। पृष्ठे चैक पादहानिर्नाभौ चत्वा रिसंपदः। गुह्ये चैक भयं पीडा हस्ते चैक तु क्रन्दनम्।। वामे चैक करे भेदो ग्राम चक्रं नरां कृतिः। गणयेज्जन्मनक्षत्रं ग्राम नक्षत्रतः सदा।।

-ग्राम के नक्षत्र से वास पुरूष के नक्षत्र तक गिने तदनन्तरं अधोलिखित चक्र में

ग्रा.न.से. पु.ज.न.	५	३	५	५	६	१	४	१	१	१
अवयव	मस्तक	मुख	पेट	पेट	पैर	पीठ	नाभि	गुर्दा	दाया हाथ	वाया हाथ
फल	लाभ	धन हानि	धन धान्य	धन धान्य	स्त्री अभाव	पैर में पीडा	धन सम्पति	भय पीडा	युद्ध	मत भेद

भूमिपरीक्षण :- गृह निर्माण के पूर्व भूमि परीक्षण आवश्यक है वास्तुशास्त्र के अन्तर्गत भूमि शोधन की वहुत सी विधियां दी गयी है। किन्तु लोकव्यवहार में ये विधियां अत्यधिक प्रचलित हैं जो अधोलिखित हैं।

मध्येगृहे हस्तमितं खनित्वा सम्पूरयेत्पांशुभिराश्रुतस्य ।
सम्पूरयित्वा धिकतामुपेतःपांशुर्यदा तद्गृहमुत्तमं स्यात।।
समे समं न्यूनतरे सदोषं न कारयेत्तत्र गृहं दाचित् ।

जिस भूमि पर मकान वनाना हो तो उसके वीचों वीच एक हाथ लम्बा,एक हाथ चौड़ा,एक हाथ गहरा गड्ढा खोदना फिर उसी निकली हुई मिटी से उस गड्ढे को भर देना चाहिये यदि गड्ढा भरने से मिट्टी वच जाय तो उत्तम, बराबर हो जाय तो सम और मिट्टी कम हो जाय तो निषिद्ध होता है इस भूमि पर मकान नहीं बनवाना चाहिये।

तदा निशादौ तत्कृत्वा पानीयेन प्रपूरयेत्।
प्रातर्दृष्टे जले वृद्धिः समः पौ व्रणे क्षयः।।

पूर्व विधि से गढ्ढा खोदकर पानी से सायं काल में पूर्णरूप से भरकर प्रातःकाल देखने पर यदि जल दिखाई पड़े तो
शुभ, केवल कीचड़ बचा रहे तो सम और मिटी फट जाय तो भूमि हानिकारक होती है। वास्तुरत्नाकर के अनुसार जिस भूमि पर ओषधियॉ, वृक्ष, लतायें तथा हरी भरी घासें हों एवं भूमि समतल हो ऐसी भूमि निवास के लिये प्रशस्त मानी गयी है।

गजपृष्ठादि भूमि विचार :- गजपृष्ठ जिस स्थान में दक्षिण, पश्चिम,नैऋत्य और वायव्य कोण की ओर भूमि ँची हो उसको गज पृष्ठ कहा गया है। उस भूमि पर घर बनाकर रहने से धन-धान्य, संतान,आयु की वृद्धि होती है।

कूर्मपृष्ठ : जहां कें भूमि मध्य में उँच हो और चारों दिशाओं में झुकाव हो,वह कूर्मपृष्ठ भूमि कहलाती है। उस स्थान पर वास करने से नित्य उत्साह, धन-धान्य, संतान,आयु, आरोग्य, यश और प्रतिष्ठा की वृद्धि होती है।

दैत्यपृष्ठ: ईशानकोण,पूर्व और अग्निकोण में भूमि उच्च हो और पश्चिम में नीच हो तो वह दैत्यपृष्ठ कहलाती है। उसमें निवास करने से अशुभ फल मिलता है।

नागपृष्ठ :- जहाँ दक्षिण और उत्तर दोनों दिशा में भूमि उच्च हो, बीच में नीच हो तो वह भूमि नागपृष्ठ कहलाती है। यहाँ वास करने से सभी प्रकार की हानि होती है।

चारों वर्णो के आधार पर भूमि विवेचनः-

मधुरा दर्भसंयुक्ता घृतगन्धा च या मही। अन्तरप्रवणा ज्ञेया ब्राह्मणानां च सा शुभा।। रक्तगान्धा कषाया च शरवीरेण संयुता। रक्ताप्राक्प्रावणज्ञेया क्षत्रियाणंा च सा मही।। दक्षिण प्रवणा भूमिर्याऽम्ला दूर्वाभिरन्विता। अन्नगन्धा च वैश्यानां पीत वर्णा प्रशस्यते ।। पशिचमप्रवणा कृष्णा विकुण्टा काश संयुता। मद्यगन्धा मही धन्या शूद्राणां कटुका तथा।।

स्पष्टार्थ चक्र

ब्रह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र	वर्ण
उतरप्लव	पूर्वप्लव	दक्षिणप्लव	पश्चिमप्लव	प्लव
मधुर	कषाय	अम्ल	कटु	रस
घृतगन्ध	रक्तगन्ध	अन्नगन्ध	मद्यगन्ध	गन्ध
दर्भयुक्त	शपतयुत	बूवयुक्त	कशयुक्त	
श्वेतवण	रक्तवर्ण	पीतवर्ण	कृष्णवर्ण	वर्ण

सूर्य-चन्द्र वेध विचारः-चन्द्र वेधी मकान एवं जलाशय सूर्य वेधी शुभ होता है। ह्द या वाटिका सूर्य एवं चन्द्र वेधी दानों से शुभ होता है। पूर्व पश्चिम लम्बा मकान सूर्य वेधी और उत्तर-दक्षिण लम्बा मकान चन्द्रवेधी होता है चन्द्रवेधी मकान में धन और कुल की वृद्धि एवं सूर्यवेधी मकान में धन- धान्य एवं संतति की क्षति होती है। वाग-वगीचा सूर्यवेधी और चन्द्रवेधी दोनो प्रशस्त माना गया है। देवालय आदि के लिये सूर्यविध और चन्द्रवेध । का विचार नहीं होता ।(वास्तुरत्नाकरे)

पिण्ड ज्ञान- मकान की लम्बाई X चौड़ाई = मकान का पिण्ड होता है। **भवन के आय आदि का विचारः**- गृहपिण्ड को नव स्थानों मे रखकर क्रम से ९।९।६।८।३।८।८।४।८ इन अंको से अलग अलग दो २ का गुणा करके गुणनफल मे क्रमश-८।७।९।१२।८।२७।१५।२७।१२०। इन अंको से भाग देने पर जो शेष बचे वह क्रम से आय, वार, अंश, द्रव्य, ऋण, नक्षत्र, तिथि,योग और आयु होती है। कम आयु वाला मकान शुभ नहीं होता है।

१.आयः- ध्वज ,धूम्र ,सिंह ,श्वान ,वृष ,खर ,गज ,उष्ट्र अथवा काक ये आठ प्रकार के होते हैं इसमें विषम आय १, ३,५,७ हो तो शुभ एंव सम हो २,४,६,८ तो अशुभ होता है।

वार तथा अंश-सूर्य मंगल के वार राशियां और अंश मेषादिनवांश सर्वदा अग्नि भय करने वाले होते है। तथा शेष ग्रहो का वारादि अभीष्ट सिद्धि दायक होता है।

द्रव्य या धन:- यदि ऋण की अपेक्षा धन अधिक हो तो गृह शुभ होता है। ऋण अधिक हो तो अशुभ होता है।

नक्षत्र-गृह और गृह स्वामी का नक्षत्र एक हो तो गृह स्वामी की मृत्यु होती है।

तिथि :-शुक्ल प्रतिपदा से आरम्भ करके अमान्त तक ३० तिथियां होती हैं, उनमें ये ४,९,१४,१९,२४,२७,२९,३० तिथियां अशुभ होती हैं तथा शेष शुभ होती हैं। **योग** :-अतिगण्ड, शूल,गण्ड, व्याघात , वज्र, व्यतीपात, परिघ एवं वैधृति ये योग गृह में वर्जित है। **आयु** :- दीर्घायु मकान शुभ होता है एवं अल्पायु अशुभ होता है। आयु विहीने गेहे तु दुर्भगत्वं प्रजायते। **राशि** :-वासकर्ता का नाम राशि से २,९,५,१०,११ स्थानो में ग्राम की राशि हो तो वास कर्ता के लिये वह ग्राम, मुहल्ला शुभ एवं १,३,४,७,८ और१२ स्थानो में हो तो अशुभ होता है।

भवन के लाभ आदि का विचार :- अपनी २ वर्ग संख्या को द्विगुणित कर उसमें ग्रामादि वर्ग संख्या को जोड़कर उसमें ८ का भाग देने से जिसका शेष अधिक हो वह ऋणि होता है। अतः वासकर्ता की काकणी से गाँव,मुहल्ला या शाहर की काकणी हमेशा अधिक होनी चाहिये।

स्पष्टार्थ-चक्र

क्र.	वर्ग	नामाक्षर	वर्गेश	वर्ग संख्या	वर्ग की दिशा या कोण
१.	अवर्ग	अ,इ,उ,ए,ऐ,ओ,औ	गरूण	१	पूर्व दिशा
२.	कवर्ग	क,ख,ग,घ,ङ.	मार्जार	२	अग्नेय कोण
३.	चवर्ग	च,छ,ज,झ,ञ	सिंह	३	दक्षिण
४.	टवर्ग	ट,ठ,ड,ढ,ण	श्वान	४	नैर्ऋत्य कोण
५.	तवर्ग	त,थ,द,ध,न	सर्प	५	पश्चिम
६	पवर्ग	प,फ,ब,भ,म	मूषक	६	वायव्य कोण
७	यवर्ग	य,र,ल,व	मृग	७	उत्तर
८	शवर्ग	श,ष,स,ह	मेष	८	ईशान कोण

मण्डलानयनः-पिण्ड की लम्बाई + चौड़ाई में नव से भाग देने पर क्रम से १.दाता २.भूपति ३.क्लीव ४.चोर ५.पण्डित ६.भोगी ७.धनाढ्य ८.दरिद्र ९.कुबेर ये नव प्रकार के मण्डल होते हैं। इनका फल नामके सदृश होता है।

मण्डलेशानयनः- स्वामिहस्तप्रमाणेन दीर्घाविस्तारसंयुतम्। द्विगुणं चाष्टभिर्भक्तं मण्डलाधिप उच्यते।। इन्द्रो विष्णुर्यमो वायुः कुबेरो धूर्जटिस्तथा। विधाता विघ्नराजश्च मण्डलेशाः प्रकीर्तिताः।। इन्द्र सौख्यं यशो विष्णुर्यमो दुःखं निरन्तरम् वायश्चोच्चाटनं कुर्यात् कुबेरो धनदो भवेत्।। धूर्जटिः कलहो नित्यं धाता सौख्यप्रवृद्धिदम्। सर्वसिद्धिं गणाधीशः फलमुक्तं मनीषिभिः।।

स्पष्ट चक्र								
१ इन्द्र सुखद	२ विष्णु यश	३ यम दुःख	४ वायु उच्चाटन	५ धन कुवेर	६ महादेव कलह	७ विधाता सुखशान्ति	८ गणेश सर्वसिद्धि	शेष देव फल

ऑगन विचार:-ऑगन की लम्बाई चौड़ाई को आट से गुणा करके नव से भाग देने पर क्रम से १.तस्कर २.भोगी ३.पण्डित ४.दाक्षा ५.नृपति ६.नपुंसक ७.कुवेर ८.दरिद्र ९.भयदाता ये नव प्रकार के ऑगन होते हैं। इनका फल नाम के समान होता है। वीच में ऑगन उँचा और चारो तरफ नीचा शुभ फल दायक होता है। इसके विपरीत होने पर सन्तान नाशक होता है।

राहु दिशा विचार-देवालय,जलाशय और मकान के नींव खोदते समय राहु की दिशा का विचार आवश्यक होता है।

देवालये गेहे विधौ जलाशये राहोर्मुखं शम्भुदिशोर्विलोमतः।
मीनार्कः सिंहार्कः मृगार्कतस्त्रिभेखाते मुखात्पृष्ठविदिक्शुभाभवेत्।।

नींव या जलाशय आदि खोदते समय राहु के मुख भाग को छोड़कर पृष्ठ भाग से खोदना शुभ होता है।

कक्ष विवेचनं मुहूर्त चिन्तामणौ :-

स्नानाग्निपाकशयनास्त्रभुजश्च धान्यभांडारदेवतगृहाणि च पूर्वतःस्युः।
तन्मध्यतस्तुमथनाज्यपुरीषविद्याभ्यासाख्यरोदनरतौषध सर्वथाम्।।

स्नान कक्ष :- वास्तुशास्त्र के अनुसार स्नान घर वाथरूम भवन के पूर्व में होना चाहिये। स्नान घर में गिजर वाल सुखाने की मशीन आग्नेय कोण में स्थापित करना चाहिये। कक्ष के फर्श की ढाल उत्तर दिशा या पूर्व दिशा में रखनी चाहिये। शौचालय स्नान कक्ष के अन्दर नहीं होना चाहिये। किन्तु देशकाल के अनुसार स्नान कक्ष में शौचालय रखना हो तो नैर्ऋत्य कोण व दक्षिण दिशा के मध्य तथा नैर्ऋत्य कोण व पश्चिम दिशा के मध्य में बनवाना चाहिये। नल फव्वारा इत्यादि उत्तर पूर्वी क्षेत्र में,हाथ साफ करने के लिये स्थान पश्चिम दिशा में होना चाहिये। यदि कपड़े धोने की मशीन स्नान घर में रखनी है तो केवल दक्षिण पूर्व कोने में रखनी चाहिये।

भोजनालय :- इसके लिये सबसे उत्तम स्थान भवन का अग्नेय कोण में होता है। यह सम्भव न हो सके तो दूसरा स्थान अग्नेय कोण या पूर्व के मध्य में रखना चाहिये। भोजनालय में शुद्धजल हेतु नल ईशान कोण में व पूर्व दिशा के मध्य में गैस सिलेण्डर व गैसचूल्हा अग्नेय कोण में, खाद्यान्य भण्डार पूर्व दिशा में बरतन आदि दक्षिण यापश्चिम दिशा में रखना चाहिये। भोजन कक्ष पश्चिम दिशा में वनवाना चाहिये। अगर भोजनालय में हीं भोजन करना है तो पश्चिम दिशा में उत्तम स्थान माना जाता है। भण्डार रूम स्टोर रूम वायव्य मे उत्तम होता है।

शयन कक्ष :- गृह स्वामी का शयन कक्ष दक्षिण व पश्चिम में होना चाहिये। सर्वदा पूर्व या दक्षिण की तरफ शिर करके सोना चाहिये। **प्राक्शिरःशयने विद्याद् धनमायुश्च दक्षिणे।**
पश्चिमे प्रबला चिन्ता हानि मृत्युर्त्तयोत्तरे।।

पूजाघर :- ईशान कोण में देवताओं का वास होता है। इसलिये ईशान में पूजा घर शुभ होता है। पूजा के समय उत्तर दिशा या पूर्वदिशा की तरफ मुख होना चाहिये। पूजा घर में शयन नहीं करना चाहिये। स्थानाभाव में यदि शयन करना हो तो पूजा स्थल पर लाल परदा डाल कर रखें। हवन आदि की व्यवस्था अग्नि कोण में करना चाहिये। पूजा की दीदार एवं फर्श सफेद या हल्के पीला रंग का होना चाहिये। नैऋत्य कोण में अस्त्रशस्त्र कक्ष, अग्नि कोण में बिजली, जनरेटर अर्थात् उँर्जा से सम्बन्धित कक्ष, उत्तर दिशा मे कोषाघर, वायव्य में पशु गृह, अग्निकोण तथा पूर्व दिशा के मध्य मे घृत दधिमयन आदि का कक्ष उत्तर पश्चिम में अतिथि कक्ष या सामान्य कक्ष, नैऋत्य पश्चिम में अध्ययन कक्ष, वायव्य उत्तर में रति कक्ष, ईशान कोण मे चिकित्सा कक्ष, एवं नैऋत्य कोण में प्रसूति कक्ष वनवाना चाहिये।

द्वार विवेचन :- मकान की लम्बाई जिस दिशा में द्वार बनाना हो उस दिशा की लम्बाई वरावर-वरावर नव ९ भाग करके पाँच भाग दाहिने और तीन भाग वायें की तरफ छोड़कर शेष भाग में द्वार बनाना चाहिये।

शिलान्यासः-पहले दक्षिण-पूर्व के कोण में नींव के अंदरपूजा करके शिला की स्थापना करनी चाहिये, वाकी ४ शिलाओं को स्तम्भ-शिला के चारों तरफ स्थापित करना चाहिये।

गृहारम्भे वास्तु पुरूष स्थिति ज्ञानम् - गृहारम्भ की तिथि संख्या में ४ जोड़कर दूना करके उसमें गृहपति के नामाक्षर संख्या को जोड़कर ३ का भाग देना,यदि १ शेष बचे तो स्वर्ग में, २ शेष बचे तो पाताल में एव ० शून्य शेष बचे तो मृत्युलोक में वास्तु पुरूष का निवासी होता है। स्वर्ग एवं पताल में वास्तु पुरूष का निवास होने पर लाभ एवं लक्ष्मी की प्राप्ति होती है तथा मृत्युलोक में निवास होने पर कष्टदायक एवं मृत्युदायक होता है।

देव-मन्दिर के पास मकान बनाने का-ब्रह्मा के मन्दिर के वगल में तथा वि णु,सूर्य,शिव-मन्दिर के सामने, जैन-मन्दिर के पीछे, देवी-मन्दिर के किसी भाग में गृह बनाना शुभ नहीं होता है।

वास्तुदोष निवारण के उपायः-१.घर में वास्तुदोष होने पर उचित यहीं है कि उसे यथा संभव वास्तुशास्त्र के अनुसार ठीक करके ध्यान रहे निर्मित मकान का अधिक तोड़ फोड़ करने से वास्तुभंग दोष लगता है, ऐसी स्थिति में उसे वेंच कर दुसरा मकान बनाकर रहना उचित होता है। ऐसा संभव न हो सके तो वास्तुदोष के निवाराणार्थ वर्ष में कम से कम एक बार नौरात्रि में दुर्गासप्तशती का पाठ, श्रीरामचरितमानस का पाठ अखण्ड कीर्तन या भागवत यज्ञ आदि अवश्य करें। २.अमावश्या तिथि को गाय के उपले एवं समी की लकड़ी तिल,चावल,जौ,शक्कर,गुग्गुल ,जटामाशी तथा चन्दन चूर्ण मिलाकर गायत्री मन्त्र द्वारा ११०० आहूति करने से वास्तुदोष दूर हो जाता है। यह वर्ष में एक बार करना चाहिये। घर में तुलसी का पौधा लगाने से गृह में सुखशान्ति रहती है।

गोचरफल-बोधकचक्र

भाव	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु	स्थानहानि	सौख्य	बन्धन	भय	अभय	शत्रुनाश	नाश	कष्ट	रोग
धन	भय	धन	धननाश	धनाप्ति	धनाप्ति	धनागम	हानि	धन	धननाश
सहज	धन	लाभ	धनाप्ति	भीति	लाभ	शोक	लाभ	नैरुज्य	सुख
सुहृद्	मानहानि	रोग	भय	धन	धनहानि	लाभ	शत्रुवृद्धि	शत्रुवृद्धि	भीति
सुत	दैन्य	कार्यसिद्धि	धनक्षय	रोग	पुत्रसुख	पुत्राप्ति	धनपुत्रनाश	शोक	शोक
रिपु	विजय	शत्रुभय	विजय	अलाभ	शोक	शत्रुभय	द्रव्यलाभ	धन	धनाप्ति
जया	भ्रमण	लाभ	व्यय	विग्रह	मान	अशोक	स्त्रीकष्ट	हानि	दुर्गति
मृत्यु	पीड़ा	कष्ट	कष्ट	लाभ	क्लेश	विपत्ति	शत्रुभय	रोग	राजभय
धर्म	धर्महानि	मान	पीड़ा	रोग	धर्मरति	लाभ	धर्महानि	पापरति	बन्धन
कर्म	कार्यसिद्धि	सुख	शोक	सुख	उन्नति	दैन्य	दौर्मनस्य	वैर	शोक
आय	धन	लाभ	धनाप्ति	सौख्य	लाभ	धनाप्ति	आयुर्वृद्धि	सौख्य	सुयश
वय	कष्ट	व्यय	हानि	नाश	चिन्ता	हानि	हानि	शोक	धनक्षय

जन्म कालिक ग्रहों का भावफल(स्त्रियों के लिये)

भाव	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु	विधवा	अल्पायु	विधवा	पतिव्रता	पतिव्रता	शत्रुनाश	नाश	कष्ट	रोग
धन	दुः ख	पुत्रवती	दुःखिता	सौभाग्यवती	सौभाग्यवती	धनागम	हानि	धन	धननाश
सहज	पुत्रवती	धनाढ्या	पुत्रिणी	धनवती	पुत्रवती	शोक	लाभ	नैरुज्य	सुख
सुहृद्	दरिद्रा	दुर्भगा	अल्पसन्तति	सुखी	सुखी	लाभ	शत्रुवृद्धि	शत्रुवृद्धि	भीति
सुत	सन्ताननाश	कन्याधिक	पुत्रमरण	उत्तमसुख	उत्तमसुखी	पुत्राप्ति	धनपुत्रनाश	शोक	शोक
रिपु	धनवती	विधवा	धनयुक्त	क्लेशप्राप्ति	धनवती	शत्रुभय	द्रव्यलाभ	धन	धनाप्ति
जया	रोगिणी	प्रवासिनी	स्वामीनाश	क्षय	भयबन्धन	अशोक	स्त्रीकष्ट	हानि	दुर्गति
मृत्यु	विधवा	अतिकष्ट	धनवती	स्वजनवियोग	स्वजनवियोग	विपत्ति	शत्रुभय	रोग	राजभय
धर्म	धर्मनिष्ठा	पुत्रवती	कर्मकारिणी	उत्तमभोग	धर्मवृद्धि	लाभ	धर्महानि	पापरति	बन्धन
कर्म	परिश्रमी	व्यभिचारिणी	मृत्यु	धनवती	पतिधनी	दैन्य	दौर्मनस्य	वैर	शोक
आय	पुत्रवती	लक्ष्मीवती	पुत्रवती	सुखी	आयुष्मती	धनाप्ति	आयुर्वृद्धि	सौख्य	सुयश
वय	अतिव्ययी	दिनान्धा	वन्ध्या	सुपुत्रवती	सुशीला	हानि	हानि	शोक	धनक्षय

राशीनां स्वामिचरादिसंज्ञाघातादिचक्रम्

राशि	मे	वृ	मि	क	सिं	क	तु	वृ	ध	म	कु	मी
पति	म	शु	वु.	च	सू	वु	शु	मं.	वृ	श	श	वृ
संज्ञा	चर	स्थि	द्वि	चर	स्थि	द्वि	चर	स्थि	द्वि	चर	स्थि	द्वि
प्रकृ	पित्त	वात	सम	कफ	पित्त	वा	स	क	पि	वा	सम	क
आकृ	ह्रस्व	ह	सम	सम	दीर्घ	दी	दी	दी	स	स	ह	स
जाति	क्ष	वै	शू	वि	क्ष	वै	शू	वि	क्ष	वै	शू	वि
घामा	का	मार्ग	आपा	पौ	ज्ये	भा.	मा	आ	श्रा	वै	चै.	फा
घाति	नन्दा	पूर्णा	भद्रा	भद्रा	जया	पूर्णा	रिक्ता	नन्दा	जया	रिक्ता	जया	पूर्णा
दिन	र.	श.	चं.	वु.	श	श	वृ.	शु.	शु	मं	वृ	शु
नक्षत्र	म.	ह.	स्वा.	अनु	मू.	श्र	श	रे.	म.	रो.	आ	श्ले
योग	वि.	सु.	प.	व्या	धृ	शु.	शुक्ल	व्य	वज्र	वै	गं	वज्र
करण	वव	श.	च	ना	वव	कौ	तै	ग	तै	श.	वणि	वि
प्रहर	१	४	३	१	१	१	४	१	१	४	३	४
पु.चं.	१	५	९	२	६	१०	३	७	४	८	११	१२
स्त्रीचं.	१	८	७	९	४	३	६	२	१०	११	५	१२

ग्रहाणामुच्चादिबोधकचक्रम्

ग्रह	सू.	चं.	मं.	बु.	वृ.	शु.	श.	रा	के
उच्च	मे १०	वृ ३	म२८	कं१५	क५	मी२७	तु२०	मि	ध
नीच	तु १०	वृश्चि३	क२८	मी१५	म५	कं२७	मे२०	ध	मि
मूत्रि	सि	वृष	मे	कं	ध	तु.	कु	कु	सि
जातिः	क्ष	वै	क्ष	शू	ब्रा	ब्रा	चा	चा	चा
दिक्	पू	वा	द	उ	ई	अ	प	नै	नै
भाग्य	२२वर्ष	२४व	२८व	३२व	१६व	२५व	३६व	४२व	४८व
प्रकृतिः	पित्त	कफ	पित्त	सम	सम	वात	वात	वात	वात
पुसंज्ञा	पु	स्त्री	पु	नपुं	पु	स्त्री	नपुं	नपुं	पु
आकृति	ह	ह	ह	ह	दीर्घ	ह	दी	दी	दी

कारकग्रहाः- ग्रहेषु सर्वाधिकांशवानात्मकारकस्तन्न्यूनांशक्रमेणामात्य- भ्रातृमातृपितृ-पुत्रज्ञातिकारकाः ज्ञेयाः। अंशसाम्ये कलाधिक्यं, कलादिसाम्ये बलाधिक्यं ग्राह्यम्।

स्थिरकारकाः- तन्वादिभावानां क्रमेण सूर्य-गुरु-कुज-चन्द्रबुध- गुरु-भौम-शुक्र-शनि-सूर्यगुरु- रविबुधगुरुशनि-गुरु-शनयः स्थिरकारकाः भवन्ति।

स्वर्णादिचरणकजन्मज्ञानम्-जन्मकाले जन्मलग्नाच्चन्द्रे १।६।११ स्थिते स्वर्णपादे, २।५।९ स्थिते रजतपादे, ३।७।१० स्थिते ताम्रपादे,४।८।१२ स्थिते च लौहपादे जन्म ज्ञेयम्। आर्द्रादिद्वादशनक्षत्रेषु- रजतपादे, ज्येष्ठादिसप्तसु स्वर्णपादे, पूर्वभाद्रादिपञ्चसु ताम्रपादे, कृत्तिकादित्रिषु लौहपादे जन्म भवति।

तेषां फलम्-स्वर्णपादेत्युत्कृष्टं, रजतपादे शोभनं, ताम्रपादे मध्यमं, लौहपादे च हीनफलमिति।

हस्तरेखा-(हथेली में ग्रह पर्वत (Mounts) व उनका पफल)

हथेली में ग्रहों के पर्वतों का भी विशेष महत्त्व रहता है। अगर जन्म कुण्डली में कोई ग्रह वलवान होता है तो उस जातक की हथेली में भी उस ग्रह का पर्वत उभरा और स्पष्ट होता है। जिस व्यक्ति को अपनी जन्म-तिथि अथवा जन्म समय का ज्ञान नहीं होता, उस व्यक्ति की हथेली पर पर्वतों के आधर पर सही जन्म-कुण्डली का निर्माण किया जा सकता है। अंगूठे से जन्म लग्न मालूम किया जाता है। प्रथम अंगुली (तर्जनी) से वृहस्पति की स्थिति, मध्यमा से शनि, व अनामिका से सूर्य की स्थिति मालूम कर कुण्डली का निर्माण किया जा सकता है। तर्जनी के नीचे के स्थान को वृहस्पति का पर्वत कहते हैं। मध्यमा अंगुली के नीचे के स्थान को शनि का पर्वत कहते हैं। अनामिका अंगुली के नीचे के भाग को सूर्य पर्वत कहते हैं और कनिष्ठिका अंगुली के नीचे के स्थान को वुध पर्वत कहते हैं। अंगूठे के नीचे हथेली पर जो जीवन रेखा से घिरा हो उसे शुक्र पर्वत कहते हैं। उसी के वाँयी ओर हथेली में ऊँचे उठे पर्वत को चन्द्र पर्वत कहते हैं। हृदय रेखा के नीचे और मस्तिष्क रेखा के ऊपर ऊँचे उठे भाग को मंगल का प्रथम क्षेत्रा कहते हैं। शुक्र पर्वत के ऊपर और वृहस्पति, को मंगल का द्वितीय क्षेत्र कहते हैं। इस प्रकार सूर्य, चन्द्र, वुध, वृहस्पति, शुक्र शनि के एक एक ग्रह पर्वत तथा मंगल के दो ग्रह पर्वत हथेली में होते हैं। हथेली का मध्य भाग जो थोड़ा धंसा होता है उसे करतल मध्य कहते हैं। हथेली के मध्य भाग की अपेक्षा ग्रह पर्वत ऊँचे उठे होते हैं। अंग्रेजी में इन पर्वतों को डवनदजे कहते हैं।



सूर्य पर्वत (Sun Mount) यह पर्वत अनामिका अंगुली के नीचे होता है। सूर्य पर्वत उन्नत होने पर जातक उत्साही, कला प्रेमी, शिल्पविद्या में निपुण, भावुक, धनवान्, उदार होता है। अगर सूर्य का पर्वत धंसा हुआ हो तो उस जातक में उत्साह की कमी होती है और उसकी वुद्धि भी तेज नहीं होती। उसे सामाजिक कार्यों में प्रतिष्ठा प्राप्त नहीं होती। यदि क्रास का चिन्ह् हो तो अनावश्यक वदनामी प्राप्त होती है। यदि सूर्य पर्वत हथेली में साधारण रूप से उच्च हो तो काव्य-कला सौन्दर्य इत्यादि में अभिरूचि होती है। जिस व्यक्ति के हाथ में सूर्य का पर्वत उच्च हो उसे यश व प्रतिष्ठा प्राप्त होती है और वह धनवान होता है। सूर्य का पर्वत उठा हुआ हो तो व्यक्ति लेखक, यशस्वी, सुखी एवं वुद्धिमान होता है। सूर्य के पर्वत पर त्रिकोण का चिन्ह् हो तो जातक उच्च राज्यधिकारी, सरकारी क्षेत्रों में लाभान्वित, उच्च पदाधिकारी या लेखक अथवा कलाकार होता है। सूर्य-पर्वत पर विन्दु या वृत्त का चिन्ह् शुभ नहीं माना जाता। जिस व्यक्ति के हाथ में यह पर्वत हो ही न उसका जीवन साधारण सा होता है। इस पर्वत से प्रतिभा, यश, सम्मान, सुख व सफलता की जानकारी प्राप्त होती है। अगर सूर्य-पर्वत वुध पर्वत के साथ मिला हो तो ऐसे जातक नम्र स्वभाव वाले, वाहनादि सुखों से युक्त, ईमानदार, व्यवहार दक्ष होते हैं। यदि स्त्री के हाथों में यह लक्षण हों तो रूपवती, पति से प्रीति रखने वाली, हंसमुख व सुशीला होती है। सूर्य पर्वत पर अगर दो खड़ी रेखाएँ हों तो वह महाधनी होता है। अगर सूर्य का पर्वत शनि की ओर झुक जाए तो व्यक्ति एकान्तप्रिय व उदासीन होता है कभी-कभी निराशावादी वन जाता है।

चन्द्र पर्वत (Moon Mount) दाहिने हाथ में आयु रेखा से वांयी ओर भाग्य रेखा के पास और। मणिवंध रेखा से ऊपर चन्द्र पर्वत होता है। चन्द्र क्षेत्र सौन्दर्य-प्रियता; कल्पना काव्य, साहित्य आदि से सम्बन्ध रखता है। जिस व्यक्ति के हाथ में चन्द्र का क्षेत्र धंसा हुआ होता है, उसमें प्रायः कल्पना शक्ति का अभाव होता है। जिस व्यक्ति के हाथ में चन्द्र-क्षेत्रा उच्च होता है वह, साहित्य, काव्य, कला, संगीत, कल्पना, गायन आदि के कारण सपफल होता है धन, स्त्री, माता व विदेश यात्रा का सुख प्राप्त होता है। यदि चन्द्र क्षेत्र, साधारण हो तो पाचन शक्ति कमजोर होती है। चन्द्र-क्षेत्र का संपूर्ण भाग अत्यधिक उच्च हो और स्वास्थ्य के अन्य लक्षण हथेली में शुभ न हों तो सिर दर्द, पागलपन आदि के रोग होते हैं। चन्द्र-पर्वत अच्छा और उठाव हो तो मनुष्य सुखी, कला प्रेमी और शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत करने वाला होता है, अधिक उठा हुआ हो तो व्यक्ति में उतावलापन अधिक होता है और उसे क्रोध भी जल्दी आता है। चन्द्र पर्वत गहरा हो तो व्यक्ति चिन्ता-ग्रस्त होता है। चन्द्र-क्षेत्र पर त्रिकोण का चिन्ह् हो तो व्यक्ति गुप्त विद्याओं को जानने वाला होता है। इस पर्वत पर वर्तुल या कोई दाग का चिन्ह् हो तो मानसिक रोग एवं जलभय होता है। यदि इस पर ऊर्ध्व रेखाएँ हों, तो विदेश-यात्रा के अवसर मिलते हैं। इस पर आड़ी-तिरछी रेखाएँ विदेश में विघ्न व परेशानियां पैदा करती है। चन्द्र-क्षेत्र मणिवन्ध की ओर झुका हुआ हो व्यक्ति कल्पना लोक में विचरण करता है। चन्द्र-पर्वत से यदि कोई रेखा शुक्र पर्वत की ओर जावे तो वह व्यक्ति जलयात्रा करता है। चन्द्र प्रधान व्यक्ति कलाकार होते हैं तथा कोमलता और भावुकता इनके स्वाभाविक गुण होते हैं। चन्द्र पर्वत उन्नत हो तो जातक में कल्पना, भावुकता, सौन्दर्य प्रियता तथा प्रेम विशेष रूप से होता है। ऐसे व्यक्ति अच्छे कलाकार, संगीतकार, साहित्यकार और कवि होते हैं। जिस व्यक्ति के हाथ में चन्द्र-क्षेत्र अनुपस्थित होता है, वह कठोर हृदय का होता है।

मंगल पर्वत (Mars Mount) मंगल के दो क्षे होते हैं। पहला हथेली में वुध पर्वत एवं हृदय रेखा के नीचे एवं चंद्र पर्वत के ऊपर मंगल का स्थान है। दूसरा मंगल पर्वत वृहस्पति पर्वत के नीचे होता है जहाँ से जीवन-रेखा प्रारम्भ होती है। यह जीवन रेखा के अन्दर और शुक्र पर्वत की समाप्ति पर होता है। मंगल प्रधान व्यक्ति साहसी,निडर तथा शक्तिशाली होते हैं। जिनके हाथों में मंगल पर्वत वलवान होता है वे प्रभुत्वाकांक्षी, परिश्रम के कामों में दक्ष, लड़ाई-झगड़े में उत्साही होते हैं। धीरजता तथा साहस इनका प्रधान गुण होता है। नैतिक वलशाली, चंचल प्रकृति के सैनिक होते हैं। यदि मंगल पर्वत बहुत अधिक ऊँचा हो तो वह व्यक्ति दुराचारी, अकारण क्रोध करने वाला, समाज-विरोधी, निर्दयी होता है। ऐसे व्यक्ति स्वभाव से लड़ाकू तथा अपनी वात को ज़वरदस्ती मनवाने के आदी होते हैं। यदि मंगल का पर्वत नीचा हो तो व्यक्ति में सहन-शक्ति की कमी होती है, नास्तिक, डरपोक तथा शान्त विचार का होता है। यदि मंगल पर्वत का झुकाव शुक्र क्षेत्र की ओर होता है तो यह निश्चित समझना चाहिए कि उस व्यक्ति में सद्गुणों की अपेक्षा दुर्गुण विशेष होंगे। ऐसे व्यक्ति झूठी शान-शौकत, व्यर्थ का आडम्बर तथा प्रदर्शन प्रिय होते हैं। यदि मंगल पर्वत या राहु के पर्वत पर त्रिकोण का चिन्ह हो तो ऐसा व्यक्ति (कुशल, दृढ़-निश्चयी, उत्तम सेनापति अर्थात् प्रवन्धन क्षमता से युक्त होता है। मंगल पर्वत यदि बुध की ओर झुका हो तो ऐसा व्यक्ति अच्छी राय देने वाला, सलाहकार होता है। यदि मंगल पर्वत पर आड़ी-तिरछी रेखाएं हों और उनसे जाल-सा वन गया हो तो निश्चय ही उसकी मृत्यु दुर्घटना के फलस्वरूप होती है। मंगल का पर्वत यदि अशुभ, निर्वल हो तो ऐसे व्यक्ति को तीव्र ज्वर, पित्त विकार, शस्त्र, शत्रु, चोर व राजा से भय प्राप्त होता है। रक्त-विकार से पीड़ा होती है। यदि मंगल पर्वत भली प्रकार से विकसित हो तथा साथ ही हथेली का रंग भी लालिमा लिए हो तो वह व्यक्ति निश्चय ही ऊँचा पद प्राप्त करता है। संघर्षों एवं वाधाओं के वावजूद वह अपने लक्ष्य तक पहुँच जाने में पूर्ण सपफलता प्राप्त करता है।

वस्तुतः मंगल पर्वत से ही व्यक्ति साहसी, निर्भीक और स्पष्टवक्ता वनता है।

बुध पर्वत (Mercury Mount)– कनिष्ठिका ऊँगली के नीचे (मूल में) हृदय रेखा या मंगल पर्वत के ऊपर जो स्थान है उस स्थान को बुध पर्वत कहते हैं। यह पर्वत भौतिक सम्पदा एवं भौतिक समृद्धि का सूचक है। बुध का क्षेत्र अच्छा हो तो व्यक्ति को व्यापारिक एवं वैज्ञानिक कार्यों में सफलता मिलती है। ऐसा व्यक्ति बुद्धिमान, ज्योतिषी, धनी एवं कवि होता है। कानून का ज्ञाता, लेखक एवं हंसमुख प्रकृति का भी होता है। यदि बुध पर्वत अत्यन्त ऊँचा हो तो वह ठग, चालाक, धुर्त, विश्वासघाती और लफंगा भी होता है। ऐसे व्यक्ति धन के पीछे पागल रहते हैं। यदि बुध पर्वत नीचा हो तो अप्रसन्न, आलसी, धनहीन एवं मन्दबुद्धि होते हैं।

यदि बुध पर्वत सूर्य की ओर झुका हुआ हो तो ऐसा व्यक्ति जीवन में आसानी से सफलता प्राप्त कर सकता है। ऐसे व्यक्ति व्यापार कुशल, प्रतापी चिकित्सक, वकील, ज्योतिषी आदि होता है। ऐसे व्यक्ति विद्या-व्यसनी होते हैं। यदि बुध पर्वत मंगल पर्वत की ओर झुका हो तो ऐसा व्यक्ति अत्यन्त हंसमुख प्रकृति का होता है। यही फल मंगल, बुध दोनों के उच्च होने का भी समझना चाहिए। जिन व्यक्तियों के बुध व गुरु के पर्वत समान रूप से ऊँचे उठे हों, वे विद्याभ्यासी, संगीत प्रिय, सफल साहित्यकार, पत्रकार, लेखक होते हैं। श्रमवान और उद्यमी होते हैं। मान-सम्मान प्राप्त करने वाले होते हैं। बुध व शुक्र का पर्वत समान रूप से ऊँचे हों तो वह विलक्षण ज्ञान वाला, श्रृंगार प्रिय और संतति सुख से पूर्ण होता है।

जिनके हाथों में बुध पर्वत सही रूप से विकसित होता है, वे मनोविज्ञान के क्षेत्र में माहिर होते हैं। ऐसे व्यक्ति अवसरवादी एवं भौतिकवादी कहे जाते हैं। धन-संचय करने में ये उचित-अनुचित आदि का कोई ख्याल नहीं रखते। यदि बुध पर्वत पर कोई तिरछी रेखा आई हो तो उसे गुप्त परेशानी होती है। यदि इस पर त्रिकोण Δ का चिन्ह हो तो ऐसा व्यक्ति यशस्वी, मान प्रतिष्ठा वाला या व्यापारी होकर प्रचुर धन पैदा करता है। यदि बुध पर्वत पर दो चार खड़ी रेखाएँ हों तो वह डॉक्टर या औषधि संग्रहकर्ता होता है। यदि बुध का पर्वत ऊँचा उठा हुआ कुछ चौरस दिखे तो वह ज्योतिषी होता है। यदि हथेली पर बुध पर्वत का अभाव हो तो उसका जीवन दरिद्रता में ही व्यतीत होता है। लम्बी उंगलियों के साथ विकसित बुध पर्वत हो तो वह व्यक्ति स्त्रियों के प्रति विशेष आसक्ति रखने वाला होता है।

यदि बुध पर्वत अपने आप में पूर्णतः श्रेष्ठ एवं विकसित हो तो ऐसा व्यक्ति जीवन में पूर्ण सफलता प्राप्त कर सकता है।

वृहस्पति क्षेत्र (Jupiter Mount)– तर्जनी अुँगली के मूल भाग में राहु पर्वत के ऊपर शनि पर्वत के पास जो स्थान है उसे गुरु का क्षेत्र या गुरु पर्वत कहते हैं। हथेली में गुरु का पर्वत उच्च हो तो उस व्यक्ति में देव-तुल्य सभी गुण पाए जाते हैं। ऐसा व्यक्ति तेजवान, ओजस्वी, दर्शनीय विद्वान्, उदार, ज्योतिषी, अध्यापक होता है। वह धनधान्य युक्त, सदाचारी, सत्यवक्ता होने के साथ-साथ जहाँ स्वयं की उन्नति करता है, वहाँ दूसरों को उन्नति देने में सहायक रहता है। यदि गुरु का पर्वत अत्यन्त उच्च हो तो व्यक्ति आडम्बर वाला, मिथ्याभिमानी, स्वार्थी, धोखा देने में चतुर तथा स्वेच्छाचारी होता है।

यदि गुरु पर्वत अल्पविकसित या अविकसित होता है तो उन व्यक्तियों में उपर्युक्त गुणों की न्यूनता समझनी चाहिए। विपरीत योनि के प्रति इनके मन में कोमल भावनाएँ होती हैं। यदि गुरु पर्वत का झुकाव शनि की ओर हो तो ऐसा व्यक्ति चिन्तनशील तथा अपने ही कार्यों में लगा रहने वाला परन्तु जीवन में सफलता न मिल पाने के कारण धीरे-धीरे उसमें निराशा की भावना आने लगती है। यदि गुरु पर्वत राहु पर्वत की ओर झुका हो तो ऐसा व्यक्ति धूर्त तथा रोगी होता है। यदि गुरु, शुक्र का पर्वत एक समान ऊँचा हो तो ऐसा व्यक्ति असत्य वक्ता, शत्रु-युक्त, अविचारी, झगड़ालू तथा स्त्रियों के साथ रहकर भी उनसे कम प्रीति वाला होता है। यदि गुरु पर्वत निम्न तथा शनि पर्वत ही अधिक उठा हो तो वह समाज व घर वालों से घृणा करता है। तथा इन दोनों के एक समान ऊँचे होने पर धैर्यवान्, भाग्यवान और अदृष्टवादी होता है।

अगर वृहस्पति-क्षेत्र पर क्रास का चिन्ह हो तो जातक धार्मिक क्षेत्र में बहुत ऊँचा उठ जाता है। उसका वैवाहिक जीवन सानन्द रहता है। यदि गुरु पर्वत पर सीधी रेखा हो तो ऐसा व्यक्ति यशस्वी होता है परन्तु बहुत सी रेखाएं होने पर अपयश प्राप्त होता है। गुरु पर्वत पर त्रिकोण चिन्ह हो तो व्यक्ति सात्विक विचार, चतुर व कुशल होता है। यदि त्रिकोण के साथ सूर्य रेखा भी हो तो ऐसा व्यक्ति संस्था का मंत्री होता है। गुरु के पर्वत पर तारा का चिन्ह हो तो अच्छा फल देता है किन्तु परिवार की ओर से परेशानी कारक होता है। यदि गुरु के पर्वत पर गुणा (क्रास) का चिन्ह हो तथा तर्जनी के मूल में स्पष्ट हो तो उस व्यक्ति का विवाह सम्पन्न एवं कुलीन घराने में होता है। ऐसे व्यक्ति ससुराल पक्ष से सहयोग प्राप्त कर अच्छी उन्नति प्राप्त कर लेते हैं। गुणा का चिन्ह या अत्यन्त सूक्ष्म होने पर उसके मस्तक पर चोट चपेट आदि से कोई घाव अवश्य हो जाता है।

यदि व्यक्ति की उँगलियाँ नुकीली हों तथा गुरु पर्वत विकसित हो तो वह व्यक्ति अंधविश्वासी होता है। वर्गाकार उँगलियों के साथ विकसित गुरु पर्वत हो तो वह जीवन में निरंकुश तथा अत्याचारी बन जाता है। यदि उँगलियाँ लम्बी हों तो वह व्यक्ति अपव्ययी तथा भोगी होता है। यदि गुरु पर्वत अशुभ हो तो उसे कुष्ट, चर्म, क्षय-रोग, गठिया, पीलिया तथा फेफड़े सम्बन्धी रोग रहता है।

वस्तुतः गुरु पर्वत जीवन में अत्यधिक सहायक तथा उन्नति की ओर अग्रसर करने वाला पर्वत कहा गया है।

शुक्र पर्वत (Venus Mount)– अंगूठे के नीचे और जीवन रेखा के भीतर का भाग शुक्र क्षेत्र कहलाता है। शुक्र पर्वत से सौन्दर्य प्रियता, काम वासना, संगीत प्रियता, स्वास्थ्य, संतान उत्पन्न करने की शक्ति का विचार किया जाता है। अगर किसी व्यक्ति के हाथ में शुक्र का पर्वत उठा हुआ न हो तो उस व्यक्ति में उपर्युक्त गुण न्यून मात्रा में होता है। शुक्र क्षेत्र का साधारण उच्च होना अच्छा है। साधारण उच्च होने पर जातक में उपर्युक्त सभी गुण पाये जाते हैं।

शुक्र का अति उच्च होना अशुभ होता है। अति उच्च होने पर मनुष्य अत्यधिक विलासी, व्यभिचारी व कामुक होता है। शुक्र पर्वत उठावदार व शुभ होने पर व्यक्ति निरोगी होता है, और वह सुख-शान्तिपूर्वक जीवन व्यतीत करता है। उसकी ललित-कला में अधिक रुचि होती है। यदि शुक्र पर्वत धंसा हुआ अथवा गहरा हो तो वह व्यक्ति नपुंसक होता है तथा धातु रोग से ग्रसित होता है। शुक्र पर्वत पर व्रत या विन्दु के चिन्ह अशुभ होते हैं। शुक्र क्षेत्र से कोई रेखा वृहस्पति की ओर जावे तो उस व्यक्ति को यश, प्रतिष्ठा प्राप्त होती है। यदि कोई रेखा शुक्र से निकल कर भाग्य रेखा को काटे तो धन हानि होती है। शुक्र पर्वत हथेली में अनुपस्थित होने पर व्यक्ति निर्मोही हो जाता है। वह उदासीन व सन्यासी बन जाता है। हाथ में शुक्र पर्वत अच्छा होने पर चेहरा लावण्यमय व प्रभावशाली होता है।

शनि पर्वत (Saturn Mount)– यह मध्यमा अंगुली के नीचे होता है। एकान्त-प्रियता, परिश्रम-शीलता व किसी वस्तु का गंभीरता पूर्वक अध्ययन इसके स्वाभाविक गुण है। यदि शनि पर्वत अत्यधिक उन्नत हो तो उस जातक पर शनि का प्रभाव अधिक रहता है। अतः वह मनुष्य चिन्तायुक्त व दुःखी रहता है तथा अविश्वासी होता है। अगर शनि का क्षेत्र साधरण उन्नत हो तो वह जातक विचारशील होता है। अगर शनि का पर्वत विगड़ा हुआ हो तो उस मनुष्य का स्वास्थ्य खराब रहता है व विशेष रूप से वह पित-वात रोग का रोगी होता है। शनि का पर्वत उठावदार व शुभ हो तो उस व्यक्ति का जीवन सुखी होता है।

आवश्यकता से अधिक उठा हुआ हो तो वह एकान्त-प्रिय और वैराग्य की भावना रखने वाला होता है। शनि का पर्वत गहरा होने पर मनुष्य का जीवन दुःखी होता है और वह कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत करता है। जिस व्यक्ति के शनि पर्वत पर त्रिकोण का चिन्ह हो, वह यौगिक क्रियाओं और गुप्त विद्याओं को जानने वाला होता है। शनि पर्वत पर वृत या विन्दु के चिन्ह दुःख व दरिद्रता के चिन्ह होते हैं। शनि पर्वत प्रधान व्यक्ति एकान्त-प्रिय होने के कारण भीड़ से बचना चाहते हैं। शनि क्षेत्र प्रधान व्यक्ति प्रायः इन्जिनियर, जादूगर, साहित्यकार व वैज्ञानिक होते हैं। नृत्य, गान, संगीत इत्यादि में इनकी रुचि नहीं होती है। ये संदेहशील प्रकृति के व्यक्ति होते हैं। शनि क्षेत्र अत्यधिक विकसित होने पर जातक आत्महत्या तक कर लेता है। वे स्वभाव से उदासीन व चिड़चिड़े होते हैं। जिस व्यक्ति के हाथ में शनि पर्वत वृहस्पति की ओर झुका हुआ हो तो श्रेष्ठ होता है। उस व्यक्ति में वृहस्पति के गुणों का समावेश हो जाता है। वह व्यक्ति उन्नतशील बन जाता है। सूर्य की ओर झुका हुआ होने पर व्यक्ति निष्क्रिय व उदासीन हो जाता है। शनि क्षेत्र पर रेखाएं शुभ होती है परन्तु चिन्ह जैसे वृत्त आदि अशुभ माने गए हैं।

ऊपर संक्षेप में भिन्न ग्रह क्षेत्रों के लक्षण और फल बताये गये हैं। किसी हाथ में एक, किसी में दो, किसी में तीन ग्रह क्षेत्र उच्च रहते हैं। इसलिए अलग-२ फलों का मिलान पर, परिणाम में जो फल आवे, वह कहना चाहिए।

विवाह सम्बन्धी योग–

(१) यदि किसी स्त्री के हाथ में भाग्य रेखा का उदय चन्द्र पर्वत से हुआ हो और वह स्पष्ट रूप से आगे बढ़ती हुई शनि के पर्वत पर चली गई हो तो ऐसी स्त्री विवाह के वाद अपने पति के अधीन रहती है।

(२) यदि स्त्री के दाएँ हाथ में भी ऐसी ही रेखा हो तो उसको उन्नति तथा भाग्योदय में सहायक प्राप्त होती है।

(३) यदि स्त्री के हाथ में भाग्य रेखा चन्द्र पर्वत से उदित होकर गुरु-पर्वत पर गई हो वह धनी पुरुष की पत्नी होती है। उसे सुख, यश एवं विदेश-गमन आदि के लाभ प्राप्त होते हैं।

(४) यदि विवाह रेखा में से एक शाखा हृदय-रेखा की ओर लटकी हुई हो परन्तु हृदय-रेखा से मिली न हो तो ऐसी स्त्री का पति शरावी होता है।

(५) यदि हृदय रेखा गुरु क्षेत्र से उदय हो तथा चन्द्र से निकलती हुई भाग्य रेखा आकर हृदय-रेखा में विलीन हो गई तो ऐसी स्त्री को अत्यधिक प्रेम करने वाला पति प्राप्त होता है।

(६) यदि हृदय-रेखा श्रृंखलाकार होकर वीच में शनि-क्षेत्र की ओर झुकी हुई हो तो ऐसी रेखा वाली स्त्रियों को पुरुषों की परवाह नहीं रहती।

(७) यदि भाग्य-रेखा, चन्द्र क्षेत्र से प्रारम्भ होकर सुन्दर गहरे रूप में वृहस्पति के क्षेत्र तक चली जाये तो उस स्त्री का अपने पति अथवा किसी अन्य पुरुष की सहायता से भाग्योदय होता है।

(८) यदि किसी विवाह-रेखा स्पष्ट तथा सुन्दर हो, साथ ही चन्द्र क्षेत्र से आई हुई कोई प्रभाव रेखा भाग्य रेखा में आकर मिल जाये तो ऐसी स्त्री का विवाह किसी धनी कुल में होता है। उसे अपने सम्बन्धियों के अतिरिक्त अन्य व्यक्ति के सहयोग से भाग्योदय होता है।

(९) यदि विवाह-रेखा में से पतली-पतली शाखायें निकलकर हृदय रेखा की ओर गई हो तो ऐसी स्त्री के पति का स्वास्थ्य खराब रहने के कारण दाम्पत्य सुख में बाधा होती है।

कालसर्प योग–चामत्कारिक शुभ फल भी देता है

कालसर्प योग जन्म कुण्डली में उस स्थिति में बनता है, जब कुण्डली में समस्त ग्रह राहु-केतु के एक ओर स्थित होते हैं। ज्योतिष जगत में 'कालसर्प योग' के विषय में बड़ी चर्चाएँ हैं। प्राचीन विचारधारा के ज्योतिर्विदों का कहना है कि प्राचीन ग्रन्थों में कालसर्प योग का कहीं उल्लेख नहीं है। आधुनिक ज्योतिर्विद जातक के जन्मांग में कालसर्प योग की जो स्थिति बनाते हैं, वह स्थिति पहले भी होती थी, जिसे राहु की दशा कहा जाता था। अति प्राचीन ज्योतिर्विदों ने **'कालसर्प योग'** शब्द का प्रयोग नहीं किया। परन्तु महर्षि पराशर एवं वराह मिहिर ने अपने ग्रन्थों में **'सर्प योग'** की चर्चा की है। वृहद्जातक तथा वृहत् पराशर होराशास्त्र में– योगः प्रोक्तकाल सर्पश्च .....।। एवं 'राहुकेतुमध्ये ग्रहा सर्वे विघ्नदा काल सर्प संज्ञकः तदा काल सर्पयोगस्य विषविघात जीवने भयावह पुनः पुनरपि शोकं च। मानसागरी के अध्याय ४ में स्पष्ट उल्लेख है कि **"लग्नाच्च सप्तमे स्थाने शनि राहु संयुतौ। सर्पेण बाधा तस्योक्ता शय्यायां स्वपतोऽपिच।।410।।"** यदि सप्तम भाव में शनि राहु के साथ हो तो उस जातक की मृत्यु 'सर्पदंश' से होती है। इसी सर्प योग को हम **'कालसर्प योग'** भी कहते हैं।

[राहु वायुकारक, छाया व अशुभ ग्रह होते हुए भी प्राणी को दुःखों की अग्नि में तपाकर उसे कुन्दन की भान्ति निखारने एवं परिष्कृत करने का कार्य करता है। दुःखों से व्याकुल होकर ही मनुष्य की शक्तियों का स्मरण करता है।]

कुछ विद्वान लोग यह प्रश्न करते हैं कि **'कालसर्प योग'** अस्तित्व में कैसे आया? तो यह प्रश्न अनुचित नहीं है क्योंकि अधिकांश ग्रन्थों में **'सर्प योग'** की तो चर्चा है किन्तु **'कालसर्प योग'** की नहीं। 'काल' शब्द जोड़ दिया जाए, तो साधारण प्राणी के मस्तिष्क में उसका प्रथम अर्थ 'मृत्यु' ही आएगा और जब 'काल' शब्द के साथ 'सर्प' जुड़ा हो, तब तो प्रथम दृष्ट्या जातक भयभीत हो जायेगा। समाज में सामान्य रूप से **'काल'** और **'सर्प'** दोनों प्रथमतः भयावह ही हैं। यह तो उसे धैर्य बंधाने और समझाने पर ही समझ में आयेगा कि 'काल' का अर्थ है समय और 'सर्प' हमारे पूज्य देवता हैं, नाग की पूजा और शिव भक्ति से हमें ऊर्जा प्राप्त होकर मन को शान्ति मिलती है। राहु-केतु की महादशा एवं कालसर्प/पितृदोष से पीड़ित जातकों की ऊर्जा शक्ति क्षीण हो जाती है। इसलिए नाग पूजा एवं शिवभक्ति का विधान हमारे शास्त्रों ने सुझाया है। इससे जातक को आने वाले कष्टों से राहत होंगे।

राहु-केतु छाया ग्रह हैं। जैसे प्राचीन चरक संहिता में कैंसर एवं एड्स जैसे रोगों का उल्लेख नहीं है, परन्तु ये रोग नहीं है, ऐसा नहीं माना जा सकता। इसी प्रकार कालसर्प योग जब सभी सात ग्रह राहु और केतु या केतु या राहु के मध्य आ जाते हैं, तो राहु के प्रभाव से अन्य ग्रह निष्प्रभावी हो जाते हैं और राहु का अधिक प्रभाव आता है, जन्मकुण्डली में कालसर्प योग का निर्णय करते समय विशेष सावधानी वरतनी चाहिए। राहु या केतु के साथ अन्य ग्रहों का साहचर्य की स्थिति में भाव-स्पष्ट कर लिए जाएँ तो इस योग में और भी अधिक स्पष्टता आ जाएगी। जैसे-लग्न भाव से निर्मित कालसर्प योग में यदि राहु के साथ मंगल या कोई भी ग्रह है तथा उसके भोगांश राहु से अधिक हैं तो कालसर्प योग दोषपूर्ण नहीं होगा, बल्कि योगकारक बनता है। कुछ विद्वान तो इसे भंग कालसर्प दोष की कुण्डली मानते हैं।

वैदिक रूप से राहु का अधिदेवता काल, प्रति अधिदेवता सर्प है, जबकि केतु का अधिदेवता चित्रगुप्त एवं प्रतिअधिदेवता ब्रह्माजी हैं। कालसर्प योग से सम्बन्धित जन्मकुण्डलियों के अध्ययन करने पर यह दिखाई पड़ता है कि कुछ कालसर्प योग से युक्त जातक असहनीय कष्ट झेल रहे हैं और कुछ उत्तरोत्तर समृद्धि, वैभव प्राप्त कर रहे हैं। व्यक्ति जब पद, प्रतिष्ठा, धन, परिवार आदि के मद में चूर हो जाता है, तब वह अपने सम्माननीय माता-पिता, पितर तथा आश्रित अन्य लोगों को सम्मान न देकर उनसे सम्मान कराने की इच्छायें रखता है और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है, उसी का प्रभाव अगले जन्म में कालसर्प योग के रूप में आता है। इसके विपरीत अपने माता-पिता आदि की यथाशक्ति सेवा करते हैं, उन्हें कालसर्प योग अनुकूल हो सुखी बनाता है।

सामान्यतः कालसर्प योग का प्रभाव जीवनपर्यन्त रहता है, परन्तु राहु अथवा केतु की दशाऽन्तर्दशा में इसके प्रभाव, फलों का प्रादुर्भाव होते देखा जा सकता है। एक अन्य मान्यतानुसार कालसर्प योग यदि किसी जातक की कुण्डली में प्रथम छः भावों में बनता हो, तो उसे जीवन के पूर्वार्द्ध भाग में विशेष संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहता है। [इस स्थिति में राहु सप्तम में तथा केतु लग्न भावस्थ होगा।] इसी भाँति यदि राहु और केतु के मध्य सभी सातों ग्रह सप्तम भाव से द्वादश भावों के बीच पड़ते हों, तो तत्सम्बन्धित योग के प्रभावस्वरूप मनुष्य को जीवन का उत्तरार्द्ध भाग विशेष कठिन परिस्थितियों में से गुजारना पड़ता है। ध्यान रहे, इस योग की गणना राहु से लेकर केतु तक करनी चाहिए।

जातक की कुण्डली में प्रथम छः भावों में बनता हो, तो उसे जीवन के पूर्वार्द्ध भाग में विशेष संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहता है। [इस स्थिति में राहु सप्तम में तथा केतु लग्न भावस्थ होगा।] इसी भाँन्ति यदि राहु और केतु के मध्य सभी सातों ग्रह सप्तम भाव से द्वादश भावों के बीच पड़ते हों, तो तत्सम्बन्धित योग के प्रभावस्वरूप मनुष्य को जीवन का उत्तरार्द्ध भाग विशेष कठिन परिस्थितियों में से गुजारना पड़ता है। ध्यान रहे, इस योग की गणना राहु से लेकर केतु तक करनी चाहिए।

कालसर्प का शुभाशुभ फल द्वादश भावों में राश्यानुसार अलग-अलग होता है।

1. अनन्त कालसर्प योग– प्रथम व सातवें भाव से निर्मित कालसर्प योग मनुष्य के व्यक्तित्व, शरीर, सिर, आत्मा एवं पिता की माता (दादी) पर जीवन पर्यन्त प्रभावी रहता है। 42 वर्ष की आयु तक अथवा राहु की महादशा में विशेष प्रभाव देखा जा सकता है।

अशुभ प्रभाव– शारीरिक रोग, कष्ट व मानसिक तनाव अधिक रहता है। जीवन में संघर्ष अधिक करना पड़ता है। वैवाहिक जीवन में असन्तोष बना रहता है। जातक जीवन पर्यन्त उदर विकार से पीड़ित रहता है। वचपन में अथवा बड़े होने तक पेट में कीड़े होते हैं। प्रायः इसको शौच सम्वन्धी कष्ट बना रहता है। यह तब और भी अधिक प्रभावी होता है, जब लग्न एवं राशि एक ही हो। जातक को स्वप्न में सूर्य एवं मृत्यु लोग की आत्माएँ दिखती हैं।

शुभ फल– यदि यह अनन्त कालसर्प योग वृष एवं मिथुन, सिंह राशि पर आता है, तब राजयोगकारक भी होता है। जातक प्रायः विदेश गमन भी करता है। रविक्षेत्रोदये राहौ राजभोगाय सम्पदि।। वैद्यनाथ। गुप्त युक्तियों द्वारा लाभ व उन्नति प्राप्त करने वाला, बाहरी तौर पर सज्जन परन्तु भीतर से चालाक प्रवृत्ति का होगा।

2.कुलिक कालसर्प दोष– द्वितीय व आठवें भाव से निर्मित कालसर्प दोष में यदि राहु अशुभ हो, तो जातक को कुटुम्ब एवं धन सम्बन्धी उलझनों का सामना रहता है। अत्यन्त कठिन एवं विषम परिस्थितियों में निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन बनते हैं। गुप्त रोग होने की संभावना रहती है। जातक प्रायः अपनी वाणी पर संयम नहीं रख पाता। कभी-कभी मुख सम्बन्धी रोग, गले या श्वास सम्वन्धी परेशानी उत्पन्न हों।

शुभ फल– अचानक धन की प्राप्ति होती है। गड़ा धन, लॉटरी, सट्टा आदि से भी ध न का आगम हो सकता है। परिवार ख्याति प्राप्त एवं संयुक्त होता है। जातक धन की अपेक्षा कीर्ति को अधिक मूल्यवान समझता है।

3. वासुकि कालसर्प योग– तृतीय एवं नवम भाव में निर्मित इस योग से अपने निकटस्थ भाई- बन्धुओं के कारण ही विविध परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विदेशों में अथवा भ्रमणशील (घूमने-फिरने) के कार्यों द्वारा धनार्जन होता है।

शुभ प्रभाव– तृतीयेश उच्च स्थानस्थ होकर भाग्येश, पंचमेश या राज्येश से युति होने पर एवं राहु के तृतीय भाव में वृष या मिथुन या कन्या राशिस्थ होने पर अखण्ड साम्राज्य प्रदान करता है। राजनीति में विशेष सफलता देता है। भाई-वहन होते हैं तथा उनसे सहयोग भी प्राप्त होता है। यदि गुरु की दृष्टि भी हो तो पराक्रम में वृद्धि तथा भाई-वन्धुओं का यथेष्ठ सुख प्राप्त होता है। जातक का सम्पर्क एवं सम्बन्ध उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ भी रहता है, जिनसे जातक लाभान्वित भी होता है। शुभफल का अनुभव स्त्री राशियों में प्राप्त होता है। अशुभ फल का अनुभव पुरुष राशियों में प्राप्त होगा।

4.शंखपाल कालसर्प योग– चतुर्थ व दशम भावों द्वारा निर्मित कालसर्प योग का प्रभाव जातक की माता, स्थायी सम्पत्ति, पैतृक सम्पत्ति, वाहन-सुख एवं शरीर में पेट पर पड़ता है। चतुर्थेश निर्बल होने एवं राहु नीच राशिस्थ होने से जातक को आराम कम व संघर्ष अधिक रहता है। माता-पिता एवं परिवार के निमित्त परेशानियाँ होती हैं। आय में अनिश्चितता रहती है। जातक को पथरी एवं किडनी आदि उदर विकार होते हैं। जातक घरेलू परिस्थितियों के प्रति असन्तुष्ट रहता है।

शुभ फल– इसके विपरीत उच्च राशिस्थ राहु होने एवं चतुर्थेश के बलिष्ठ होने पर यह योग पूर्ण शुभ तो नहीं, अपितु अल्प शुभफली बन जाता है। जन्म स्थान छोड़ने पर जातक सुखी रहता है तथा माता को कष्ट के बावजूद सुख प्राप्त होता है। १, २, ३, ४ एवं कन्या राशि में शुभ फल प्राप्त होते हैं।

5. पद्म कालसर्प योग– पंचम व एकादश भावों के मध्य कालसर्प योग का प्रभाव शिक्षा, संतान, श्रम का मूल्यांकन, मान-सम्मान, पेट विशेषकर लीवर एवं आँत पर पड़ता है। पंचमेश नीच, वक्री, अस्त या अन्य निर्बल भावों में स्थित हो तथा राहु नीच राशि धनु या शत्रु राशि में हो तथा किसी शुभ ग्रह की दृष्टि भी न हो तो जीवन के पूर्वार्द्ध भाग में अत्यन्त कठिन एवं संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहेगा। कोई भी विशेष कार्य पूर्ण होने से पूर्व विघ्न या रुकावटें पैदा हों। आर्थिक स्थिति अनिश्चित रहती है। सन्तान उत्पत्ति में विलम्ब अथवा कन्या सन्तान अधिक हों। उच्च-विद्या में विघ्न-बाधाएं अथवा अधूरी शिक्षा रहती है।

शुभ फल– पंचमेश उच्च राशि एवं बलिष्ठ स्थिति में होने एवं उच्च राशि या शुभ ग्रह द्वारा दृष्ट होने पर यह योग अनेक गुप्त विद्याओं का ज्ञान कराता है। संतान-उत्पत्ति के बाद क्रमिक उन्नति हो। मंगल-राहु योग हो तो जातक कूटनीति का प्रयोग करता है। भृगुसूत्र के अनुसार पंचम में यदि राहु हो तो मनुष्य को पुत्र सुख नहीं मिलता, सर्प के शाप से पुत्र का नाश होता है। नागदेव की पूजा करने से पुत्र प्राप्ति होती है।

6. महापद्म कालसर्प योग– षष्ठ स्थान में राहु होने पर योग बनता है। इसका प्रभाव रोग, शत्रु, मामा और मौसी पर पड़ता है। षष्ठेश निर्बल एवं पापग्रस्त या राहु नीचस्थ होने से जातक गुप्त रोग एवं गुप्त षड्यन्त्र का शिकार होता है अथवा मामा/मौसी की अकाल मृत्यु होती है। वृथा खर्च, मानसिक तनाव व गुप्त शत्रु-भय, मातुल (मामाके) पक्ष को अनिष्टकर, दाँतों व नेत्रों सम्बन्धी रोग भय। प्रगति कठिनता से हो पाती है।

शुभ फल– षष्ठेश उच्च राशिस्थ, बलिष्ठ तथा राहु उच्च राशिस्थ होने से शत्रु स्वयं ही (निजी कारणों से) दूर हट जाते हैं। विदेश गमन भी होता है। जातक तर्क-वितर्क करने में कुशल, अपने बुद्धि-चातुर्य एवं गुप्त युक्तियों के बल पर शत्रुओं को परास्त करने वाला होता है।

7. तक्षक कालसर्प योग– राहु के सप्तम भाव में होने पर यह योग बनता है। इसका प्रभाव वैवाहिक जीवन, मित्र, सांझेदारी, दादा पर पड़ता है।

सप्तमेश ६, ८, १२वें अथवा अशुभ भावस्थ या राहु नीच राशिस्थ होने से वैवाहिक विलम्ब, विवाह होने पर वैवाहिक सुख में कमी, व्यवसाय में सांझेदारी के कार्यों में विघ्न-बाधाएँ एवं धोखा, अत्यधिक परिश्रम द्वारा ही धन, आय के साधन हों। स्त्री/पति की ओर से परेशानी अथवा वैवाहिक जीवन में कलह-क्लेश हो।

शुभ फल– सप्तमेश शुभ हो तो जातक का एक जगह सम्बन्ध छूटने के बाद वैवाहिक सुख प्राप्त होता है। स्त्री राशि का राहु शुभ फल करता है। विवाह जल्दी होता है।

8. कर्कोटक कालसर्प योग– राहु के अष्टमस्थ होने से यह योग बनता है। अशुभ होने पर क्लिष्ट रोग का भय, मानसिक तनाव, आर्थिक तंगी व घरेलू उलझनें अधिक हों।

शुभ फल– अष्टमेश शुभ भावस्थ हो, या राहु उच्च राशिस्थ, शुभ दृष्ट हो तो जातक दीर्घजीवी होता है तथा जीवन के उत्तरार्द्ध में भूमि, मकान, वाहन एवं सुयोग्य सन्तान आदि सुखों की प्राप्ति होती है।

9. शंखनाद कालसर्प योग– नवम व तृतीये भाव में निर्मित कालसर्प योग में भाग्योन्नति में विघ्न-बाधाएँ पैदा होंगी। लाटरी, सट्टे में धन का अपव्यय तथा किसी नजदीकी बन्धु द्वारा विश्वासघात हो। मनमाना आचरण करने से प्रवृत्त।

शुभ प्रभाव– जातक स्वाभिमानी, जादू, यंत्र-मंत्र, तन्त्र, ज्योतिष, लाटरी-शेयर आदि विषयों में रूचि रखने वाला, जातक ऐसी योजनाओं के संचालक होते हैं। जिनमें धन की वृद्धि अचानक होती है।

10. पातक कालसर्प योग– दशम एवं चतुर्थ भावों में निर्मित इस योग से जातक अत्यन्त संघर्ष के पश्चात् जीवन में उन्नति करता है। आयु के उत्तरार्ध भाग में ही सफलता मिलती है। पिता के सुख में कमी करता है। झूठे आरोप झेलने पड़ते हैं।

शुभ प्रभाव– जातक उच्च प्रतिष्ठित संस्थान में महत्वपूर्ण पद प्राप्त करता है तथा अपनी योग्यता के बल पर भूमि, आवास, स्त्री आदि सुखों को प्राप्त करता है।

11. विषाक्त कालसर्प योग– एकादश व पंचम भाव से सम्बन्धित कालसर्प योग के कारण जातक पिता या संतान पक्ष के कारण चिन्तित, गुप्त आर्थिक, परेशानियाँ, प्रथम कन्या संतान की संभावना, पारिवारिक सुख एवं सहयोग में कमी, अत्यधिक परिश्रम करने पर भी धन लाभ के सम्वन्ध में असन्तोष बना रहता है।

शुभ प्रभाव– लाटरी, सट्टा, शेयर द्वारा आकस्मिक धन लाभ, अनेक यात्राओं द्वारा ध न लाभ एवं ऐश्वर्य प्राप्त करता है। अरिष्टनाशक एवं सौभाग्य में वृद्धिकारक होता है।

12. शेषनाग कालसर्प योग– द्वादश भाव में राहु होने पर यह योग बनता है। जातक को शिर, नेत्रादि के कारण कष्ट, देश-विदेश में भ्रमण करने वाला धन का वृथा खर्च अधिक होता है। कुसंगति के कारण व्यसन आदि का भी शिकार हो सकता है।

शुभ प्रभाव– यदि व्ययेश शुभ भावस्थ हो तो जातक अपने जन्म स्थान से दूर जाकर भाग्योदय प्राप्त करता है। आध्यात्म, धार्मिक, लेखन, ज्योतिष के क्षेत्र में विशेष रूचि रखेगा।

कालसर्प का मुख राहु होता है। यदि राहु बली हो तथा उस पर शुभ और योगकारक ग्रहों का प्रभाव हो, तो कालसर्प योग जातक को अतीव उन्नति देता है। किसी भी जन्मकुण्डली में उच्चस्तरीय सफलता के लिए केवल किसी एक योग पर निर्भर रहना शास्त्रसम्मत नहीं है। उच्चस्तरीय सफलता के लिए लग्न का बली और शुभ प्रभाव में होना अत्यन्त आवश्यक है। यदि लग्न बली हो, तो जातक की कुण्डली में विद्यमान् सामान्य शुभ ग्रहयोग भी जातक को अच्छी प्रगति देते हैं। इसके विपरीत लग्न के निर्बल होने पर जातक की कुण्डली में विद्यमान ग्रहयोग उच्चस्तरीय सफलता नहीं दे पाते। कालसर्प योग के शुभफलदायक होने की स्थिति में लग्न की बलवत्ता को ध्यान में रखना भी आवश्यक है। कालसर्प योग जिन स्थितियों में विशेष शुभ फलदायक सिद्ध होता है, उसके लिए योग की स्थिति एवं कुण्डली में विद्यमान् योग कारक ग्रहों के परस्पर सम्बन्ध को अवश्य देखना चाहिए।

जिन लोगों की कुण्डलियों में यह योग मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या और मीन राशिस्थ राहु से बनता है, उनके मन-मस्तिष्क और हृदय में गुह्य ज्ञान, अंतर्दृष्टि और प्रेरणाओं का अनूठा संगम होता है। जो उनके जीवन में उत्कर्ष के व्यापक अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे मनुष्यों का व्यक्तित्व बहिर्मुखी होता है। वे समाज कल्याण हेतु तत्पर, व्यवहार-कुशल और त्याग करने की भावना रखते हैं। उनकी लयबद्ध और यर्थाथवादी सोच होती है। लोगों में अपने नाम के प्रचार से उनके अहं और मन को संतुष्टि मिलती हैं।

(1) उदाहरणार्थ– (१) लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की कुण्डली में कालसर्प योग के वावजूद वे दूरदर्शिता और दृढ़ व स्थिर मानसिकता के व्यक्तित्व से लब्ध एक महान् पुरुष थे। उनके जैसा गृहमंत्री आज तक नहीं हुआ। उनकी कुण्डली में सप्तम भाव में बुध आदित्य योग एवं दशम भाव में रूचक और शश योग हैं। लग्नेश वली है। जिनकी कालसर्प के द्वारा कोई हानि नहीं हुई।

अनेक उच्चस्तरीय एवं सुप्रसिद्ध व्यक्तियों की कुण्डली में कालसर्प योग देखने में आया है। उदाहरणार्थ– सचिन तेंदुलकर, धीरू भाई अम्बानी, सुश्री लता-मंगेशकर, हिटलर, मोरारजी देसाई इत्यादि।

(2) उदाहरण कुण्डली– (२) संलग्न कुण्डली प्रसिद्ध उद्योगपति स्व० धीरू भाई अम्बानी की है, जिनके जन्मांग में समस्त ग्रह तृतीय के राहु तथा नवम के केतु के बीच हैं। कालसर्प योग का मुख तृतीय भाव में शनि की राशि तथा राहु के नक्षत्र में है। तृतीयेश शनि द्वितीय भाव में स्वगृही है। इस प्रकार कालसर्प का मुख राहु बली तथा शुभ स्थिति में है एवं उसका सम्बन्ध धनभाव से है, जो कि आर्थिक जगत में शीर्ष सफलतादायक है, इस प्रकार कालसर्प का मुख राहु धन उगलता रहा। तृतीय भाव में इसकी स्थिति स्वपराक्रम को बढ़ाने वाली तथा जुझारू प्रवृत्ति की द्योतक है। इस कालसर्पयोग का शुभ फल लग्न की बलवत्ता ने वहुत वढ़ा दिया। लग्नेश गुरु भाग्येश सूर्य के नक्षत्र में स्थित होकर दशम भावस्थ होना, लग्न में भाग्येश सूर्य और उसका मित्र चन्द्रमा स्थित है। लग्नेश और भाग्येश का नक्षत्र सम्बन्ध तथा भाग्येश की लग्न में स्थिति लग्न को बली और इन्हें प्रवल भाग्यवान बनाया। इस प्रकार श्री अम्वानी की कुण्डली में उच्च सफलतादायक ग्रह योग विद्यमान थें, जिन्हें कालसर्प योग ने और भी ऊँचाईयों तक पहुँचाया।

(3) उदाहरण कुण्डली–(३) संलग्न जन्मांग प्रसिद्ध अभिनेता अनिल कपूर की है, जिन्होंने फिल्मी जगत में अच्छी पहचान बनाई। इनका जन्म कुम्भ लग्न के मिथुन नवांश में हुआ था। कर्कोटक नामक, अष्टमस्थ राहु तथा द्वितीयस्थ केतु के मध्य सभी ग्रह बैठे हैं। लग्नेश शनि एकादश भाव में तथा द्वितीयेश (वाणी का कारक) गुरु बुध के साथ है। कला का कारक शुक्र भाग्य भाव में स्वगृही है, जिसने कपूर जी को वास्तव में कलाकार बनाया। स्पष्ट है, अष्टम भाव में कन्या राशिस्थ राहु (नवांश में भाग्य स्थान) कोई अशुभ/अरिष्ट प्रभाव प्रदान नहीं कर रहा। यद्यपि अष्टमस्थ राहु उत्तम फल नहीं देता परन्तु शुभ-अशुभ परिणाम राशि, बल तथा अन्य ग्रहों को दृष्टि के अनुसार प्रदान करता है। अतः कर्कोटक नामक कालसर्प योग से भय में न आएँ, यदि अष्टमस्थ राहु शुभ होगा तो निश्चय ही लाभकारी परिणाम देगा।

वास्तव में राहु वायुकारक, छाया व अशुभ ग्रह होते हुए भी प्राणी को दुःखों की अग्नि में तपाकर उसे कुन्दन की भान्ति निखारने एवं परिष्कृत करने का कार्य करता है। दुःखों से व्याकुल होकर ही मनुष्य प्रभु की शक्तियों का स्मरण करने लगता है।

वल्लभ भाई पटेल
31 अक्तू., 1875 ई.
6–00 सायं. लगभग
गुजरात

स्व. धीरू भाई अंबानी
28–12–1932
प्रातः 6–31 बजे
जन्मस्थान–गुजरात

अनिल कपूर
24–12–1959
12–00 दोपहर
मुम्बई



–कालसर्प दोष शान्ति के लिए कुछ उपाय–

कालसर्प दोष की शान्ति के लिए मुख्य रूप से (१) ग्रह शान्ति, (२) सर्प दोष, (3) पितृ दोष शान्ति एवं नागबलि एवं शिव पूजन वैदिक पुराणोक्त विधि से किसी योग्य ब्राह्मण द्वारा करवानी चाहिए। (४) विधिपूर्वक महामृत्युञ्जय का जप भी करें।

यदि कुण्डली में काल सर्पयोग पड़ा हो, तो निम्नलिखित किंचित् उपाय करने शुभ एवं कल्याणकारी होगें– (१) कालसर्प की अरिष्ट शान्ति के लिए शिव मन्दिर में सवा लाख ॐ नमः शिवाय मन्त्र का पाठ करना तथा पाठोपरान्त रूद्राभिषेक करवाने का विशेष महत्त्व है। साथ ही शिवलिंग पर चाँदी का सर्प युगल-नाग स्तोत्र एवं नाग पूजनादि करके चढ़ाना शुभ होगा।

नाग गायत्री मन्त्र–ॐ नव कुलाय विद्याहे विषदंताय धीमहि तन्नो सर्पः प्रचोदयात्॥

(२) प्रत्येक शनिवार एक नारियल को तैल एवं काले तिलों का तिलक लगाकर, मौली लपेटकर अपने शिर से तीन बार घुमा कर ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः मन्त्र कम-से-कम तीन बार पढ़कर चलते पानी में बहा देवें– ऐसे कम-से-कम पाँच शनिवार करें।

(३) प्रत्येक शनिवार कुत्तों को दूध और चपाती डालनी तथा गौओं, कौओं को तैल के छींटे देकर रसोई की प्रथम चपातियाँ डालना शुभ है।

(४) कालसर्प योग के कारण यदि वैवाहिक जीवन में बाधा आती हो, तो जातक पत्नी के साथ दोबारा विवाह करें एवं घर के द्वार पर चाँदी का स्वस्तिक चिन्ह् बनवाकर लगवाएँ।

(५) घर में मयूर पंख का पंखा पवित्र स्थान पर रखें तथा भगवान् शिव का ध्यान करते हुए प्रातः उठते ही तथा सोने से पूर्व मयूर पंखे द्वारा हवा करें।

(६) कालसर्प योग शान्ति के लिए नवनाग देवताओं के नाम (नवनाग-स्तोत्र) का उच्चारण करना चाहिए–

अनंतं वासुकिं शेष पद्मानाभम् च कंबलम्। शंखपालं कर्कोटकं कालियं तक्षकं तथा॥ एतानि संस्मरेन्नित्यं आयुः कामार्थ सिद्धये। सर्पदोष क्षयार्थं च पुत्रपौत्रान् समृद्धये॥ तस्मै विषभयं नास्ति सर्वत्र विजयी भवेत्॥

(७) महाकुम्भ पर्व के अवसर पर प्रमुख स्नान करें और कुम्भ में स्थित शिव मन्दिर में जाकर विधिपूर्वक पूजन करें। चाँदी के बने नाग-नागिन के कम-से-कम ११ जोड़ों को प्रतिदिन शिवलिंग में चढ़ाएँ तथा महादेव से इस कुयोग से मुक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करें।

(८) प्रत्येक बुधवार को काले वस्त्र में उड़द या मूंग एक मुट्ठी डालकर, राहु का मंत्र जाप कर किसी भिखारी को दे देवें। यदि दान लेने वाला कोई नहीं मिले तो बहते पानी में उस अन्न को छोड़ देना चाहिए। इस प्रकार 72 बुधवार करते रहने से अवश्य लाभ होता है।

(९) किसी अश्वत्थ (बट) के वृक्ष से नित्य १०८ प्रदक्षिणा (घेरे) लगाने चाहिए। तीन सौ दिन में जब २८००० प्रदक्षिणा पूरी होगी तो दोष दूर होकर स्वतः ही संतति की प्राप्ति होगी।

(१०) इसके अतिरिक्त महाकाल रुद्र स्तोत्र, रुद्र सूक्त, शिव-पंचाक्षर स्तोत्र, मनसादेवी नाग स्तोत्र, महामृत्युञ्जय आदि स्तोत्रों का विधि-विधान से पूजन, हवन करने से कालसर्प दोष की शान्ति हो जाती है।

(११) (i) प्रथम भाव से निर्मित कालसर्पदोष हो, तो गले में हमेशा चाँदी का चौकोर टुकड़ा पहनें।

(ii) द्वितीय भाव से निर्मित कालसर्पदोष हो, तो घर के वायव्य (उत्तर-पश्चिम) कोण को साफ कर, मिट्टी के बर्तन में पानी भरकर रखें। प्रतिदिन पानी बदलते रहें। पुराने पानी को घर के बाहर चौराहे पर रखें।

(iii) तृतीय भाव से निर्मित कालसर्प योग हो, तो अपने जन्मदिन पर गुड़, गेहूँ और ताँबे का दान करें।

(iv) चतुर्थ भाव से निर्मित कालसर्प का योग हो, तो प्रतिदिन बहते हुए जल में दूध बहाएँ।

(v) पंचम भाव से निर्मित कालसर्प योग हो, तो घर के ईशान कोण में सफेद हाथी की मूर्त्ति रखें।

(vi) षष्ट भाव से कालसर्प बने तो प्रत्येक मास की पंचमी तिथि को एक श्रीफल बहते हुए पानी में डाल दें।

(vii) सप्तम भाव से कालसर्प योग बने, तो मिट्टी के बरतन में दूध भरकर वीरान स्थान पर रख आएँ।

(viii) अष्टम भाव से कालसर्प योग बने, तो प्रतिदिन सुबह काली गाय को गुड़, रोटी, काले तिल और उड़द खिलाएँ।

(ix) नवम भाव से कालसर्प योग बने, तो 18 नारियल सूर्योदय से सूर्यास्त तक 18 शिव मन्दिरों में रखें। यह प्रत्येक वर्ष में एक बार शिवरात्रि को करें।

(x) दशम भाव से कालसर्प योग बने, तो घर से बाहर निकलते समय काली उड़द के दाने, सिर पर से 7 बार घुमाकर जमीन पर बिखेर दें। महत्वपूर्ण कार्य के समय यह प्रयोग से कार्य में कोई अवरोध उत्पन्न नहीं होता है।

(xi) एकादश भाव से कालसर्प योग बने, तो हर बुधवार को घर की सफाई करें। सफाई के बाद घर का कूड़ा घर के पास के रास्ते पर फेंक दें। उस दिन शरीर के अन्दर या बाहर एक फटा हुआ कपड़ा अवश्य पहनें।

(xii) द्वादश भाव से कालसर्प योग बने तो, प्रत्येक मास की अमावस्या को काले कपड़े में काला तिल, दूध में भिगोया हुआ जौ, नारियल और कोयला बांध कर बहते हुए पानी में बहाएँ। उपरोक्त उपाये यदि सम्भव हो, तो लगातार 43 दिन तक करें।

(१३) तंत्र प्रयोग– 1 मीटर काले कपड़े में १/२ किलो उड़द, लोहे का टुकड़ा, काले तिल, मूँग और चावल, मधु, दूर्वा, खिचड़ी, गुड़, कर्पूर- इन वस्तुओं को बांधकर हर मास की अमावस्या को शिव मन्दिर में रखना चाहिए तथा यथाशक्ति 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का जाप करना चाहिए।

अपनी अनुकूलता के अनुसार ऊपर बतायें गए कोई भी उपाय नियमित रूप से करने से अवश्य लाभ होगा।

मस्ति क(ललाट) रेखा विचार–

ललाटे लिखितं धात्रा रेखा चिन्हं शुभाऽशुभम्।
यदा ज्ञात्वापुरूषो लोके त्रिकालज्ञो भवेद् ध्रुवम्॥

ललाट में स्वच्छ सरल सीधी पूर्ण स्पष्ट रेखा होने से मनुष्य सुखी और दीर्घायु होता है। छिन्न भिन्न रेखा से दुःखी और अल्पायु होता है। ललाट में खड़ी रेखा,त्रिशूल,स्वास्तिक आदि आकार की रेखाओं के होने से धन-पुत्र-स्त्री,सुख सुविधा से जीवन क्रम चलता है। जिस जातक के ललाट में एक भी रेखा नहीं होवे तो वह जातक धनवान,दीर्घजीवी तथा सुखी होता है। जिसका ललाट संकीर्ण होगा वह कृपण तथा दुर्जन प्रकृति का रहेगा,एवमेव उन्नत ललाट वाला दयालु व उदार मनोवृत्ति का बनेगा। जिस स्त्री का ललाट उन्नत नेत्र नील कमल सदृश तथा नासिका से कर्ण तक भोहें द्वितीया के चन्द्र तुल्य टेढी और चौड़ी तथा परस्पर मिली न हो तो यह लक्षण स्त्री हेतु सुख-सौभाग्य वर्धक है। जिस पुरुष के ललाट पर सीधी-सरल लम्बी३ रेखा हो वह भाग्यवान, विचारक तथा मान प्रतिष्ठा वाला होगा। जिसके टुकड़े-टुकड़े में उपर नीचे छिन्न-भिन्न रेखा चिन्ह वह निर्दयी, क्रोधी घाती,हठी-दुराग्रही-क्रूर स्वभाव का जाने। जिस ललाट पर उपर नीचे सीधी रेखा तथा मध्य भाग में सर्पाकार गति की रेखा हो वह प्रतापी धनी परन्तु मध्यायु वाला होवे। जिसके ललाट पर तीन रेखा सर्पाकार गति की हो उसे जलाघात जल में डूबने का कुयोग। जिसके ललाट पर उपर१ सीधी रेखा फिर२ भाग के सनानररेखा फिर नीचे३छोटी रेखा चिन्ह होने से विचारक मेधावी विद्वान अन्वेषणक-चतुर-शान्त-धीर प्रकृति,अनेक गुणों से युक्त परन्तु धन सम्पदा से न्यूनता। जिसके ललाट पर उपर नीचे सर्पाकार गति की लम्बी रेखा तथा मध्य में सरल सीधी रेखा होवें एवं भाल विशाल होतो सद्‌गुणो से युक्त विद्वान,सुखी, धनी स्त्री पुत्रादि से युक्त प्रतापी तथा दीर्घायु होवे। जिस स्त्री के ललाट पर उपरि की रेखा से बडी दूसरी रेखा, इससे बडी तीसरी रेखा सीधी सरल हो तथा वाम कपोल पर दाल के समान तिल हो तो वह सौभाग्यवती व धन सम्पदाशाली होवे। जिस स्त्री के ललाट पर छिन्न भिन्न रेखाएं हों तथा नासिका के अग्रभाग पर तिल या कालामसा वह दुर्भाग्य सूचक है।

मांगलिक योग एवं परिहार-

विवाह सम्बन्ध करने से पूर्व लड़के-लड़की का कुल गोत्र सनाथता, विद्या,धन,स्वास्थ्य(शरीर) और आयु इन सात गुणों की परीक्षा करने पश्चात् ही मंगल अथवा मांगलिक दोष का निर्णय करना चाहिए। सभी लग्न तथा सभी लग्न कुण्डलीयों में मांगलीक दोष का प्रभाव एक जैसा नहीं होता। इसमें कोई सन्देह नहीं कि कुछ लग्न कुण्डलीयों में मांगलीक दोष का प्रभाव एक जैसा नहीं होता। इसमें कोई सन्देह नहीं कि कुछ लग्न कुण्डलीयों में मंगल अथवा मांगलीक दोष का अशुभ एवं अनिष्ट प्रभाव वर-कन्या के वैवाहिक जीवन पर पड़ता है,परन्तु यदि किसी कुण्डली में मंगल अन्य ग्रहों के साहचर्य से योगकारक हो,उच्चस्थ या स्वराशिगत हो अथवा गुरु आदि शुभ ग्रह की दृष्टि से प्रभावित हो,तो मंगल अशुभ की अपेक्षा शुभ प्रभाव कारक होगा। अतएव वर-कन्या की कुण्डलीयों का मिलान करते समय उनके सुखी एवं सम्पन्न दाम्पत्य जीवन के लिए केवल मंगल या मांगलीक पर ही अत्यधिक बल न देते हुए मेलापक सम्बन्धी अन्य तत्त्वों का भी सर्वांग रूप से विवेचन करना चाहिए। अर्थात् आठ कूटों का भी विचार करना चाहिए। जो कि निम्नलिखित प्रकार है- वर्णो वश्यं तथा तारा योनिश्च ग्रहमैत्रकम्। गणमैत्रं भकूटं च नाड़ी चैते गुणाधिकाः।५ मु.चिन्तामणि वि.प्र. अर्थात् १ वर्ण,२ वश्य,३ तारा,४ योनि,५ ग्रहमैत्र,६गणमैत्र,७ भकूट और८.नाड़ी। ये प्रसिद्ध ८ कूट कहे जाते है। जिनका निर्णय वर-कन्या के जन्म नक्षत्रों से किया जाता है। इस के पश्चात् कुण्डली मे मंगल एवं मागलिक दोष विशेष रूप से देखा जाता है। मांगलीक दोष का आधार सामान्यतः निम्न श्लोक से माना जाता है। लग्ने व्यये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजे। कन्या भर्तुःविनाशाय भर्त्ता कन्या विनाशदः।।५।। मु.संग्रहदर्पणसभी लग्न तथा सभी लग्न कुण्डलीयों में मांगलीक दोष का प्रभाव एक जैसा नहीं होता। इसमें कोई सन्देह नहीं कि कुछ लग्न कुण्डलियों में मांगलीक दोष का प्रभाव एक जैसा नहीं होता। इसमें कोई सन्देह नहीं कि कुछ लग्न कुण्डलीयों में मंगल अथवा मांगलीक दोष का अशुभ एवं अनिष्ट प्रभाव वर-कन्या के वैवाहिक जीवन पर पड़ता है,परन्तु यदि किसी कुण्डली में मंगल अन्य ग्रहों के साहचर्य से योगकारक हो,उच्चस्थ या स्वराशिगत हो अथवा गुरु आदि शुभ ग्रह की दृष्टि से प्रभावित हो,तो मंगल अशुभ की अपेक्षा शुभ प्रभाव कारक होगा। अतएव वर-कन्या की कुण्डलीयों का मिलान करते समय उनके सुखी एवं सम्पन्न दाम्पत्य जीवन के लिए केवल मंगल या मांगलीक पर ही अत्यधिक बल न देते हुए मेलापक सम्बन्धी अन्य तत्त्वों का भी सर्वांग रूप से विवेचन करना चाहिए। अर्थात् आठ कूटों का भी विचार करना चाहिए। जो कि निम्नलिखित प्रकार है-अर्थात् जिस कन्या की कुण्डली में१,४,७,८,तथा१२ वें भाव(स्थान) में मंगल हो तो वह कन्या वर(पति)के लिए हानिकारक तथा इसी तरह लड़का की कुण्डली मे १,४,७,८,तथा १२ वें भाव में मंगल हो तो वह वर(लड़का) पत्नी(कन्या) के लिए हानिकारक होता है। इस का विचार लग्न कुण्डली एवं चन्द्र कुण्ली से किया जाता है। अपवाद- (१) मुहूर्त चिन्तामणि के परिशिष्टानुसार मंगल दोष वाली कन्या का विवाह मांगलीक दोष वाले वर के साथ करने से त्रिमंगल का अनिष्ट दोष नहीं होता तथा वर-वधू के मध्य दाम्पत्य सुख बढ़ता है। (२)यदि लड़की की कुण्डली में जिस स्थान पर मंगल स्थित(मंगलीक कारक) हो और लड़के की कुण्डली में उसी स्थान पर शनि,मंगल,सूर्य,राहु आदि कोई पाप ग्रह स्थित हो तो भौम दोष भंग हो जाता है। इसी प्रकार लड़के की कुण्डली में भौम दोष होने पर कन्या की कुण्डली में उसी भाव में कोई पाप ग्रह होने से भी भौम दोष नहीं रहता।(शनि भौमेऽथवा कश्चित्......। फलित संग्रह मु.चि. म.प.) (३) यदि वर कन्या की कुण्डलीयों में परस्पर राशि मैत्री हो, गणैक्य हो, २७ गुण या अधिक मिलान होता हो तो भी भौम दोष अविचारणीय है। (राशिमैत्रं यदा याति.... (मुहूर्त्त दीपक) इसी प्रकार प्रमाणिक और भी मांगलीक निदान है। परन्तु पञ्चांग में सभी नही दिया जा सकता अतः अधिक के लिए ग्रन्थ भी देखें। नाड़ी विचारः-अष्टकूट निर्धारक तत्त्वों में नाड़ी का विशेष महत्त्व है। वर-कन्या की एक ही नाड़ी होना विवाह में अशुभ माना गया है। वर-कन्या का जन्म एक ही नाड़ी में पड़ना विवाह में अशुभ माना जाता है। दोनों की आदि(प्रथम)नाड़ी हो, तो विवाह के पश्चात् उनका परस्पर वियोग होता है। दोनो की मध्य नाड़ी हो तो हानि तथा दोनों की अन्त्य नाड़ी हो तो वैधव्य या अतिशय दःख होता है (बृहज्ज्योतिषसार के अनुसार)

नाड़ी दोषापवाद एवं परिहार-नाड़ी दोषस्तु विप्राणां वर्णदोषश्च क्षत्रिये। गणदोषश्च वैश्येषु योनि दोषस्तु पादजान्।।अर्थात्-नाड़ी दोष ब्राह्मणों के लिए,वर्णदोष क्षत्रियों के लिए,गणदोष वैश्यों के लिए तथा योनि दोष शूद्रों के लिए विशेष रूप से विचारणीय होता है।

अनिष्टशान्ति एवं शुभ फल प्रात्यर्थ सप्तवारव्रत विधिः-

यदि किसी जातक की कुण्डली में अशुभ ग्रह की स्थिति हो अथवा अशुभ ग्रह की दशा अन्तर्दशा चल रही हो तो निम्नलिखित विधि अनुसार अनिष्ट ग्रह की शान्ति हेतु एतत्तद् व्रत रखने से कल्याण होता है।

रविवार के व्रत की विधि - समस्त कामनाओं की सिद्धि नेत्र रोग और कुष्टादि चर्म व्याधियों के नाश एवं आयु व शौभाग्य की वृद्धि के लिए रविवार का व्रत किया जाता है। यह व्रतशुक्ल पक्ष के प्रथम रविवार से प्रारम्भ करके एक वर्ष पर्यन्त अथवा कम से कम बारह व्रत करें। व्रत के दिन केवल गेहूँ की रोटी अथवा गुड़ से बना दलिया घीशक्कर के साथ भक्षण करें। भोजन से पूर्व स्नानान्तर शुद्ध वस्त्र धारण करके ॐ हां हीं हौं सः सूर्याय नमः बीजमंत्र का पाठ पांच माला करें फिर रविवार कथा पढ़े। तत्पश्चात सूर्य को गन्धाक्षत, लालफूल, दूर्वायुक्त जल से निम्न मंत्र पढ़ते हुए अर्घ्य दें। नमः सहस्रकिरण सर्वव्याधि विनाशन।

गृहाणार्घ्य मया दत्तं संज्ञया सहितो रवे।। फिर प्रदक्षिणा करके लाल चन्दन का तिलक लगाएं अन्तिम रविवार हवन के पश्चात ब्राह्मण दम्पति को भोजन कराकर यथाशक्तिलाल वस्त्र फल पुष्पादि एवं दक्षिणा से प्रसन्न करें।

सोमवार के व्रत की विधि- यह व्रत श्रावण ,चैत्र,वैशाख,कार्तिक या मार्गशीर्ष के महीनों के शुक्लपक्ष के प्रथम सोमवार से प्रारम्भ करें। इस व्रत को पांच वर्ष, चौदह वर्ष अथवा सोलह सोमवार पर्यन्त श्रद्धा के साथ विधि पूर्वक धारण करें। चैत्र शुक्लाष्टमी तिथि आर्द्रा नक्षत्र सोमवार को अथवा श्रावण मास के प्रथम सोमवार को प्रारम्भ करने का विशेष महात्म्य है। व्रतारम्भ करने वाले स्त्री पुरुष को चाहिए कि प्रातः काल जल में कुछ काले तिल डालकर स्नान करें। स्नानान्तर ॐनमः शिवाय - आदि शिव मंत्रों द्वारा तथा श्वेत फूलों,सफेद चन्दन,पंचामृत अक्षत,सुपारी,फल, गंगाजल,बिल्व पत्रादि से शिव- पार्वती का पूजन करें और पूजनोंपरान्त ब्राह्मण को दान दक्षिणा देकर स्वयं भोजन करें। भोजन एक समय नमकरहित होना चाहिये। व्रत का उद्यापन भी उपरोक्त महीनों में करना श्रेयस्कर होता है।उद्यापन में दशांश जप का हवन करके सफेद पदार्थ,दूध, दही,क्षीर,चाँदी सफेद फलों का दान करना चाहिये। यह व्रत करने से मानसिक शान्ति,धन,पुत्रादि सुखों की प्राप्ति होती है।सर्व प्रकार के कष्टों की निवृत्ति होती है।

मंगलवार के व्रत की विधि- सर्वप्रकार के सुखों,रक्तविकार,शत्रुदमन,स्वास्थ्य रक्षा,पुत्र प्राप्ति के लिये मंगलवार का व्रत उत्तम है। यह व्रत शुक्लपक्ष के प्रथम मंगलवार से प्रारम्भ करके २१सप्ताह तक अथवा यथा शक्ति जीवन पर्यन्त रखें। इस व्रत में गेहूं और गुड़ सहित भोजन करें।भोजन एक समय नमकरहित होना चाहिये। इस व्रत से मंगलग्रह के अरिष्ट दोष भी शान्त हो जाते हैं। व्रत में श्री हनुमान जी की लाल पुष्पों,फलों,ताम्र वर्तन और नारियल द्वारा पूजा व दान करना चाहिए तथा श्री हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए।भौम ग्रह की शान्ति के लिए ॐ क्रां,क्रीं,क्रौं सः भौमाय नमः,की ५मालाएं जप करनी चाहिए और गुड़, पीले लड्डुओं व लाल वस्त्रों का दान करना चाहिए।

बुधवार के व्रत की विधि - बुधवार का व्रत बुध ग्रह की शान्ति तथा धन,बुद्धि,विद्या और व्यापार में वृद्धि होती है। यह व्रत विशाखा नक्षत्र कालीन बुधवार को प्रारम्भ करके सात अथवा हर बुधवार को करें। व्रत के दिन स्नानोपरान्त हरे वस्त्र पहनकर श्री विष्णु सहस्रनाम का पाठ तथा ग्रह शान्ति के लिए बीजमंत्र ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः का जप करना चाहिए। इस दिन एक समय नमक रहित भोजन घी,मूंग अथवा मूंग की दाल से बने मिष्ठान्न का दान करें तथा स्वयं भी इन्हीं वस्तुओं का भक्षण करें। अन्तिम बुधवार मधुसर्पी,दधि और घृत के साथ हवन करें और हरे वस्त्र, दो फल और मूंग का दान करें। गाय को हरा घास डालें।

बृहस्पति गुरुवार के व्रत की विधि -
यह व्रत गुरु ग्रह की शान्ति तथा वैवाहिक सुखों,विद्या,पुत्र संतान एवं धन प्राप्ति के लिए श्रेष्ठ है। यह व्रत शुक्लपक्ष के प्रथम वीरवार का अनुराधा नक्षत्र हो तो और भी अच्छा है। यह व्रत १३ मास अथवा सात मास तक रख सकते हैं। व्रत के दिन स्नानोपरान्त पीले वस्त्र,पीला यज्ञोपवीत धारण करके बृहस्पति की पूजा स्वयं अथवा श्रेष्ठ ब्राह्मण द्वारा करवानी चाहिए। पीले लड्डू का भोग लगायें तथा पादुका,उपानह, छाता,कमण्डलु,पीले रंग के पुष्प,चने की दाल,पीले कपड़े,पीला चन्दन,हल्दी व पीले चावल का दान करें। नमक रहित एक समय भोजन करें तथा केले के वृक्ष का पूजन कर गुरू शान्ति के लिए ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुंरवे नमः मंत्र की ५ माला जाप करें। उद्यापन में दशांश भाग का २८ समिधा व मधु सर्पी,दधि,घृत के साथ हवन करना चाहिए।

शुक्रवार के व्रत की विधि - यह व्रत धन विवाह संतान आदि भौतिक सुखों को देने वाला है। श्रावण मास के प्रथम शुक्रवार को प्रारम्भ करने से विशेष रूप से लक्ष्मी की कृपा रहती है। व्रत के दिन स्नानोपरान्त सफेद वस्त्र धारण करके श्री लक्ष्मी देवी की धूप,दीप,श्वेत चन्दन,चावल,श्वेत पुष्प, चीनी, सुपारी से पुजा करके बच्चों में श्वेत मिठाई,फल आदि बांट दें। ग्रह शान्ति के लिए ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः की तीन माला का जप करें। स्वयं भी एक समय क्षीरादि श्वेत वस्तुओं का सेवन करें। नमक न प्रयोग करें। उद्यापनोपरान्त हवनादि के पश्चात् ब्राह्मण वटुक को भोजन कराने के पश्चात श्वेत वस्त्र, चांदी,श्वेतफल,तण्डुल एवं द्रव्यादि का दान करे। चावल,चांदी ,फलादि सफेद पदार्थों का दान करें।

शनिवार के व्रत की विधि - यह व्रत शनिग्रह की अरिष्ट शान्ति तथा जीर्ण रोगों,शत्रुभय,आर्थिक संकट,मानसिक संताप का निवारण करता है और धन धान्य तथा व्यापारमें वृद्धि करता है।यह व्रत शुक्लपक्ष के शनिवार विशेषकर श्रावणमास लौह निर्मित शनि की प्रतिमा को पञ्चामृत से स्नान कराकर धूप,गन्ध,नीले पुष्प,फल और नैवेद्य आदि से पूजन करें और ॐ शं शनैश्चराय नमः मंत्र का तीन माला का जप करें,व्रत के दिन नीले वस्त्र धारण करें। एक बर्तन में शुद्ध जल काले तील,नीलेपुष्प, लौंगतेल,गंगाजल,दूध डालकर पश्चिम दिशा की ओर अभिमुख होकर पीपल वृक्ष की जड़ में डालदें। तत्पश्चात् शिवोपासना करें।१६ शनिवार करने के बाद उद्यापन के समय शनि स्तोत्र का पाठ जूते,जुराव,नीले रंग का वस्त्र,काले माश,चाकू और तेल से निर्मित वस्तुओं का दान किसी वृद्ध ब्रह्मण को दें और स्वयं भी उड़दादि तथा तैल निर्मित पदार्थों का सेवन करें।

राहु की शान्ति के लिए भी शनिवार का व्रत उपरोक्त विधि अनुसार करें और दान में नारियल भूरा कम्बल या वस्त्र दें तथा पक्षियों को बाजरा डालना चाहिए। राहु के बीज मंत्रॐ ऐं ह्रीं राहवे नमः का जप करना श्रेयकर होता है।

केतु ग्रह की शान्ति हेतु केतु के बीज मंत्र ॐ ह्रीं ऐं केतवे नमः का जप पांच माला करके मंगल व्रत की तरह पूजा करनी चाहिए।

संक्षिप्त वैतरणी दान-पितृ के लिए-

भगवानक स्मरण कय शुद्ध भय तेकुशा, फूल, अक्षत लय ॐ कृष्णगव्यै नमः तीन वेरि गायपर, कुशपर ॐ ब्राह्मणाय नमः तीन वेरि, तकरा बाद गाय कें जल सँ सिक्त कय पढ़ी- **ॐ उष्णे वर्षति शीते वा मारुते वाति वा भृशम्।** दातारं **त्रायते यस्मात्तस्माद्वैतरणी स्मृता।। ॐ यमद्वारे महाघोरे कृष्णा** वैतरणी **नदी। तां सन्तर्तुं ददाम्येतां कष्णां वैतरणीं च गाम्।** ईमन्त्र पढ़ी ओकरा बाद तेकुशातिलजल लय संकल्प करी- ओमद्य **अमुकगोत्रस्य पितुः अमुकशर्मणः यमद्वारस्थित- वैतरणी नदी- सुखसन्तरणकाम इमां गां रुद्रदैवतां यथानामगोत्राय ब्राह्मणायाहं ददे।** गौदान ग्रहण केनिहार **ओं स्वस्ति** कहथि। फेरि तेकुशातिलजलद्रव्यादि लय दक्षिणा करथि- **ओमद्य कृतैतत्कृष्णगवीदान-प्रतिष्ठार्थमितावद् द्रव्यमूल्यकहिरण्यमग्निदैवतं यथानामगोत्राय ब्राह्मणाय दक्षिणामहन्ददे।** ओकरा बाद दान ग्रहण कयनिहार व्यक्ति **ओं स्वस्ति** कहि दक्षिणा ग्रहण करथि। शुद्र कें **ओं** के स्थान पर **नमः** पढावक चाही। गायक अभाव में एतावद् द्रव्य मूल्यक कृष्ण गव्यै नमः पढ़ी। (माता के लेल संकल्प में मात्र **गात्रस्य** स्थान में **गोत्रायाः** आ **पितुः अमुक शर्मण** क स्थान मे **मातुः अमुकी देव्याः** होयत शेष सभ कर्म यथावत होयत।)

दशगात्र(दशदिन) पिण्डदान विधिः-

रात्रौ दाहश्चेत्तर्हि न रात्रौ पिण्डदानं भवति अग्रिम दिवसे एव पिण्डद्वयं देयम्।

क्रमः-१.ओं अद्य अमुक गोत्र पितरअमुकप्रेत एषः शिरः पूरक प्रथमः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्। २.ओं अद्य अमुक गोत्र पितरअमुकप्रेत एषः कर्णाक्षिनासापूरक द्वितीय पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्। ३.ओं अद्य अमुक गोत्र पितरअमुकप्रेत एषः गलांसभुजवक्षः पूरक तृतीयपिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्। ४.ओं अद्य अमुक गोत्र पितरअमुकप्रेत एषः नाभिलिंगगुदपूरक चतुर्थः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्। ५.ओं अद्य अमुक-गोत्र- पितरअमुकप्रेत एषः जानुजंघापादपुरक पञ्चमः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्। ६.ओं अद्य अमुक गोत्र पितरअमुकप्रेत एषः सर्वमर्मपूरक षष्ठः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्। ७.ओं अद्य अमुक-गोत्र-पितरअमुकप्रेत एषः सर्वनाडीपूरकः सप्तमः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्। ८.ओं अद्य अमुक-गोत्र- पितरअमुकप्रेत एषः नखदन्तलोमादिपूरक अष्टमः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्। ९.ओं अद्य अमुक-गोत्र- पितरअमुकप्रेत एषः वीर्यपूरकः नवमः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्। १०.ओं अद्य अमुक-गोत्र-पितरअमुकप्रेत एषः पूर्णत्वतृप्तताक्षुद्विपर्यय पूरकः दशमः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

संक्षिप्त दाह-संस्कार-विधि--

स्नान कय नव श्वेत वस्त्र धारण कयं पूर्वमुँह वैसि हाथ में तेकुशा लय नव मॉटिक पात्र में जल भरि शव कें दक्षिण मुँह कय- **ॐ गयादीनि च तीर्थानि ये च पुण्याः शिलोच्चयाः। कुरु क्षेत्रञ्च गंगाञ्च यमुनाञ्च सरिद्वराम्। कौशिकीं चन्द्रभागाञ्च सर्वपापप्रणाशिनीम्। भद्रावकाशां सरयूं गण्डकीं तमसां तथा धैनवञ्च वराहञ्च तीर्थं पिण्डारकम् तथा। पृथिव्यां यानि तीर्थानि चत्वारः सागरास्तथा।** मनसँ जल में तिर्थक ध्यान करैत ओहि जल सँ शवकेँ स्नान करा नूतन वस्त्रद्वय, यज्ञोपवीत, पुष्प, चन्दनादिसँ अलंकृत कय चितापर कुश ओछा पुरुष कें अधोमुख(नीचामुँह) स्त्री कें उपर मुँह(चित्त) उत्तर शिरकय सुतावी तकरा बाद अपसव्य कय दक्षिण मुँह भय वाम हाथ में सात बन्धन सँ वान्हल उल्का ग्रहण करी-- ॐ **देवाश्चाग्निमुखाः सर्वे कृतस्नपनं गतायुषमेनं दहन्तु।** मनमे ध्यान करैत- **ॐ कृत्वा सुदुष्करं कर्म जानता वाप्यजानता। मृत्युकालवशं प्राप्तं नरं पञ्चत्वमागतम्। धर्माधर्मसमायुक्तं लोभमोहसमावृतम्। दहेयं सर्वगात्राणि दिव्यान् लोकाञ्च गच्छतु।** ई दूनु मन्त्र पढि तीन वेर शव कें प्रदक्षिणा करैत जरैत उल्का सँ मुँह में मुखाग्निदी, तकरा बाद खढ़ आ काठादि सँ चित्ता जरावी आओर अन्त में एक कबूतरक बरावरि अवशेष वचावी, तकरा बाद एक प्रादेशक बरावरि सात टा काठी लय जरैत चित्ता में पाछाँ मुँह - '**ॐ क्रव्यादय नमस्तुभ्यं**' ई मन्त्र पढि सात्तों काठी चित्तापर फेकि दी। तकरा बाद- '**ॐ अहरहर्न्नयमानो गामश्वं पुरुषं पशुम्। वैवश्वतो न तृप्यति सुराररिव दुर्मतिः।**' ई मन्त्र पढी यमगाथा गवैत(यमक गुणगान) वच्चा सव कें आगा बृद्ध लोकनि ओकर पाछाँ-पाछाँ पैर सँ पैर नहि सटय(ऐंरी-गोरी) एहि प्रकारें जलाश्यादि जाकय स्नान करथि - **ॐ अद्य अमुक गोत्र अमुकप्रेत एष तिलतोयाञ्जलिस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम।** एहिं मन्त्र कें पढि तिलांजलि देवाक चाही। स्त्री लोकनि लेल- **ॐ अद्य अमुकगोत्रे अमुकप्रेते** इ पढवा क चाही। भीजले वस्त्र धारण कयने कर्त्ता सहित सभ गोटे कर्त्ताक दुआरि पर जाय ॐ **लौहवद् दृढकायोस्त** ई मन्त्र सँ लौह स्पर्श करी तकरा बाद ॐ **अश्मेव स्थिरो भूयासम्** ई मन्त्र सँ पाथर स्पर्श तकर बाद ॐ **अग्निर्नः शर्म यच्छतु** अग्नि स्पर्श, तकर बाद जलक स्पर्श कय तीत नीमक पात(मिर्च) आदि खाय अपन व्यवहारक अनुसारें अपना घर जयवाक चाही

आंगनमे अन्तिम संस्कार-

आंगनमे तुलसी लगाइक गोवरसँ ठॉव कए गंगाजलसँ स्थान कें सींचि कुशक आसन पर मरण भेनिहार व्यक्तिकेँ उत्तर शिर कए सुताए वैतरणीदान कराओल जाइत अछि। गाय व गायके अभाव में ओकर मूल्य दान कएल जाइतअछि। दानक विधि स्थानीय पण्डितक अनुसार करी। **वाराहपुराणक एहन वचन सुनैत छी-** कण्ठस्थानगो जीवो भीतो विभ्रान्तमानसः। ज्ञात्वा तु विह्वलं तत्र शीघ्रं निस्सार्यते गृहात्। कुशास्तरणशायी स दिशः सर्वास्तु पश्यति।।

अशौचसंकरविचार(एक अशौच के मध्य मे द्वितीय अशौच विचार):-

ब्राह्मणों को सम्पूर्ण अशौच के बीच में ५ दिन तक,क्षत्रियों को ६दिन तक,वैश्यों को७दिन तक एवं शूद्रों को१५दिन तक यदि सजातीय(परिवार के सात पुस्त तक का किसी और का भी मृत्यु हो जाए) द्वितीयसम्पूर्णाशौच प्राप्त हो तो प्रथमाशौच की शुद्धि के साथ-साथ दोनो की शुद्धि तथा साथ-साथ श्राद्ध होता है। यदि सम्पूर्णाशौच के मध्य ब्राह्मण को ६ से ९ दिन तक, क्षत्रियों को ७से ११दिन तक,वैश्यों को८ से १४दिन तक तथा शूद्रों को१६से२९ दिन तक के बीच में सजातीय(परिवार)द्वितीय सम्पूर्णाशौच (दशदिनात्मक अशौच)प्राप्त हो तो द्वितीयाशौचान्त होने पर दोनों की शुद्धि तथा श्राद्ध साथ-साथ होता है। यदि क्षौरकर्म के दिन५६दण्ड रात्रि के अन्दर सजातीयशौचान्तर प्राप्त हो तो द्वितीय मृत्यु के तीसरे दिन दोनों का क्षौर तथा चौथे दिन श्राद्ध होता है।

यदि क्षौरकर्म के दिन५६दण्ड के वाद द्वितीय सम्पूर्णाशौच प्राप्त हो तो द्वितीय मृत्यु के चौथे दिन दोनों का क्षौर तथा पॉचवें दिन श्राद्ध होता है। आद्यश्राद्धसंकल्पानन्तर द्वितीय तादृशाशौच प्राप्त हो तो आद्य श्राद्ध हो जाता है परञ्च सपिण्डन,द्वितीय के आद्य श्राद्धदिन होता है। सपिण्डनदिन,संकल्प से पूर्व द्वितीय तादृशाशौच प्राप्त होने पर द्वितीय के आद्य श्राद्धदिन सपिण्डन होना चाहिए। सम्पूणाशौच के मध्य में त्रिरात्राशौच तथा मरणाशौच के मध्य जननाशौच की मान्यता नहीं होती। त्रिरात्रिशौच के मध्य द्वितीय त्रिरात्राशौच हो जाय तो द्वितीय त्रिरात्राशौचानुसार दोनों की शुद्धि होती है।

कन्यामरणाशौच-

सभी वर्णों को जन्म से दो वर्ष तक सद्यःशौच। उसके बाद विवाहवधि त्र्यहाशौच। विवाह के बाद पितृगृह अथवा स्वामी के घर में कन्या मृत्यु से माता-पिता को तीन अहोरात्र अशौच एवं स्वामी के घर में विहित स्वस्ववर्णानुसार अशौच एवं श्राद्ध।

संकल्पित व्रत अशौच में भी करना चाहिए-

व्रतयज्ञविवाहेषु श्राद्धे होमे तथार्चने।
आरब्धे सूतकं न स्यादनारब्धे तु सूतकम्।।

जैसाकि विष्णुपुराण का वचन है- न"**न व्रतिनां व्रत**"व्रतिनाम अर्थात् आरम्भित अनुष्ठान में,**न व्रत** अर्थात् अशौच प्रतिरोधक नहीं होता है। व्रत,यज्ञ,विवाह और हवन,अर्चन,जप,आरम्भ कर देने पर सूतक नहीं लगता और यदि आरम्भ नहीं किया गाया हो तो सूतक लगता है। यज्ञारम्भ किसे कहे- **आरम्भो वरणं यज्ञे संकल्पो व्रतजापयोः।**
नान्दीश्राद्धं विवाहादौ श्राद्धे पाकपरिक्रिया।।(हारीतेन)

अशौचव्यवस्था-

ब्राह्मण- ब्राह्मणों को जन्म से षाण्मासाभ्यन्तर शरीरान्त होने पर सद्यः शौच एवं मृत शरीर का भूमि में निक्षेपण(गाड़)देना चाहिए। सात महीने से लेकर दो वर्ष के अन्दर शरीरान्त होने पर एकाहोरात्र अशौच तथा मृत शरीर को भूमि में निक्षेपण(गाड़)करादे। तीसरे वर्ष से लेकर षड्वर्षपर्यन्त तीन अहोरात्र अशौच तथा अग्निसंस्कार,पिण्डोदक क्रिया एवं चौथे दिन ब्राह्मण भोजन। उसके बाद यज्ञोपवीत हुआ हो अथवा नहीं सवों को दशाहाशौच(दशदिन तक अशौच) एवं श्राद्ध करना शास्त्रीय विधान है। **क्षत्रिय**- क्षत्रियों को षाण्मासाभ्यन्तर ब्राह्मणवत्। सात मास से लेकर दो वर्ष तक दो रात्रि अशौच एवं भूमिनिक्षेपणमात्रं तीन वर्ष से लेकर षड्वर्षपर्यन्त षड् अहोरात्र(६दिन)अशौच, अग्निसंस्कार एवं पिण्डोदकक्रिया उसके बाद अग्निसंस्कार, द्वादशाहाशौच एवं श्राद्ध। **वैश्य**- वैश्यों को जन्म से षाण्मासपर्यन्त ब्राह्मणवत्। उसके बाद दो वर्षों तक भूमि निक्षेपण एवं तीन दिन अशौच, उसके बाद षड्वर्षपर्यन्त नौ दिन तक अशौच, अग्निसंस्कार एवं पिण्डोदक क्रिया। उसके बाद सम्पूर्ण पञ्चदशाहाशौच अग्निसंस्कार एवं श्राद्ध। **शूद्र**- शूद्रों को षाण्मासपर्यन्त ब्राह्मणवत्,उसके बाद दो वर्ष तक पाँच दिन अशौच एवं भूमिनिक्षेपण। उसके बाद षड्वर्षपर्यन्त अविवाहित मृत्यु से ५ दिन तथा विवाहित मृत्यु से द्वादशाहाशौच, अग्निसंस्कार एव पिण्डोदक क्रिया उसके बाद सम्पूर्ण तीस दिन अशौच,अग्निसंस्कार एवं श्राद्ध करना ।

रवियोग-मृ.चि.

सूर्यभाद्वेदगोतर्कदिग्वश्वनखसम्मिते।
चन्द्रर्क्षे रवियोगाः स्युर्दोषसंघविनाशकाः।।

सूर्य जिस नक्षत्र पर हो, उस नक्षत्र से वर्तमान चन्द्र नक्षत्र-४, ६, ९, १०, १३,२० रवि योग होता है। यह रवियोग दोष के समूह को नाश करता है।

द्विपुष्करयोग- २,७,१२ तिथि, शनि, मंगल, रवि वार, धनिष्ठा, चित्रा,मृगशिरा नक्षत्र तीनों का जब योग हो तो द्विपुष्कर नामक योग होता है, यह द्विपुष्कर योग मृत्यु,विनाश और वृद्धि में द्विगुण फल देता है।

त्रिपुष्कर योग-

२,७,१२ तिथि, शनि, मंगल,रवि वार विशाखा, उ.फा. ,पू.भा.,पुन.,कृ.,उ.षा.नक्षत्र तीनों का जब योग हो तो त्रिपुष्कर नामक योग होता है, यह त्रिपुष्कर योग मृत्यु,विनाश और वृद्धि में त्रिगुण फल देता है।

किसदिन क्या करें?

रविवार में कृत्य-राज्याभिषेक,उत्सव, यात्रा,नौकरी, गोक्रय - विक्रय,अग्नि सम्बन्धी कार्य,मंत्र, औषध-निर्माण, औषधभक्षण, शस्त्रसम्न्धी कार्य,सोना,तांबा,उन-काष्ठ सम्बन्धी कार्य,युद्ध और व्यापार सम्बन्धी सभी कार्य रविवार में करना चाहिए। **सोमवार में कृत्य**- जलोत्पन्न वस्तु,रस से उत्पन्न वस्तु,शंख,मुक्ता,चांदी, उख,गुड़,चीनी,आदि भोज्यपदार्थ, वृक्षरोपण,आभूषण, गीत-नृत्य,यज्ञ,दूध- दही- घृत सम्बन्धी, पशु सम्बन्धी, फूल तथा अक्षरारम्भ। **मंगलवार में कृत्य**- सेना-सम्बन्धी,विष-सम्बन्धी,शस्त्र-सम्बन्धी, घात,संग्राम, शठता,दम्भ- पाखण्ड, धातु, सोना तथा मूंगा आदि। **बुधवार में कृत्य**- टेनिंग,व्यापार,अध्ययन, कला,शिल्प,खेल, चित्रकारी, धातु सम्बन्धी,सोना,कॉसा, सन्धि, व्यायाम और विवाहादि कार्य। **गुरुवार में कृत्य**- धर्म- अनुष्ठानादि कार्य पौष्टिककर्म, विद्या,मांगल्य,सोना,गृह सम्बन्धी कर्म,वस्त्र, यात्रा, रथ आदि कार्य। **शुक्रवार में कृत्य**-स्त्री-सम्बन्धी,शय्या,मणि रत्न,सुगन्ध, वस्त्र,उत्सव,आभूषण, भूमि व्यापार,गोसम्बन्धी, कृषि कर्म, आदि कार्य **शनिवार में कृत्य**-लोहा,पत्थर,सीसा, रांगा-सम्बन्धी, अस्त्र -शस्त्र,नौकरी,पापकर्म चोरी, मिथ्या, विष सम्बन्धी,आसव,गृह प्रवेश,हाथी को बझाना,दीक्षा(मन्त्र ग्रहण) आदि स्थिर कर्म शनिवार में करना चाहिए।

आनन्दादियोगचक्रम्

योगनाम	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	फलम्
आनन्दः	अश्विनी	मृगशिरा	श्लेषा	हस्त	अनुराधा	उत्तराषा	शतभिषा	सिद्धिः
कालदण्डः	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभि.	पूर्वाभा.	मृत्युः
धूम्रः	कृत्तिका	पुनर्वसु	पूर्वाफा.	स्वाति	मूल	श्रवण	उत्तराभा.	दुःखम्
धाता	रोहिणी	पुष्य	उत्तराफा.	विशाखा	पूर्वाषा.	धनिष्ठा	रेवती	शुभः
सौम्यः	मृगशिरा	श्लेषा	हस्त	अनुराधा	उत्तराषा	शतभिषा	अश्विनी	सुखम्
ध्वांक्षः	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभि.	पूर्वाभा.	भरणी	हानिः
केतुः	पुनर्वसु	पूर्वाफा.	स्वाति	मूल	श्रवण	उत्तराभा.	कृत्तिका	दुःखम्
श्रीवत्सः	पुष्य	उत्तराफा.	विशाखा	पूर्वाषा.	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	सम्पत्तिः
वज्रः	श्लेषा	हस्त	अनुराधा	उत्तराषा	शतभिषा	अश्विनी	मृगशिरा	हानिः
मुद्गरः	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभि.	पूर्वाभा.	भरणी	आर्द्रा	नाशः
छत्रम्	पूर्वाफा.	स्वाति	मूल	श्रवण	उत्तराभा.	कृत्तिका	पुनर्वसु	सम्मान
मित्रम्	उत्तराफा.	विशाखा	पूर्वाषा.	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	पुष्टिः
मानसम्	हस्त	अनुराधा	उत्तराषा.	शतभिषा	अश्विनी	मृगशिरा	श्लेषा	सुखम्
पद्मः	चित्रा	ज्येष्ठा	अभि.	पूर्वाभा.	भरणी	आर्द्रा	मघा	लाभः
लुम्बः	स्वाति	मूल	श्रवण	उत्तराभा	कृत्तिका	पुनर्वसु	पूर्वाफा.	हानिः
उत्पातः	विशाखा	पूर्वाषा.	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उत्तराफा.	नाशः
मृत्युः	अनुराधा	उत्तराषा.	शतभिषा	अश्विनी	मृगशिरा	श्लेषा	हस्त	मृत्युः
काणः	ज्येष्ठा	अभि.	पूर्वाभा.	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	क्लेशः
सिद्धिः	मूल	श्रवण	उत्तराभा.	कृत्तिका	पुनर्वसु	पूर्वाफा.	स्वाति	सिद्धिः
शुभः	पूर्वाषा.	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उत्तराफा	विशाखा	शुभः
अमृतम्	उत्तराषा.	शतभिषा	अश्विनी	मृगशिरा	श्लेषा	हस्त	अनुराधा	सम्मानं
मुशलम्	अभि.	पूर्वाभा.	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	लाभः
गदः	श्रवण	उत्तराभा.	कृत्तिका	पुनर्वसु	पूर्वाफा.	स्वाति	मूल	हानिः
मातंगः	धनिष्ठा	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उत्तराफा	विशाखा	पूर्वाषा.	वृद्धिः
राक्षसः	शतभिषा	अश्विनी	मृगशिरा	श्लेषा	हस्त	अनुराधा	उत्तराषा.	कष्टम्
चरः	पूर्वाभा.	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभि.	सिद्धिः
सुस्थिरः	उत्तराभा.	कृत्तिका	पुनर्वसु	पूर्वाफा.	स्वाति	मूल	श्रवण	शुभः
प्रवर्द्धमानः	रेवती	रोहिणी	पुष्य	उत्तराफा	विशाखा	पूर्वाषा.	धनिष्ठा	सुखम्

मिथिला पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक

१. अपराजिता पंचांग
२. अन्नपूर्णा पंचांग(मिथिली पंचांग छोटा)
३. वैदेही कैलेण्डर (जनवरी से)
४.मिथिलादेशीय श्रीसत्यनारायणपूजापद्धति
५.मिथिलादेशीय दुर्गापूजनपद्धति
६.श्यामापूजापद्धति
७.नवरात्रपूजन पद्धति
८.लक्ष्मीपूजन-सरस्वतीपूजन पद्धति
९.छन्दोग-वाजसनेयि विवाह पद्धति
१०.छन्दोग-वाजसनेयि उपनयन पद्धति
११.छन्दोग-वाजसनेयि श्राद्धपद्धति
१२.छन्दोग-वाजसनेयि सदाचार पद्धति
१३.सन्ध्या तर्पण छन्दोग आ वाजसनेयि
१४.छन्दोग-वाजसनेयि एकोदिष्ट पद्धति
१५.श्राद्धपद्धति वाजसनेयि आ छन्दोग
१५. मधुश्रावणीकथा
१६. मिथिलाक वार्षिक पावनि तिहार
१७. गीतनाद, व्यवहार गीत, संस्कार गीत,
१८.विद्यापति गीत, विद्यापति भजन।
१६.गृहारम्भ-गृहप्रवेश पूजन पद्धति(यन्त्रस्थ)

अथ एतद् एकाविंशतित्तमे नूतनतिथिपत्रे मैथिलनिवन्ध-सम्मतसमयशुद्धिव्रत-पर्वविशिष्ट-योग- प्रभृति विषयान् संरक्ष्य समयशुद्धौ विहित-मुहूर्त्तानुसारं विवाहोपनयन-देवादिप्रतिष्ठा-द्विरागमनं-मुण्डनकर्णविध -यात्रागृहारम्भः- प्रवेशप्रभृति- दिनानि सन्निवेशितानि। तानि च कामेश्वरसिंहदरभंगा संस्कृतविश्वविद्यालय-अखिलभारतीयमैथिलमहासभ-ज्योतिषशोधकेन्द्रैः आयोजितः समायोजित वैशाखशुक्लपक्ष तृतीयातिथि रविवासरे(२७.०४.२०२५)दिवसीय पण्डित सभयानुमोदितानि। अपि च पञ्चाङ्गेऽस्मिन् वैशिष्ट्यमाधातुं स्वकीयाः सम्मतीः संस्कार- प्रकारांश्च सहर्षं प्रेषयन्तु सुधीवराः।

अन्ते चात्र कण्टकजन्यदोषाद् बुद्धिभ्रमदोषाद्वा या अशुद्धयस्ताः पूर्वापरसन्दर्भमवलम्ब्य स्वयमेव संशोध्य व्यवहरन्तु गुणैकपक्षपातिनो विद्वांस इति।

निवेदयतिः- पं.श्रीअजय मिश्रः
मो.8298824189

• यज्ञोपवीत धारण मन्त्र—

• वाजसनेयि-ॐ यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत्सहजं पुरस्तात्।
आयुष्यमग्र्यं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः।

• छन्दोग- ॐ यज्ञोपवीतमसि यज्ञस्य त्वोपवीतेनोपनह्यामि

• जीर्णयज्ञोपवीतत्याग मन्त्रः-ॐ एतावद्दिनपर्यन्तं ब्रह्म त्वं धारितं मया, जीर्णत्वात्त्वत्परित्यागो गच्छ सूत्र यथा सुखम्।

• दुर्वाक्षतमन्त्र— ॐ आब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायतामाराष्ट्रे राजन्यः शूर इषव्योऽतिव्याधी महारथो जायतां दोग्ध्री धेनुर्वोढा नड्वानाशुः सप्तिः पुरन्ध्रिर्योषा जिष्णूरथेष्ठाः सभेयोयुवास्य यजमानस्य वीरो जायताम्। निकामे निकामे नः पर्जन्यो वर्षतु फलवत्यो न ओषधयः पच्यन्तां योगक्षेमो नः कल्पताम्। मन्त्रार्थाः सिद्धयः सन्तु पूर्णाः सन्तु मनोरथाः। शत्रूणां बुद्धिनाशोऽस्तु मित्राणामुदयस्तव।।

१४३४ साल के एकादशी

कृष्ण पक्ष			शुक्लपक्ष		
६	अगस्त	रवि	२३	अगस्त	रवि
७	सितम्बर	सोम	२२	सितम्बर	मंगल
१७	सितम्बर	बुध	३	अक्टू	शुक्र
७	अक्टू	बुध	२२	अक्टू	गुरु
५	नवम्बर	गुरु	२०	नवम्बर	शुक्र
४	दिसम्बर	शुक्र	२०	दिसम्बर	रवि
३	जनवरी	रवि	१८	जनवरी	सोम
२	फरवरी	मंगल	१७	फरवरी	बुध
४	मार्च	गुरु	१८	मार्च	गुरु
२	अप्रैल	शुक्र	१७	अप्रैल	शनि
२	मई	रवि	१६	मई	रवि
१	जून	मंगल	१४	जून	सोम
३०	जून	बुध	१४	जुलाई	बुध

१४३४ साल के त्रयोदशी

कृष्ण पक्ष			शुक्लपक्ष		
१०	अगस्त	सोम	२५	अगस्त	मंगल
८	सितम्बर	मंगल	२४	सितम्बर	गुरु
१६	सितंबर	शुक्र	४	अक्टूबर	शनि
८	अक्टू	गुरु	२३	अक्टू	शुक्र
६	नवम्बर	शुक्र	२२	नवम्बर	रवि
४	दिसम्बर	रवि	२१	दिसम्बर	सोम
५	जनवरी	मंगल	२०	जनवरी	बुध
३	फरवरी	बुध	१८	फरवरी	गुरु
५	मार्च	शुक्र	२०	मार्च	शनि
४	अप्रैल	रवि	१८	अप्रैल	रवि
३	मई	सोम	१७	मई	सोम
२	जून	बुध	१६	जून	बुध
१	जुलाई	गुरु	१५	जुलाई	गुरु

१४३४ साल के चतुर्दशी

कृष्ण पक्ष			शुक्लपक्ष		
११	अगस्त	मंगल	२६	अगस्त	बुध
९	सितम्बर	बुध	२४	सितंबर	गुरु
२०	सितंबर	शनि	५	अक्टूबर	रवि
९	अक्टूबर	शुक्र	२४	अक्टू	शनि
७	नवम्बर	शनि	२३	नवम्बर	सोम
७	दिसम्बर	सोम	२२	दिसम्बर	मंगल
६	जनवरी	बुध	२१	जनवरी	गुरु
४	फरवरी	गुरु	१९	फरवरी	शुक्र
६	मार्च	शनि	२०	मार्च	शनि
५	अप्रैल	सोम	१९	अप्रैल	सोम
४	मई	मंगल	१८	मई	मगल
३	जून	गुरु	१७	जून	गुरु
२	जुलाई	शुक्र	१६	जुलाई	शुक्र

पूर्णिमा

२८	अगस्त	शुक्र
२६	सितम्बर	शनि
७	अक्टूबर	मंगल
२६	अक्टूबर	सोम
२४	नवम्बर	मंगल
२३	दिसम्बर	बुध
२२	जनवरी	शुक्र
२०	फरवरी	शनि
२२	मार्च	सोम
२०	अप्रैल	मंगल
२०	मई	गुरु
१८	जून	शुक्र
१८	जुलाई	रवि

संक्रान्ति

१७	अगस्त	सिंह
१७	सितम्बर	कन्या
१८	अक्टूबर	तुला
१७	नवंबर	वृश्चिक
१६	दिसम्बर	धनु
१५	जनवरी	मकर
१३	फरवरी	कुम्भ
१५	मार्च	मीन
१४	अप्रैल	मेष
१५	मई	वृष
१५	जून	मिथुन
१७	जुलाई	कर्क

१४३४ साल के पंचक (भदवा)

आरम्भ दिन, समय -				⇔ समाप्ति दिन, समय			
३०	जुलाई	गुरु	सं.६।१०	४	अगस्त	मंगल	रा.८।१३
२६	अगस्त	बुध	रा.१।३८	३१	अगस्त	सोम	रा.४।१३
२३	सितंबर	बुध	दि.८।५७	२८	सितम्बर	सोम	दिन १२।१०
२०	अक्टूबर	मंगल	दि.४।२०	२०	अक्टूबर	रवि	रा.८।०६
१६	नवम्बर	सोम	रा.११।३५	२१	नवम्बर	शनि	रा.३।५५
१३	दिसम्बर	रवि	रा.शे६।४०	१६	दिसम्बर	शनि	दि.११।३७
१०	जनवरी	रवि	दि.१।५४	१५	जनवरी	शुक्र	रा.७।२२
६	फरवरी	शनि	रा.८।०४	११	फरवरी	गुरु	रा.३।०५
५	मार्च	शुक्र	रा.४।०७	११	मार्च	गुरु	दि.१०।४६
२	अप्रैल	शुक्र	दि.११।३२	७	अप्रैल	बुध	सं.६।३०
१२	अप्रैल	रवि	दि.११।५३	१७	अप्रैल	शुक्र	दि.१२।००
२६	अप्रैल	गुरु	सं.६।४६	४	मई	मंगल	रा.२।१८
२६	मई	बुध	रा.२।०८	१	जून	मंगल	[illegible]
२३	जून	बुध	[illegible]	[illegible]			[illegible]

मुहूर्त

❖ मुण्डनः- नवम्बर- २६ दिसम्बर-१४ जनवरी-२०,२७ फरवरी-८,११,१८,१६,२२,२५। मार्च-१०,११ मई- १२,१७,२१ जून- ७,१४,२१, २३, २४ जुलाई-५, १२। ❖ उपनयन- फरवरी-छ.६, ११, छ.१६,१७ मार्च- क्ष.वै.१७,१८ अप्रैल-११., मई- १०, जून- ६, १३, १४। जुलाई- छ.६,८।

❖ विवाहः-नवम्बर-२२,२५,२६,३०,दिसम्बर-४,६,६,१०,११,१४ जनवरी-१८,२४,२८,२६,३१। फरवरी-७,१०, ११, १५,२१, २२, २४, २५,२८ मार्च- १,३,४,१०,११ अप्रैल-१६,२१,२३,२५,२८,२६। मई-२,३, ७, ६, १३, १७, २०, २१, २३, २४, २६, २७, ३० ,३१ जून- २,४,६,१०,१३,१४,१८,२३,२४। जुलाई-१,२,७,८,६।
सौराठ-ससौला वैवाहिकसभा १-०७ से ६-०७-२०२७ तक।

❖ द्विरागमनं:- नवम्बर- २२,२५,२६,२६, दिसम्बर- ६,१०,११,१३,१४ फरवरी- १५,१७,१८,१६,२२,२४,२५ मार्च- १०,११,अप्रैल- १८,१६,२१,२३,२५,२६ मई- ६,१०,१२।

❖ देवादिप्रतिष्ठाः- जनवरी- २०,२२ फरवरी- ८,११,१८,१६, मार्च- १०,११, अप्रैल- १८, मई- ६,१२,१७ जून- ६,७,१३,१४, जुलाई-५,६

❖ गृहारम्भः- अक्टूबर-२४,२६,३०, नवम्बर-२०,२१,२६,२८। जनवरी-२२ फरवरी- १६,२२,२५ अप्रैल- २३, मई-१७,२०,२२ जून-१४,२१,२३,२४।

❖ गृहप्रवेशः- अक्टूबर-२४, नवम्बर- १४,१६,२०,२१ दिसम्बर-१४, जनवरी-१८,२०,। फरवरी- १५,१७,१८,१६। मई- १०,१२,१७,। जून-१४, जुलाई- ६।१०

संवत् २०८३-२०८४ के प्रमुख व्रत,पर्व

३ अगस्त-	मधुश्रावणीव्रतारम्भ
३ अगस्त-	मौनापञ्चमी
१३ अगस्त-	दोलोत्सवारंभ
१५ अगस्त-	मधुश्रावणीव्रतसमाप्ति
१७ अगस्त-	नागपञ्चमी
२३ अगस्त	भाद्रीरविव्रतारम्भ
२८ अगस्त	रक्षाबन्धन,संस्कृतदिवस
१ सितम्बर	अगस्त्योदय
४ सितम्बर	कृष्णाष्टमीव्रतं
११ सितम्बर	कुशीअमावस्या,
१३ सितम्बर	भाद्रीरविव्रत समाप्ति
१४ सितम्बर	हरितालिका व्रत(तीज)
१४ सितम्बर	चौठचन्द्र पूजा
१५ सितम्बर	गणेशपूजा
१७ सितम्बर	विश्वकर्मापूजा
२३ सितम्बर	हरिवासरयोगः
२३ सितम्बर	इन्द्रपूजारम्भ
२५ सितम्बर	अनन्त पूजन
२६ सितम्बर	अगस्त्यार्घदानं
२७ सितम्बर	महालयारंभ,पितृपक्षारम्भ
३ अक्टूबर	जितिया व्रत
४ अक्टूबर	मातृनवमी
१० अक्टूबर	महालयासमाप्तिः,पितृपक्षान्त
११ अक्टूबर	शारदीयनवरात्रारंभ
१६ अक्टूबर	विल्वाभिमन्त्रण
१७ अक्टूबर	नवपत्रिकाप्रवेशः
१८ अक्टूबर	सिमरियाकल्पवासारम्भ
१८ अक्टूबर	महाष्टमी,
२० अक्टूबर	महानवमीव्रत
२१ अक्टूबर	विजयादशमी
२५ अक्टूबर	कौमुदी(कोजागरा)
२६ अक्टूबर	करवाचौथ व्रत
६ नवम्बर	धनतेरस
७ नवम्बर	हनुमानजयन्ती
८ नवम्बर	दीपावली,कालीपूजा
६ नवम्बर	कालिदासजयन्ती
६ नवम्बर	गोवर्धनपूजा
११ नवम्बर	भातृद्वितीया, चित्रगुप्तपूजा
१५ नवम्बर	छठपूजा,सांयकालिकार्घ्यदान
१६ नवम्बर	प्रातःकालिकार्घ्यदान,
१८ नवम्बर	अक्षयनवमी
२० नवम्बर	देवोत्थान एकादशी।
२१ नवम्बर	तुलसीविवाह
२२ नवम्बर	विद्यापतिस्मृतिदिवस
२२ नवम्बर	षा.रविव्रतारम्भ
२४ नवम्बर	सामाविसर्जन
१४ दिसम्बर	विवाहपञ्चमी
२० दिसम्बर	गीताजयन्ती
५ जनवरी	दशतारकारम्भ
१५ जनवरी	मकरसंक्रान्तिः
२६ जनवरी	गणतन्त्रदिवस
६ फरवरी	मौनीअमावस्या
७ फरवरी	शिशिरनवरात्रारंभ
११ फरवरी	सरस्वतीपूजा
२० फरवरी	माघीपूर्णिमा
६ मार्च	महाशिवरात्री
२१ मार्च	होलीकादाहः
२२ मार्च	होली
२३ मार्च	सप्ताडोराम्भः
७ अप्रैल	वसंतनवरात्रारम्भ
१२ अप्रैल	चैतीछठ
१४ अप्रैल	मेषसंक्रान्ति,सतुआईन
१५ अप्रैल	जुड़िशीतल
१५ अप्रैल	श्रीरामनवमी
६ मई	षा.रविव्रतविसर्जन
६ मई	सप्तडोराविसर्गः
६ मई	अक्षयतृतीया
१४ मई	मैथिलीदिवस
२० मई	वैशाखीपूर्णिमा
१ जून	अगस्त्यास्त
४ जून	वटसावित्रीव्रत,
१३ जून	गंगादशहरा
५ जुलाई	ग्रीष्मनवरात्रारंभ
५ जुलाई	जगन्नाथरथयात्रा
१४ जुलाई	हरिशयनीएकादशी
१८ जुलाई	गुरुपूर्णिमा